रांची एक्सप्रेस
61 साल से लगातार... । जनपक्षीय पत्रकारिता ।
देसी अंदाज नया मिजाज
1963 से लगातार आपकी सेवा में
# रांची एक्सप्रेस
epaper.theranchiexpress.com | वर्ष-02 | अंक-62 | कोलकाता, रविवार 28 अप्रैल 2024, संवत 2079 | पृष्ठ-12 | मूल्य 3 रु.

# मणिपुर में कुकी उग्रवादियों ने फिर खेला 'खूनी' खेल

**सीआरपीएफ बटालियन पर किया हमला,2 जवान शहीद**

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर से फिर हिंसा की खबरें सामने आ रही हैं। नारानसेना इलाके में शनिवार को आधी रात से लेकर 2.15 बजे तक कुकी उग्रवादियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) पर घात लगाकर लगातार हामले किए। इस हमले में दो जवानों की जान चली गई। मणिपुर पुलिस ने कहा कि ये जवान राज्य के बिष्णुपुर जिले के




नारानसेना इलाके में तैनात सीआरपीएफ की 128वीं बटालियन के हैं। इससे पहले मणिपुर के कांगपोकपी जिले में बीते बुधवार को एक शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) में विस्फोट होने से इंफाल-माओ राजमार्ग का पुल क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से रोक दी गयी। पुलिस ने कहा कि इंफाल-माओ राजमार्ग पर आवाजाही पूरी तरह से रोक दी गई और पुल के दोनों ओर लगभग 200 वाहन फंसे हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, विस्फोट से पुल में करीब तीन छेद हो गए। गौरतलब है कि तीन मई 2023 से अलग-अलग समय पर विभिन्न कुकी संगठनों द्वारा राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया है और मैतेई लोगों की आवाजाही रोक दी गई थी। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि धमाके के पीछे किसका हाथ है।

# वीवीपैट मामले में हम नहीं थे पक्षकार, मुहिम जारी रहेगी

- **सुप्रीम कोर्ट से सभी याचिकाएं खारिज होने पर बोली कांग्रेस**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस का कहना है कि वह चुनावी प्रक्रिया में जनता का भरोसा बढ़ाने के लिए वीवीपैट के अधिक इस्तेमाल पर राजनीतिक अभियान जारी रखेगी। उसने यह बात तब कही जब



सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम के जरिए डाले गए वोट का वीवीपैट के साथ शत-प्रतिशत मिलान कराने संबंधी याचिकाएं खारिज कर दीं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि वीवीपैट पर एससी की ओर से खारिज की गई याचिका में कांग्रेस प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पक्षकार नहीं थी। रमेश ने एक्स पर पोस्ट में कहा, हमने 2 जजों की पीठ के फैसले पर ध्यान दिया है। मगर, चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए वीवीपैट के अधिक से अधिक उपयोग पर हमारा राजनीतिक अभियान जारी रहेगा। जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को कांग्रेस के लिए करारा तमाचा बताए जाने पर भी निशाना साधा।

# प्रियंका बोलीं-पीएम मोदी अहंकारी, लोग उनसे डरते हैं

**मेरी दादी-पिता को लोग डांट देते थे, लेकिन वो नाराज नहीं होते थे**

**वलसाड़ (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने शनिवार को गुजरात के वलसाड में कांग्रेस कैंडिडेट अनंत पटेल के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान प्रियंका ने मोदी सरकार पर जमकर हमला



बोला। प्रियंका ने कहा- पीएम मोदी अहंकारी है। उनके आस-पास रहने वाले लोग पीएम से डरते हैं। मोदी को कोई कुछ नहीं बोल सकता। हम सत्ता में रहे हैं, इसलिए समझते हैं। हमारे परिवार से दो-दो प्रधानमंत्री रहे हैं। प्रियंका ने कहा- जब मैं छोटी थी तो इंदिरा दादी और पिता राजीव गांधी के साथ घूमने जाती थी। मैं देखती थी कि उनके संसदीय क्षेत्र के लोग उन्हें काम को लेकर डांट देते थे, लेकिन वो नाराज नहीं होते थे, क्योंकि उनमें अहंकार नहीं था। कांग्रेस नेता ने कहा- जिस नेता में अहंकार होता है, उसका पतन निश्चित है। मोदी जी बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन उनके पास गरीब जनता के लिए कुछ नहीं है। सरकार के पास जो है, वो अडाणी-अंबानी जैसे करोड़पतियों के लिए है। प्रियंका ने कहा- भाजपा लोगों को कमजोर करने और उनके अधिकारों से वंचित करने के लिए संविधान को बदलना चाहती है। इसी संविधान ने हमें सभी अधिकार दिया है। भाजपा लोकतंत्र को कमजोर करना चाहती है। कांग्रेस नेता ने कहा- भाजपा ने लोकतंत्र को बचाने वाले संस्थानों को कमजोर किया है। जब हमारी सरकार थी, तो मीडिया हर रोज हमसे सवाल करती थी। किसी ने उन्हें रोका नहीं। जेल में नहीं डाला।

# हेलीकॉप्टर में चढ़ते समय लड़खड़ाकर गिरीं बंगाल की सीएम

- **दुर्गापुर में हुई घटना, पिछले महीने घर में गिर जाने से माथे पर चोट लगी थी**

**दुर्गापुर (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को हेलीकॉप्टर में चढ़ने के दौरान लड़खड़ाकर गिर गईं। ये हादसा पश्चिम बर्धमान के दुर्गापुर में हुआ। ममता वहां चुनाव प्रचार करने गई थीं। घटना का वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि ममता अपनी कार से निकलकर हेलीकॉप्टर में चढ़ रही थीं। इसी दौरान हेलीकॉप्टर के गेट पर उनका पैर स्लिप हो गया और वो गिर गईं। ममता के सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें संभाला। हालांकि उन्हें हल्की चोट लगी है। घटना के बाद ममता ने अपनी चुनावी यात्रा जारी रखी। दुर्गापुर के बाद वो आसनसोल के लिए रवाना हुईं। इसके पहले ममता बनर्जी 14 मार्च को कोलकाता में अपने घर में



गिर गई थीं। वर्धमान लोकसभा सीट पर टीएमसी के प्रत्याशी कीर्ति आजाद और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष के बीच मुकाबला है। ममता 14 मार्च को कोलकाता स्थित अपने घर में गिरने से गंभीर रूप से चोटिल हो गई थीं। टीएमसी ने बताया कि उनके माथे पर गंभीर और गहरी चोट आई थी। इसके बाद भतीजे अभिषेक बनर्जी उन्हें अस्पताल ले गए, जहां उन्हें कुछ टांके लगे थे। सीएम मीडिया कोऑर्डिनेटर ने बताया था, मुख्यमंत्री अपने घर में चलते हुए फिसल गईं और शो पीस पर गिरने के चलते उन्हें चोट लग गई थी। ममता को इस साल जनवरी में भी सिर पर चोट लगी थी। वह 24 जनवरी को सड़क मार्ग से बर्धमान से कोलकाता लौट रही थीं। तेज बारिश हो रही थी। धुंध की वजह से अचानक कार के ब्रेक लगाने से ममता का सिर टकरा गया था, जिससे हल्की चोट आई थी। ममता बनर्जी को 27 जून को विदेश यात्रा के दौरान बाएं घुटने में चोट लग गई थी। इसी घुटने में उन्हें साल 2023 की शुरुआत में हेलीकॉप्टर से उतरते समय भी चोट लगी थी। उनके घुटनों की जांच अस्पताल में की गई। जांच में ममता के बाएं पैर के घुटने के लिगामेंट में चोट का पता चला था। साथ ही उनके बाएं कूल्हे के जोड़ में भी चोट के निशान थे। अस्पताल में उन्हें भर्ती होने की सलाह दी गई थी, लेकिन उन्होंने अपना इलाज घर पर ही करवाया था।

**बदल रहा है केरल**

# 'घर' पर ही घिरे सीएम विजयन लग सकता है तगड़ा झटका!

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को लोकसभा चुनावों के बीच बड़ा झटका लगने की आशंका है। सीनियर नेता ई. पी. जयराजन के भाजपा में

- **सीपीएम के बड़े नेता की बीजेपी में शामिल होने की अटकलें**

शामिल होने की अटकलों को लेकर राज्य में सत्तारूढ़ वाम दल परेशान दिखे। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने अपने सहयोगी जयराजन को आगाह किया कि वह अपने संबंधों को लेकर सतर्क रहें। विजयन ने सत्तारूढ़ वाम



लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के संयोजक जयराजन को आगाह किया और स्थानीय कहावत का इस्तेमाल करते हुए कहा, 'अगर भगवान शिव किसी पापी से जुड़ जाते हैं, तो शिव भी पापी बन जाएंगे।' सीएम का यह बयान बीजेपी लीडर शोभा सुरेंद्रन की ओर से जयराजन को अपनी पार्टी में शामिल करने संबंधी प्रयास का जिक्र किए जाने के बाद आया। 2 दिन पहले शोभा ने आरोप लगाया था कि एक मध्यस्थ ने शीर्ष माकपा नेता की मदद करने की कोशिश की थी, जो भाजपा में शामिल होना चाहते थे। गुरुवार को उन्होंने दावा किया कि वह नेता ईपी जयराजन थे। कन्नूर में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में कुछ लोग ऐसे हैं जो हर दिन यह सोचते हुए उठते हैं कि किसे धोखा देना है। भाजपा और जयराजन के बीच कथित मध्यस्थ की भूमिका टी जी नंदकुमार ने निभाई।

# केजरीवाल की सरकार पर 'हाई' हुआ हाईकोर्ट का पारा

- **एचसी ने कहा-केजरीवाल को सिर्फ सत्ता की है चाह, बच्चों से सीएम का मतलब नहीं**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) स्कूलों में 2 लाख से ज्यादा बच्चों को किताबें और यूनिफॉर्म मिलने में देरी को लेकर केजरीवाल सरकार को फटकार लगाई। कोर्ट ने शुक्रवार 26 अप्रैल को कहा कि अरविंद केजरीवाल ने शराब नीति केस में गिरफ्तारी के बावजूद इस्तीफा न देकर व्यक्तिगत हित को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखा है। एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की डिवीजन बेंच ने कहा कि केजरीवाल को सिर्फ सत्ता की चाहत है। दिक्कत यह है कि आप



सत्ता हथियाने की कोशिश कर रहे हैं। यही कारण है कि आपको सत्ता नहीं मिल रही है। दिल्ली हाईकोर्ट सोशल ज्यूरिस्ट नाम के संगठन की तरफ से दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इसमें बताया गया कि एमसीडी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को किताबें नहीं मिली हैं।

# लोकसभा के चुनाव में हमारा इस्तेमाल न करें भारतीय नेता

**पकिस्तान बोला-राजनीति के लिए हमें मुद्दा बनाना ठीक नहीं**

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान की विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता जहरा बलोच ने कहा है कि भारतीय नेताओं के बयानों से क्षेत्र की शांति खतरे में पड़ सकती हैं। पाकिस्तान ने भारतीय नेताओं से चुनावों में राजनीतिक लाभ लेने के लिए पाकिस्तान



का नाम नहीं घसीटने की मांग की है। 26 अप्रैल को प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पाकिस्तान की विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने कहा कि भारतीय नेता वोट के लिए अपने भाषणों और बयानों में पाकिस्तान को मुद्दा बनाना बंद करें। पाकिस्तानी प्रवक्ता ने जम्मू-कश्मीर पर भारत के नेताओं की ओर से किए जा रहे सभी दावों को भी खारिज किया है। उन्होंने कहा है कि भारतीय नेता जम्मू- कश्मीर पर अपने गलत दावे करना बंद कर दें। पाकिस्तान का बयान ऐसे समय पर आया है, जब कुछ दिन पहले ही पाकिस्तानी व्यापारियों ने भारत से व्यापार शुरू करने के लिए दोनों देशों के बीच रिश्ते सुधारने की मांग की थी। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता जहरा बलोच ने कहा,हम पिछले कुछ समय से भारतीय नेताओं की ओर से जम्मू कश्मीर पर दिए जा रहे भड़काऊ भाषणों में बढ़ोतरी देख रहे हैं। ये बेहद चिंताजनक है।

# महाराष्ट्र में मुश्किल में फंसी कांग्रेस, अपनों ने ही घेरा

- **पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष ने मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखी चिट्ठी**



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री मोहम्मद आरिफ नसीम खान ने पार्टी की कैंपेन कमेटी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को चिट्ठी लिखकर इसकी जानकारी दी। नसीम ने कहा- महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों पर महा विकास अघाड़ी ने एक भी मुस्लिम कैंडीडेट को टिकट नहीं दिया।

# बाहुबली धनंजय सिंह की प्रयागराज हाईकोर्ट से जमानत हो गई मंजूर

**जौनपुर (एजेंसी)।** जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह की इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मंजूर हो गई है। यह फैसला शनिवार को तब आया जब जौनपुर से पुलिस-प्रशासन उसे एंबुलेंस में लेकर बरेली जेल शिफ्ट करने



के लिए निकल चुका था। धनंजय रास्ते में ही थे, तभी उनकी जमानत की खबर आ गई। हालांकि, हाईकोर्ट ने धनंजय सिंह की 7 साल की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। ऐसे में वह खुद चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। जौनपुर एमपी-एमएलए कोर्ट ने धनंजय सिंह को 7 साल की सजा सुनाई थी। फैसले के खिलाफ धनंजय ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल करते हुए सजा पर रोक लगाने और जमानत की मांग की थी। हाईकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने यह फैसला सुनाया। 25 अप्रैल को कोर्ट ने इस

- **जौनपुर से बरेली जेल शिफ्ट कर रहे थे, रास्ते में ही मिल गई जमानत**

मामले में बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। बहस के दौरान पूर्व सांसद के वकील ने कोर्ट से कहा था कि धनंजय सिंह को राजनीतिक साजिश का शिकार बनाया गया है। धनंजय सिंह की पत्नी और बसपा प्रत्याशी श्रीकला रेड्डी ने जौनपुर में प्रेस कांफ्रेंस की।

# उत्तराखंड के जंगल में आग बुझाने में अब जुटा एम-17 हेलीकॉप्टर

- **नैनीताल में हाईकोर्ट कॉलोनी के करीब तक पहुंचीं लपटें, सीएम धामी ने बैठक बुलाई**

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड में नैनीताल के जंगलों में लगी आग बेकाबू हो गई है। 4 दिन से लगी आग की लपटें नैनीताल में हाईकोर्ट कॉलोनी से कुछ दूर तक पहुंच गई। इसके बाद वन विभाग के कर्मचारी, फायर ब्रिगेड, पुलिस के साथ-साथ सेना के जवान भी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। एयरफोर्स का एम-17 हेलीकॉप्टर से भी पानी की



बौछार की जा रही है। लेकिन, गर्मी की वजह से आग लगातार बढ़ती जा रही है। शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी हल्द्वानी पहुंच गए। उन्होंने अफसरों की एक इमरजेंसी बैठक बुलाई। इसमें आग बुझाने के तरीकों पर मंथन किया जाएगा। प्रशासन के मुताबिक, शुक्रवार को उत्तराखंड में 31 बड़ी आग लगने की घटनाएं हुई हैं। इनमें सबसे बड़ा मामला नैनीताल में भीमताल के नजदीक पहाड़ों का रहा। जंगल में जहां आग लगी है वहां से कुछ दूरी पर आर्मी का क्षेत्र भी है। इसलिए आर्मी भी आग बुझाने में जुटी है। हालांकि, आग अभी कॉलोनी से दूर है। ऐसे में कॉलोनी तक नहीं खाली कराई गई, लेकिन लोगों को अलर्ट कर दिया गया है। शनिवार को एम-17 हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील से पानी भरकर पैंसठ क्षेत्र में आग बुझाई।

# मुसलमान भी हैं माधवी लता के फैन, संकट में 'भाईजान'

- **हैदराबाद में कांटे की टक्कर,ओवैसी के लिए अबकी आसान नहीं है राह**

**हैदराबाद (एजेंसी)।** हैदराबाद की लड़ाई इस लोकसभा चुनाव में काफी रोचक हो चुकी है। बीजेपी ने इस सीट से माधवी लता को अपना कैंडीडेट बनाया है। तेलंगाना के सभी 17 लोकसभा




सीटों में सबसे हाईप्रोफाइल हैदराबाद में उनका मुकाबला एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी से है। यह सीट 1984 से ही ओवैसी परिवार के पास है। माधवी लता अपने बयानों से लोकर अपने सामाजिक कार्यों को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में उनकी जमकर तारीफ की थी। 49 साल की माधवी लता पेशे से कारोबारी होने के साथ-साथ समाजसेवी भी हैं और लंबे समय से मुस्लिम-बहुल पुराने शहर में सक्रिय हैं।

# चांद के 'रहस्यमय' हिस्से में इतिहास रचने जा रहा चीन

**चांद के अंधेरे हिस्से से नमूना लेकर आएगा चीन का मून मिशन**

**बीजिंग (एजेंसी)।** चांद के रहस्यों से परदा हटाने के लिए चीन अपना एक महत्वाकांक्षी मून मिशन लॉन्च



करने जा रहा है। इस मिशन का उद्देश्य चांद के रहस्यमय अंधेरे इलाके से नमूना लाना है। चीन अपने इस मिशन को मई की शुरुआत में लॉन्च करेगा, जिसके लिए लूनर प्रोब चांग ई-6 और इसे ले जाने वाले रॉकेट लॉन्ग मार्च-5 को दक्षिणी चीन के वेनचांग अंतरिक्ष प्रक्षेपण सेंटर पर ले जाया गया है। चीन की सरकारी मीडिया संस्थान ग्लोबल टाइम्स ने इस बारे में जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, चांग ई-6 और लॉन्ग मार्च-5 -8 को क्रमशः जनवरी और मार्च में प्रक्षेपण केंद्र पर लाए जाने के बाद सफलतापूर्वक एसेंबल कर दिया गया है। इसका परीक्षण और शुरुआती काम पूरा हो चुका है। चीन के द्वारा भेजा जाने वाला चांग ई-6 दुनिया का पहला मिशन होगा जो चंद्रमा के अंधेरे हिस्से से सामग्री इकट्ठा करेगा और उसे आगे के अध्ययन के लिए पृथ्वी पर लेकर वापस आएगा। ग्लोबल टाइम्स ने चीनी चंद्र मिशन के मुख्य डिजाइनर वू वीरेन के हवाले से बताया, चांग ई-6 चांद से लगभग 2000 ग्राम नमूना लेकर वापस आएगा। इसके पहले चांग ई-5 मिशन 1731 ग्राम नमूने लेकर पृथ्वी पर आया था। हालांकि, ये नमूने चांद के दूर स्थित अंधेरे तरफ के नहीं थे।

# 18 वर्षीय भाजपा कार्यकर्ता का शव फंदे से लटका मिला

**कोलकाता,एजेन्सी।** बक्का के गोरामहल में गुरुवार रात एक 18 वर्षीय युवक का शव उसके घर के पास एक पान की दुकान पर लटका हुआ मिला। दीनबंधु मिद्या की मां ने कहा कि उनका बेटा बीजेपी कार्यकर्ता था और उसकी हत्या के लिए टीएमसी जिम्मेदार है। जबकि पुलिस ने कहा कि जांच शुरू कर दी गई है, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्र संचालित अस्पताल में शव परीक्षण कराने की याचिका खारिज कर दी। दीनबंधु गुरुवार शाम को अपने घर से निकला था और जब घंटों बाद भी वह वापस नहीं लौटा तो उसके परिवार के सदस्यों ने उसकी तलाश शुरू की। रात 11 बजे उसका शव मिला। उनकी धोती का एक हिस्सा फाड़कर उन्हें लोहे की छड़ से लटका दिया गया था। उसके परिवार ने कहा कि युवक के पैर जमीन को छू रहे थे और उसके घुटनों पर खून लगा हुआ था।

शुक्रवार को न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने केंद्र संचालित अस्पताल में शव परीक्षण की याचिका खारिज कर दी और इसके बजाय सरकारी अस्पताल में वीडियोग्राफी के साथ शव का पोस्टमॉर्टम करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सेनगुप्ता ने पूछा, अगर मुझे याचिकाकर्ता की याचिका के आधार पर आदेश पारित करना है, तो मुझे यह मानना होगा कि राज्य का बुनियादी ढांचा ध्वस्त हो गया है। क्या यह वास्तविकता है। अदालत ने शव को दो दिनों तक सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया और कहा कि वह याचिकाकर्ता के आरोपों पर सोमवार को सुनवाई करेगी. दीनबंधु की मां हेनारानी मिद्या ने कहा- वह शाम 7 बजे घर से निकला था। रात 9 बजे उसने फोन करके कहा कि वह घर आएगा और खाना खाएगा। कुछ समय बाद, हम उससे फोन पर संपर्क नहीं कर सके।

# तृणमूल कांग्रेस ने सीबीआई संदेशखाली छापे के खिलाफ बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास शिकायत दर्ज कराई

**कोलकाता,एजेन्सी।** तृणमूल-कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के पास शिकायत दर्ज कराई है कि सीबीआई ने राज्य में दूसरे चरण के मतदान के दौरान संदेशखाली में एक खाली स्थान पर जानबूझकर बेईमानी से छापा मारा था। टीएमसी ने कहा कि जब शुक्रवार को दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव चल रहे थे, केंद्रीय एजेंसी ने संदेशखाली में एक खाली स्थान पर बेईमान छापेमारी की।

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में अब निलंबित टीएमसी नेता शाहजहां शेख के एक सहयोगी के दो परिसरों की तलाशी के दौरान सीबीआई ने शुक्रवार को एक पुलिस सर्विस रिवॉल्वर और विदेशी निर्मित आग्नेयास्त्रों सहित हथियार और गोला-बारूद जब्त किया। यह तलाशी जनवरी में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर भीड़ द्वारा किए गए हमले के सिलसिले में की गई



थी, जिसे कथित तौर पर शेख ने उकसाया था, जिसे मामले में 29 फरवरी को पश्चिम बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को सीईओ को लिखे पत्र में कहा कि मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि सीबीआई ने एनएसजी के बम दस्ते सहित अतिरिक्त बलों को बुलाया है। इसमें कहा गया है, मीडिया में यह भी बताया गया है कि केंद्रीय एजेंसी की छापेमारी के दौरान एक घर से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है।

पार्टी ने कहा कि कानून और व्यवस्था पूरी तरह से राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आती है, लेकिन सीबीआई ने इस तरह की छापेमारी करने से पहले उसे या पुलिस अधिकारियों को कोई नोटिस जारी नहीं किया। टीएमसी ने कहा कि पश्चिम बंगाल पुलिस के पास पूरी तरह कार्यात्मक बम निरोधक दस्ता है, अगर छापे के दौरान सीबीआई को वास्तव में इसकी आवश्यकता महसूस होती तो यह ऑपरेशन में सहायता कर सकता था।

टीएमसी ने कहा, हालांकि, ऐसी कोई सहायता नहीं मांगी गई थी। लेकिन, आश्चर्य की बात है कि छापेमारी देशव्यापी खबर बन गई थी, जिसमें कहा गया था कि छापेमारी के दौरान हथियार बरामद किए गए थे। पार्टी ने यह भी संदेह जताया कि यह निश्चित रूप से जानने का कोई तरीका नहीं है कि क्या ये हथियार वास्तव में तलाशी के दौरान बरामद किए गए थे या क्या उन्हें सीबीआई या एनएसजी द्वारा गुप्त रूप से रखा गया था।

टीएमसी ने आरोप लगाया कि यह पूरी कवायद चुनाव अवधि के दौरान टीएमसी और उसके उम्मीदवारों के खिलाफ देशव्यापी नफरत पैदा करने के लिए सीबीआई के प्रयास की बू आती है, जबकि यह गलत जानकारी दी गई कि वह स्थान पार्टी के एक समर्थक का है। पत्र में कहा गया है कि इस घटना ने फिर से इस तथ्य को प्रदर्शित किया है कि भाजपा ने पार्टी के खिलाफ बदनामी अभियान चलाने के लिए सीबीआई सहित केंद्रीय जांच एजेंसियों को हथियार बनाया है। पार्टी ने कहा, इससे यह भी दोहराया गया कि राज्य सरकार के किसी भी प्रतिनिधि की अनुपस्थिति में, हथियारों और गोला-बारूद की कथित बरामदगी संभवतः भाजपा द्वारा साइट पर हथियार लगाने के लिए सीबीआई और एनएसजी के साथ साजिश रचने की एक चाल है।

# स्कूल नौकरियों के मामले में फैसले के खिलाफ सीएम ममता का कलकत्ता हाईकोर्ट पर हमला जारी

**कोलकाता,एजेन्सी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्कूल नौकरियों के मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय के हाल के फैसले के खिलाफ न्यायपालिका के एक वर्ग पर हमला जारी रखा। उधर, अदालत ने गुरुवार को न्यायपालिका विरोधी टिप्पणियों के लिए तृणमूल प्रमुख के खिलाफ कार्रवाई की मांग वाली एक याचिका स्वीकार कर ली। सोमवार को अपने फैसले में, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 2016 में पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) द्वारा शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों पर की गई 25,753 नियुक्तियों को रद्द कर दिया था। मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की जा रही है।

शुक्रवार को पश्चिम मिदनापुर जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, आम लोगों को



अदालत से न्याय की उम्मीद है। ऐसे कई मामले हैं, जो वर्षों से लंबित हैं। लेकिन जब भी भाजपा कोई जनहित याचिका दायर करती है, तो फैसला हो जाता है, लेकिन तृणमूल के मामले में इसका उल्टा होता है। उन्होंने कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले के एक हिस्से की भी आलोचना की, जिसमें 2016 में अवैध रूप से भर्ती किए गए लोगों द्वारा लिए गए वेतन को ब्याज सहित वापस करने का आदेश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने पूछा, इतने सारे लोगों की नौकरियां रद्द करने के आदेश के बाद, लिया गया वेतन 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ वापस करने का आदेश दिया गया है। मैं किसी का नाम नहीं लेना चाहती, लेकिन मैं पूछना चाहती हूं कि अगर उनसे भी किसी को भी इसी तरह अपना वेतन लौटाने को कहा जाए, तो क्या वे ऐसा कर पाएंगे? क्या राज्य में अराजकता है कि एक साथ इतनी सारी नौकरियां रद्द की जा सकती हैं। गौरतलब है कि बुधवार को बोलपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा था, भाजपा अपने पैसे के बल पर उच्च न्यायालयों के मामलों को नियंत्रित करती है। मैं सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ कुछ नहीं कह रही हूं। हमें अभी भी वहां से न्याय की उम्मीद है। लेकिन उच्च न्यायालयों में भाजपा हमेशा अपनी मनमानी करती है, दूसरों को न्याय नहीं मिलता है। मंगलवार को एक अन्य चुनावी रैली में उन्होंने कहा, मैं किसी का नाम नहीं लेना चाहती। न्यायाधीश सरकारी खजाने से वेतन लेते हैं। उनकी सुरक्षा का खर्च सरकारी उठाती है, फिर भी वे दूसरों की सेवाएं समाप्त कर देते हैं। न्यायपालिका के खिलाफ उनके हमलों के बाद, सीपीआई-एम के राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील बिकास रंजन भट्टाचार्य ने कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर बनर्जी के खिलाफ उनकी न्यायपालिका विरोधी टिप्पणियों के लिए कार्रवाई की मांग की। इसे अदालत ने स्वीकार कर लिया।

# संदेशखाली में हथियारों का जखीरा, सुवेंदु अधिकारी ने की टीएमसी को आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग

**कोलकाता,एजेन्सी।** भारतीय जनता पार्टी के नेता सुवेंदु अधिकारी ने 27 अप्रैल को मांग की कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को आतंकवादी संगठन घोषित किया जाए। यह मांग केंद्रीय जांच ब्यूरो के उस बयान के एक दिन बाद आई है जिसमें उसने कहा था कि उसने संदेशखाली के आरोपी शाहजहां शेख के एक कथित सहयोगी के दो परिसरों पर छापेमारी के दौरान हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है।

संदेशखाली में पाए गए सभी हथियार विदेशी हैं। आरडीएक्स जैसे विस्फोटकों का इस्तेमाल भयानक राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में किया जाता है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता अधिकारी ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया, इन सभी हथियारों का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय आतंकवादियों द्वारा किया जाता है। उन्होंने कहा, मैं तृणमूल कांग्रेस को आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग करता हूं। हथियारों की खोज के निहितार्थों के बारे में और विस्तार से बताते हुए, अधिकारी ने टिप्पणी की, जिन लोगों ने खादिकुल, एगरा में घटना पर ट्रेलर देखा, उन्होंने आज संदेशखाली में आरडीएक्स और घातक हथियारों की बरामदगी के बीच फिल्म देखी। टीएमसी ने शुक्रवार की छापेमारी को लेकर भारत के चुनाव आयोग में सीबीआई के खिलाफ




शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में टीएमसी ने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर सीबीआई और नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) के साथ मिलकर साजिश रचने का आरोप लगाया है. बरामदगी में तीन विदेशी निर्मित रिवॉल्वर, एक विदेशी निर्मित पिस्तौल और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद शामिल है। ऑपरेशन के दौरान अब निलंबित टीएमसी नेता शाहजहां शेख से संबंधित कई दस्तावेज भी जब्त किए गए, जिन्हें एनएसजी (राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड), केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और पश्चिम बंगाल पुलिस का समर्थन प्राप्त था। एनएसजी (राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड) ऑपरेशन समाप्त होने के बाद संदेशखाली में सरबेरिया के दृश्य। जैसा कि एएनआई ने साझा किया है, एनएसजी टीम सीबीआई टीम के साथ गांव से चली गई। जनवरी में हुए हमले के बाद सीबीआई द्वारा तीन एफआईआर दर्ज करने के बाद शुक्रवार को कार्रवाई शुरू हुई। अधिकारी ने घटना के लिए सीधे तौर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया, उनकी गिरफ्तारी और उनकी पार्टी को आतंकवादी संगठन के रूप में ब्रांड करने की मांग की। हाल के ऑपरेशनों और उनके निष्कर्षों ने क्षेत्र में तनाव बढ़ा दिया है, जो पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ टीएमसी और विपक्षी दलों के बीच चल रहे संघर्ष को उजागर करता है।

# बर्धमान-दुर्गापुर सीट पर भाजपा के दिलीप घोष को राजनीतिक अस्तित्व की महत्वपूर्ण लड़ाई का सामना करना पड़ रहा



**कोलकाता,एजेन्सी।** बर्धमान-दुर्गापुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में, जो हर चुनाव में राजनीतिक निष्ठा बदलने के लिए जाना जाता है, भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष को इस पैटर्न को उलटने और अपने राजनीतिक भविष्य को सुरक्षित करने की एक महत्वपूर्ण चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

2009 में अपनी स्थापना के बाद से, बर्धमान-दुर्गापुर ने पिछले तीन चुनावों में सीपीआई (एम), टीएमसी और बीजेपी प्रतिनिधियों को एक-एक बार लोकसभा में भेजा है। 2019 में, भाजपा के एसएस अहलूवालिया ने लगभग 3,000 वोटों के मामूली अंतर से टीएमसी से सीट जीत ली, जिससे यह भगवा पार्टी के लिए एक चुनौतीपूर्ण युद्ध का मैदान बन गया।

तमाम बाधाओं के बीच, भाजपा इस क्षेत्र में अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए घोष पर अपना भरोसा जता रही है, जिन्हें व्यापक तौर पर उसके सबसे सफल प्रदेश अध्यक्षों में से एक माना जाता है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि घोष को उनके पिछले मेदिनीपुर निर्वाचन क्षेत्र से स्थानांतरित करने के साथ-साथ पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद से हटाए जाने ने बर्धमान-दुर्गापुर चुनाव को घोष के लिए प्रतिष्ठा और राजनीतिक अस्तित्व दोनों की महत्वपूर्ण परीक्षा में बदल दिया है।

केंद्र में राजनीतिक वैज्ञानिक मैदुल इस्लाम ने कहा, दिलीप घोष अब अपने राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। वह इस समय अपनी ही पार्टी में घिरे हुए हैं। एक जीत उनके राजनीतिक करियर को फिर से जीवंत कर देगी, जबकि एक हार इस पर संदेह पैदा कर सकती है। सामाजिक विज्ञान में अध्ययन के लिए। राज्य भाजपा अध्यक्ष के रूप में घोष के कार्यकाल के दौरान, पार्टी ने 2019 में 18 लोकसभा सीटें जीतीं। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद, भाजपा नेता अपनी संभावनाओं को लेकर आशावादी बने हुए हैं।

घोष ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैं पार्टी का एक वफादार सदस्य हूं और मुझे सौंपी गई किसी भी भूमिका को स्वीकार करता हूं। यह एक चुनौती है जिसे पार करने के लिए मैं तैयार हूं।

अपने पहले राजनीतिक करियर के ट्रैक रिकॉर्ड पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, मैं पार्टी में शामिल होने के नौ महीने के भीतर प्रदेश अध्यक्ष बन गया। मैं अपने पहले ही प्रयास में 10 बार के विधायक ज्ञान सिंह सोहनपाल को हराकर विधायक बन गया। मैं सांसद भी बन गया। मेरे पहले प्रयास में बर्धमान-दुर्गापुर मेरे लिए एक और नई चुनौती पेश करता है। इस चुनावी दौड़ में घोष के विरोधियों में टीएमसी उम्मीदवार और पूर्व भारतीय क्रिकेटर कीर्ति आज़ाद, साथ ही वाम-कांग्रेस गठबंधन की उम्मीदवार सुकृति घोषाल भी शामिल हैं। सीट दोबारा हासिल करने के लिए उत्सुक टीएमसी को भाजपा द्वारा आजाद को बाहरी करार दिए जाने की बाधा का सामना करना पड़ रहा है।

हालाँकि, आज़ाद ने इन चिंताओं को खारिज करते हुए कहा, मैं एक भारतीय हूँ, और कोई भी भारतीय देश के किसी भी हिस्से से चुनाव लड़ सकता है। यह चुनाव मुद्दों और नीतियों के बारे में है, न कि व्यक्तियों के बारे में। इसके विपरीत, भाजपा ने 2021 के विधानसभा चुनावों के दौरान टीएमसी द्वारा इस्तेमाल की गई अंदरूनी-बाहरी कथा को दोहराते हुए, आजाद की बाहरी स्थिति पर जोर देते हुए एक अभियान शुरू किया है। पश्चिम बंगाल में अंदरूनी-बाहरी बहस ने 2021 के राज्य चुनावों से पहले जोर पकड़ लिया, सत्तारूढ़ टीएमसी ने भाजपा के हिंदुत्व कथा का मुकाबला करने के लिए बंगाली उप-राष्ट्रवाद का लाभ उठाया। 2008 में संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्गठन के बाद बनाया गया निर्वाचन क्षेत्र, औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों का मिश्रण है, जो ग्रामीण और शहरी दोनों मतदाताओं को आकर्षित करता है। इसमें सात विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं- बर्दवान दक्षिण, बर्दवान उत्तर, मोंटेश्वर, भटार, गलसी, दुर्गापुर पूर्व और दुर्गापुर पश्चिम। 2021 के विधानसभा चुनावों में, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने दुर्गापुर पश्चिम को छोड़कर सभी क्षेत्रों में जीत हासिल की।

इस निर्वाचन क्षेत्र की विधानसभा सीटें कभी वाम दलों का गढ़ थीं। हालाँकि, 2011 में वाम मोर्चा सरकार की हार के बाद से बंगाल में बदलते राजनीतिक माहौल के साथ, टीएमसी लगातार इस क्षेत्र में अपनी पकड़ बना रही है। 2009 में, सीपीआई (एम) के सैदुल हक ने कांग्रेस समर्थित टीएमसी उम्मीदवार नरगिस बेगम के खिलाफ एक लाख से अधिक वोटों से लोकसभा सीट जीती। लेकिन 2014 में टीएमसी की ममताज संघमित्रा ने हक से यह सीट छीन ली। पांच साल बाद, चुनावों में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखी गई, जिसमें भाजपा के एसएस अहलूवालिया ने टीएमसी को 0.1 प्रतिशत वोटों के अंतर से हरा दिया, दोनों पार्टियों को क्रमशः 42.3 और 42.2 प्रतिशत वोट मिले। इस निर्वाचन क्षेत्र में मुस्लिम आबादी लगभग 20 प्रतिशत है जबकि अनुसूचित जाति समुदाय 27 प्रतिशत है। वाम-कांग्रेस गठबंधन के मैदान में उतरने के साथ, आगामी चुनाव त्रिकोणीय लड़ाई का वादा करता है, जो पिछले द्विध्रुवीय मुकाबलों से अलग है। इस्लाम ने कहा, इस क्षेत्र में वामपंथियों के नेतृत्व वाले ट्रेड यूनियनों और किसान आंदोलनों का एक समृद्ध इतिहास है। सीपीआई (एम) ने यहां अपना आधार बनाए रखा है, जो 2016 के विधानसभा चुनावों से स्पष्ट है जब वाम-कांग्रेस गठबंधन ने दो विधानसभा क्षेत्रों में जीत हासिल की थी।

2019 में, सीपीआई (एम) ने 1.5 लाख से अधिक वोट हासिल किए, जो कुल वोटों का 11.5 प्रतिशत है, जबकि कांग्रेस ने लगभग 38,000 वोट हासिल किए, जो 2.3 प्रतिशत वोटों का प्रतिनिधित्व करता है। घोषाल ने कहा, वाम-कांग्रेस गठबंधन के साथ, हम सीट जीतने को लेकर आशावादी हैं।

# संदेशखाली में हथियार बरामदगी के बाद दिलीप घोष ने कहा, यह राज्य आतंकवादियों, गुंडों के कब्जे में आ गया है

**कोलकाता,एजेन्सी।** सरबेरिया इलाके से सत्तारूढ़ टीएमसी नेता हफीजुल खान के रिश्तेदार अबू तालेब के घर से सीबीआई और विशिष्ट राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के बम दस्ते की संयुक्त टीम द्वारा हथियार और गोला-बारूद की बरामदगी के बाद संदेशखाली के भाजपा नेता दिलीप घोष ने शनिवार को कहा कि राज्य आतंकवादियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन गया है।

यह पता चला है कि हफीजुल, निष्कासित टीएमसी नेता शेख शाहजहाँ का सहयोगी है, जो संदेशखली में ईडी टीम पर हमले का कथित मास्टरमाइंड है, जब वह राशन घोटाले के सिलसिले में उसके घर पर छापा मार रही थी और ज्यादती का मुख्य आरोपी था। द्वीप में महिलाओं और भूमि हड़पने पर।

शनिवार को मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, पुरबा बर्धमान निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार घोष ने कहा कि अगर राज्य आतंकवादियों के मुक्त होने के बावजूद सत्ता पर काबिज होने की कोशिश करेगी तो लोग टीएमसी के खिलाफ उठ खड़े होंगे। गुंडे. क्या आप बंगाल की स्थिति की कल्पना कर सकते हैं, जहां सिर्फ चुनाव कराने के लिए सीआईएसएफ, सीआरपीएफ और बीएसएफ को लाना पड़ता है? सीआईएसएफ कर्मियों को विपक्षी नेताओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए भी लाया जा रहा है। यह क्या स्थिति हो गई है



राज्य में गुंडे खुलेआम घूम रहे हैं और पुलिस और अर्धसैनिक बल उन पर लगाम कसने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि यह राज्य आतंकवादियों और गुंडों के कब्जे में आ गया है। यह भ्रष्टाचारियों का भी अड्डा बन गया है, जिन्होंने सार्वजनिक धन लूटा है। इन सबके बाद भी, टीएमसी सत्ता पर कब्जा बनाए रखना चाहती है, हालांकि, लोग इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे और उनके खिलाफ खड़े होंगे। यह दावा करते हुए कि संदेशखाली में हथियारों और गोला-बारूद की बरामदगी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक बड़े खतरे की ओर इशारा करती है, पूर्व भाजपा राज्य प्रमुख ने कहा, जब शाहजहाँ सीपीआई (एम) के साथ था, तो वह पिस्तौल के साथ सड़कों पर घूमता था। टीएमसी के तहत वह एके-47 के साथ खुलेआम घूमता था। उसके और उसके गुर्गों के पास विदेशों से उन्नत हथियार भी थे। अगर संदेशखाली जैसे सीमावर्ती इलाके से हथियार बरामद किए जाते हैं, तो कोई भी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरे की कल्पना कर सकता है इस मामले में हस्तक्षेप करने के लिए। जिन लोगों ने ईडी और एनआईए पर हमला किया, वे आतंकवादी हैं और जेल में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शाहजहां रोहिंग्याओं (म्यांमार के रखाइन राज्य में रहने वाले अल्पसंख्यक मुस्लिम) को सीमा पार से लाएंगे और उन्हें देश के विभिन्न हिस्सों में बसाने में मदद करेंगे।

शाहजहाँ सीमा पार से रोहिंग्याओं को लाता था। वह उनके लिए यहां शिविर लगाता था और उन्हें भोजन उपलब्ध कराता था। हम यह बार-बार कहते रहे हैं। जिला परिषद (रोहिंग्याओं को देश में बसने में मदद करने के लिए) सभी खर्च वहन करती थी। (शाहजहाँ) एक पंचायत सदस्य था। वह उन्हें पूरे साल भोजन उपलब्ध कराता था और ट्रकों में भरकर बशीरहाट और देश के अन्य हिस्सों में भेजता था। यह पूरा ऑपरेशन एक अंतरराष्ट्रीय साजिश थी इसके पीछे, उन्होंने कहा। राज्य में लोकसभा के लिए दूसरे चरण के मतदान के बीच, सीबीआई ने एनएसजी बम दस्ते के साथ, ईडी अधिकारियों पर पहले हुए हमले के सिलसिले में शनिवार को संदेशखाली में दो परिसरों में तलाशी ली और भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। जिसमें विदेशी निर्मित डाक और रिवॉल्वर शामिल हैं। तलाशी संदेशखली और उत्तर 24 परगना जिले में की गई।

## शादी में कम पड़ गई मटन करी तो भड़क गए मेहमान, एक शख्स की मौत

**रामगढ़ , एजेंसी।** झारखंड के रामगढ़ से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक शादी रिसेप्शन पार्टी में मटन करी कम पड़ने से कुछ लोग इस कदर नाराज हो गए कि इसका खामियाजा एक शख्स को उसकी जान देकर चुकाना पड़ा। मामला गुरुवारा का है जहां एक रिसेप्शन पार्टी मे मटन करी कम पड़ गई थी। इस बात को लेकर कुछ लोग काफी ज्यादा नाराज हो गए। इन लोगों के गुस्से बचने के लिए कैटरिंग स्टाफ के एक सदस्य भागने की कोशिश में कुएं में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना हप्पू गांव की बताई जा रही है। रांची से करीब 65 किलोमीटर दूर रात डेढ़ बजे शादी की कुछ रस्में खत्म होने के बाद मेहमानों को खाना परोसा जाने लगा। इस दौरान मेहमान मटर करी काफी ज्यादा मांग रहे थे जिसके चलते वो कम पड़ गई। पुलिस के मुताबिक केटरिंग स्टाफ में से एक किशन कुमार ने तब मेहनामों को बताया कि मटन करी सीमित मात्रा में थे, इसलिए वो अब सर्व नहीं कर सकता। यह बात सुनकर कुछ लोग इतने नाराज हो गए कि स्टाफ की पिटाई कर दी। उनसे बचने के लिए जब उसने भागने की कोशिश की तो नो एक कुएं में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में किशन कुमार के परिवार वालों की शिकायत के आधार पर दुल्हा और दुल्हन के पिता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कुएं से किशन का शव बुधवार को बरामद किया गया।

# स्कूलों और मॉल के बाद अब देश के हवाईअड्डों पर बम की झूठी धमकी मिली

**कोलकाता,एजेन्सी।** कोलकाता हवाईअड्डे को एक ईमेल भेजे जाने के बाद भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण शुक्रवार को हरकत में आ गया। कोलकाता हवाई अड्डे के अधिकारियों को शुक्रवार को एक ईमेल प्राप्त हुआ जिसमें आरोप लगाया गया कि परिसर में कई स्थानों पर बम रखे गए हैं, जिसके बाद सुविधा की गहन तलाशी ली गई।

हालांकि, बाद में अधिकारियों ने पुष्टि की कि ईमेल, जिसमें दोपहर 12-55 बजे विस्फोट की धमकी दी गई थी, एक अफवाह थी। सूत्रों के मुताबिक, देश के चार बड़े हवाईअड्डों को धमकी दी गई है.

ऐसी किसी भी आपदा से बचने के लिए, आज दोपहर हिंदी में एक रहस्यमय फोन कॉल के बाद देश भर के सभी हवाई अड्डों पर अतिरिक्त सुरक्षा उपायों की व्यवस्था की गई। बताया गया है कि विमानन सुरक्षा विभाग ने भारत भर के सभी हवाई अड्डों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और यात्रियों की निगरानी करने और उड़ानों से पहले लोड किए गए पार्सल की जांच करने का आदेश दिया है। चेन्नई हवाई अड्डे पर अधिकारियों ने सामान्य तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ाकर पाँच-स्तरीय सुरक्षा प्रणाली कर दी और यात्रियों और सामान पार्सल की गहन जाँच की, जिससे हवाई अड्डे पर हंगामा मच गया।

गौरतलब है कि इन सुरक्षा जांचों में कुछ भी नहीं पाया गया है. हालांकि कहा जा रहा है कि ये सभी जांचें अगला आदेश मिलने तक जारी रहेंगी. यात्रियों की अतिरिक्त जांच के कारण, घरेलू उड़ान यात्रियों को उड़ान प्रस्थान समय से 1.5 घंटे पहले चेन्नई हवाई अड्डे पर पहुंचने की सलाह दी गई है, और अंतरराष्ट्रीय उड़ान यात्रियों को प्रस्थान से 3 घंटे पहले पहुंचने की सलाह दी गई है।

जयपुर हवाई अड्डा

पुलिस ने बताया कि गहन जांच के बाद पता चला कि धमकी झूठी थी। डीसीपी जयपुर (पूर्व) कावेंद्र सिंह सागर ने कहा कि जयपुर हवाईअड्डे को भेजे गए ईमेल में कहा गया है कि उसके प्रवेश द्वार पर बम रखा गया है।

हवाई अड्डे के अधिकारियों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। बम निरोधक दस्ते, डॉग स्क्वायड और तोड़फोड़ रोधी दस्ते द्वारा हवाई अड्डे की गहन जाँच की गई। उन्होंने बताया कि हालांकि जांच के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। सागर ने कहा, ईमेल भेजने वाले की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

## फायर ऑडिट के लिए नहीं होगा आवेदन का इंतजार

# नियमों में बदलाव की तैयारी कर रही बिहार फायर सर्विस

### गृह विभाग से मांगी जाएगी मंजूरी



**पटना, एजेंसी।** बिहार में फायर ऑडिट के नियमों में बदलाव होगा। अब तक लोग अपने बिल्डिंग, होटल या दूसरे प्रतिष्ठानों का फायर ऑडिट करवाने के लिए खुद से आवेदन बिहार फायर सर्विसेज को देते थे।

आवेदन मिलने के बाद फिर फायर सर्विसेज की टीम जाती है और ऑडिट करके रिपोर्ट तैयार करती है। साथ ही मानकों के आधार पर बदलाव करने का सुझाव अपने रिपोर्ट के तहत देती है। पर आने वाले दिनों में ऐसा नहीं होगा। क्योंकि, तंग गलियों या मेन रोड पर ही संकीर्ण बिल्डिंगों में चलने वाले होटल, रेस्टोरेंट, स्कूल, कॉलेज, कोचिंग और हॉस्टलों व दूसरे प्रतिष्ठानों की फायर ऑडिट खुद से फायर सर्विसेज की टीम जाकर करेगी।

इसके लिए बहुत जल्द ही नियमों में बदलाव किया जाएगा और इस संबंध में एक लेटर गृह विभाग को भेजकर उनसे मंजूरी मांगी जाएगी। इसकी पुष्टि बिहार होमगार्ड व फायर सर्विसेज की डीजी शोभा ओहटकर ने की है।

### एक महीने में सुधार नहीं होने पर बिल्डिंग हो जाएगी सील

गुरुवार को पटना के पाल होटल में हुए अग्निकांड ने सबको हिलाकर रख दिया है। इस कांड में 6 लोगों की मौत हो चुकी है। अगर फायर सर्विसेज की टीम समय पर अपना ऑपरेशन शुरू नहीं करती तो मरने वालों की संख्या इससे अधिक हो सकती थी। इस दर्दनाक हादसे ने बिहार के अंदर फायर ऑडिट के सरकारी नियमों में बदलाव के लिए बड़ा कदम उठाने की ठोस वजह दे दी है।

राजधानी में कई ऐसे कंजस्टेड बिल्डिंग है, जिसमें एक टाइम में सैंकड़ों की संख्या में लोग मौजूद होते हैं। जहां पाल होटल जैसा हादसा होने पर लोगों के सुरक्षित निकलने के लिए कोई दूसरा रास्ता नहीं है। वहां फायर फाइटिंग सिस्टम नहीं है। ऑडिट के लिए नियमों में बदलाव की मंजूरी मिलते ही फायर सर्विसेज की टीम खुद से ही पहचान कर ऑडिट के लिए पहुंच जाएगी।

फिर जिस बिल्डिंग में होटल, स्कूल, कोचिंग, कॉलेज या दूसरे प्रतिष्ठान चल रहे होंगे, उसके मालिक को नोटिस दिया जाएगा। उस नोटिस में बिल्डिंग के अंदर फायर फाइटिंग को लेकर जो भी कमियां हैं, उसके बारे में बताया जाएगा। साथ ही लोगों के जान-माल की सुरक्षा के लिए एक महीने का वक्त सुधार के लिए दिया जाएगा। तय समय में मानकों के तहत सुधारात्मक उपाए नहीं हुए तो फिर फायर सर्विसेज खुद से कड़े कदम उठाएगी और वैसे बिल्डिंग व प्रतिष्ठानों को सील कर देगी।

### सख्त कदम इसलिए भी है जरूरी

पटना जंक्शन के पास जिस पाल होटल में आग लगी और 6 लोगों की मौत हुई, उसका लास्ट फायर ऑडिट 2021 में हुआ था। करीब तीन सालों से उसके मालिक ने अपने होटल का फायर ऑडिट करवाया ही नहीं था। साथ ही ऑडिट के बाद बदलाव के लिए जो निर्देश दिए गए थे, उसका भी पालन उसने किया ही नहीं।

फायर सर्विसेज की डीजी के अनुसार सरकारी बिल्डिंगों का समय-समय पर खुद से हमारी टीम जाकर ऑडिट करती है। लेकिन, प्राइवेट बिल्डिंग और प्रतिष्ठानों के ऑडिट के लिए आवेदन का इंतजार करना पड़ता है। इसलिए ऑडिट के नियमों में बदलाव जरूरी है। होम डिपार्टमेंट से मंजूरी मिलने के बाद मुंबई के तर्ज पर एक एजेंसी को हायर किया जाएगा। जो फायर ऑडिट करेगी। फिर उसके रिपोर्ट को हमारी टीम क्रॉस चेक करने के बाद आगे की कार्रवाई करेगी।

### लगाना होगा वाटर हाइड्रेंट

पाल होटल जैसी घटना को रोकने के लिए जिस बिल्डिंग में फायर फाइटिंग के संसाधनों की कमी होगी, वहां हर हाल में वाटर हाइड्रेंट बनाने को कहा जाएगा। खासकर उन बिल्डिंगों में जो शहर के तंग गलियों में स्थित हैं। जहां फायर ब्रिगेड की गाड़ी को पहुंचने में परेशानी होगी।

ऐसे बिल्डिंगों में आग लगने पर वाटर हाइड्रेंट के जरिए कम समय में आग पर काबू पाया जा सकता है। इससे नुकसान भी बहुत कम होगा। इसके अलावा भी कई और ऐसे महत्वपूर्ण बिंदु हैं, जिस पर सुधार के लिए काम शुरू कर दिया गया है। इस संबंध में पटना में सभी फायर स्टेशन के हेड को मुख्यालय बुलाया गया था और उनके साथ शुक्रवार को एक मीटिंग भी की गई।



## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत:दोस्त की बहन की शादी में शामिल होने जा रहे थे

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय में तेज रफ्तार का कहर लगातार जारी है। बीते रात भी हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। घटना बेगूसराय-संजात पथ पर वीरपुर थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव के समीप की है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की छानबीन कर रही है। मृतक की पहचान वीरपुर थाना क्षेत्र के भवानंदपुर नवासी हाफिज मिराज अंसारी के पुत्र मोहम्मद बली अल्लाह (22) एवं मोहम्मद मकतुब के पुत्र मोहम्मद इरशाद उर्फ गोरे (25) के रूप में की गई है। मृतक दोनों पड़ोसी दोस्त थे, फिलहाल घटना के बाद परिजनों में कोहरा मचा हुआ है।

### शादी में जा रहे थे दोनों

कोलकाता में किराना दुकान चलाने वाला मोहम्मद इरशाद एवं गुजरात में चप्पल-जूता का काम करने वाला मोहम्मद बली ईद में अपने घर आया हुआ था। इरशाद के एक दोस्त के बहन की रात वीरपुर में शादी थी। जिसमें शामिल होने के लिए वह अपनी एफ-जेड बाइक से बली के साथ जा रहा था। इसी दौरान पकड़ी के समीप किसी अज्ञात वाहन ने सामने से धक्का मार दिया। जिसमें बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और दोनों सड़क पर गिर गए, जिससे मौत ह गई। थोड़ी देर बद भवानंदपुर का ही एक युवक जब वीरपुर की ओर से अपने गांव जा रहा था तो दोनों को सड़क पर मारा देखकर परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे तथा घटना की सूचना स्थानीय थाना और डायल 112 को दिया। डायल-112 मौके पर पहुंची और दोनों शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, एक घर राख

**कहलगांव, एजेंसी।** कहलगांव शहर के वार्ड नंबर 17 में शुक्रवार अपराह्न करीब तीन बजे शॉर्ट सर्किट से आग लगने से उषा देवी पति बिहारी रजक घर जलकर राख हो गया। बिहार सरकार और एनटीपीसी के अग्निशमन दस्ते ने आग बुझाया। घटना के वक्त घर में उषा देवी की 18 वर्षीय बेटी ही मौजूद थी। बताया जाता है कि शॉर्ट सर्किट से फूस और करकट का मकान और करीब दो लाख का सामान राख हो गया। उषा देवी ने कहा कि बेटी की शादी तय हो गयी है। इसकी तैयारी के लिए जेवरात, कपड़े सहित अन्य सामान जल गये।

## संक्षिप्त समाचार

### आरजेडी केंडिडेट मुन्ना शुक्ला मुश्किल में ; अग्रिम जमानत की अर्जी कोर्ट से खारिज



**पटना, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 में ताल ठोक रहे मुन्ना शुक्ला की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सदर थाना के बीबीगंज इलाके में जमीन पर जबरन कब्जा करने को लेकर दर्ज केस में पूर्व विधायक सह वैशाली लोकसभा सीट से लालू यादव की पार्टी राजद कैंडिडेट विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज हो गई है। एडीजे-5 के कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने अर्जी को खारिज करने का आदेश जारी किया। पूर्व विधायक की ओर से तीन अप्रैल को जिला जज के कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की गई थी। जिला जज के कोर्ट में सुनवाई के बाद केस को एडीजे-5 के कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया था। इस मामले को लेकर सदर थाना क्षेत्र के गोविंदपुरी बीबीगंज निवासी अमिताभ कुमार गुप्ता ने सीजेएम कोर्ट में पिछले साल छह जुलाई को परिवाद दायर कराया था। कोर्ट परिवाद के आधार पर आठ अगस्त 2023 को सदर थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। इसमें मुन्ना शुक्ला के साथ उनकी पत्नी लालगंज की पूर्व विधायक अन्नू शुक्ला, बरुराज थाना के हरनाही वर्तमान में दामुचक निवासी ठाकुर राजकिशोर शर्मा, मुशहरी के तत्कालीन सीओ नागेंद्र कुमार, तत्कालीन अंचल अमीन बालेश्वर राम को आरोपित बनाया गया था। कानून के जानकारों का कहना है कि अब मुन्ना शुक्ला के पास हाईकोर्ट जाने का विकल्प है। वे जमानत के लिए हाईकोर्ट से गुहार लगा सकते हैं। इस बीच पुलिस चाहे तो कोर्ट से वारंट लेकर आगे की कार्रवाई कर सकती है। लालगंज से विधायक रह चुके मुन्ना शुक्ला वैशाली लोकसभा सीट पर किस्मत आजमा रहे हैं। वैशाली में वह 2009 में भी चुनाव लड़े थे। लेकिन तब आरजेडी के दिग्गज रघुवंश प्रसाद सिंह से हार गए थे। 2014 में उनकी पत्नी अन्नु शुक्ला ने निर्दलीय वैशाली में दांव खेला लेकिन हार गईं। लोजपा के रामाकिशोर सिंह ने जीत दर्ज की थी। इस बार मुन्ना शुक्ला की टक्कर लोजपा आर की नेता और एनडीए की उम्मीदवार वीणा देवी से सीधी टक्कर है।

### डाक निर्यात केंद्र से 220 देशों में बेच सकेंगे सामान



**सीतामढ़ी, एजेंसी।** सीतामढ़ी के डाक निर्यात केंद्र से जिला के उद्यमी अपने उत्पाद को दुनिया के 220 देशों में भेज सकते है। इस आधुनिक युग में डाकघर सिर्फ पत्र और पैसे को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने का केंद्र नहीं रह गया है, बल्कि अब इसके माध्यम से विदेशों में भी सामान को भेजने या निर्यात करने की पहल शुरू हो चुकी है। इसके लिए जिला के प्रधान डाकघर में डाक निर्यात केंद्र खोला गया है। बुधवार को बोखरा निवासी रेजाउल्लाह ने अपने फूड सप्लीमेंट को डाक निर्यात केंद्र के माध्यम से यूरोप भेजा। मौके पर मौजूद डाक अधीक्षक मुकेश कुमार लस्कर ने उन्हें आयात निर्यात प्रमाणपत्र व डायरी देकर सम्मानित भी किया। डाक अधीक्षक ने बताया कि केंद्र के माध्यम से घर बैठे कोई भी उद्यमी अपने उत्पाद को प्राइवेट कूरियर कंपनियों के मुकाबले आधे कीमत पर 220 देशों में भेज सकते है। इसके लिए उन्हें डाकघर से आयात निर्यात प्रमाणपत्र लेना होगा। इसको लेने के लिए उन्हें आधार कार्ड, पैन कार्ड, जी एस टी नंबर के साथ रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके बाद उद्यमी डाक विभाग के पोर्टल पर रजिस्टर्ड हो जाएंगे। पोर्टल पर जाकर फिर रिटेल या बल्क बुकिंग कर सकते है। इसी पोर्टल से वह सीएन फॉर्म, ऐड्रेस स्लिप, इनवॉइस को प्रिंट और अपलोड कर सकते है। उन्होंने आगे बताया कि ग्राहकों की ओर से किए गए प्रश्नों का जवाब भी सीधे निर्यातक घर बैठे ही पोर्टल के माध्यम से दे सकते है। अब सारी प्रक्रिया ऑनलाइन है। कस्टम क्लीयरैंस डिजिटल और पारदर्शी हो गया है। इस सेवा के तहत प्री प्रिंटेड बारकोड की जरूरत भी नहीं पड़ती है। पोर्टल के माध्यम से निर्यातक घर बैठे ही अपने आर्टिकल को ट्रैक भी कर सकता है।

## मल्लाह सिर्फ मछली नहीं मारता, एमएलए भी बना सकता है, बिहार में निषादों से भेदभाव क्यों?– मुकेश सहनी

**पटना, एजेंसी।** वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी इन दिनों बिहार में इंडिया गठबंधन के पक्ष में प्रचार-प्रसार करते नजर आ रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने झंझारपुर में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात के दौरान कहा कि हमारा संघर्ष लगातार जारी है।



हमारे चार विधायक भी बने और हमने साबित किया कि मल्लाह सिर्फ मछली ही नहीं मारता बल्कि विधायक भी बना सकता है। सहनी ने कह कि हम वर्षो से लड़ाई लड़ते आ रहे हैं।

चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सहनी ने कहा कि पहले 'सहनी समाज कल्याण संस्था' फिर 'निषाद विकास संघ' के माध्यम से हम नेताओं से अपना अधिकार मांगते थे। फिर हमें एहसास हुआ कि हमें भी पार्टी बनानी चाहिए। हमने 2018 में पार्टी बनाई, हमरा एक ही लक्ष्य था; अपने समुदाय को आरक्षण दिलाना। आज देश के कई हिस्सों में संविधान के तहत निषादों को आरक्षण मिल रहा है फिर बिहार में क्यों नहीं मिल रहा है? हमारे साथ ये भेदभाव क्यों? आपको बता दें मुकेश सहनी की वीआईपी बिहार में महागठबंधन की सहयोगी है। और सीट बंटवारे में तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है। आरजेडी ने अपने कोटे की तीन लोकसभा सीटें गोपालगंज, झंझारपुर और मोतिहारी दी हैं। बीते कुछ दिनों से मुकेश सहनी पूर्व डिप्टी सीएम और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के साथ चुनाव प्रचार भी कर रहे हैं।

कुछ दिनों पहले उनका तेजस्वी के साथ हेलीकॉप्टर में मछली खाने वाला वीडियो भी खूब वायरल हुआ था। जिसकी चर्चा सियासी गलियारों में भी हुई थी। मछली के बाद संतरे खाने का भी वीडियो सहनी और तेजस्वी ने जारी किया था। फिलहाल मुकेश सहनी इन दिनों चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। और अपने प्रत्याशियों के लिए कैंपेनिंग कर रहे हैं।

# दो पक्षों के बीच मारपीट, वार्ड पार्षद समेत 9 जख्मी

### औरतों के बीच किश्ती को लेकर हुआ था विवाद, सदर अस्पताल में सभी का चल रहा इलाज

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** टाउन थाना क्षेत्र के अबरपुर मोहल्ले में शुक्रवार को दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और पत्थरबाजी हुई। जिसमें दोनों पक्षों से वार्ड पार्षद समेत 9 लोग जख्मी हो गए। उनका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया गया। जख्मियों में एक पक्ष के टाउन थाना क्षेत्र के अबरपुल वार्ड नंबर-26 निवासी मो. शमीम का पुत्र सह वार्ड नंबर-26 के वार्ड पार्षद मो. फैज अहमद उर्फ राजन, उनके दो भाई मो. तसलीम, मो.अफजल, बहन नजराना खातून, चचेरा भाई मो. अख्तर और चचेरी बहन मलका परवीन शामिल है।

### गुरुवार को भी विवाद हुआ था

दूसरे पक्ष से उसी मोहल्ले के निवासी स्व. मो.इस्लाम के दो पुत्र मो. फैयाज, मो.आदिल और पुत्री तरन्नुम परवीन शामिल हैं। वार्ड पार्षद के भाई मो.अफजल ने बताया कि औरतों के बीच घर-घर पैसे का किश्ती चलाया जाता। उसी को लेकर दूसरे पक्ष के लोग और तीसरे पक्ष के बीच गुरुवार को विवाद हुआ था। जिसको लेकर उनके बीच गुरुवार को भी झगड़ा हुआ था। हालांकि बात खत्म हो गई थी। उसी विवाद को लेकर दोनों पक्ष भी झगड़ रहे थे।

### एक–दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप

तभी मेरे भाई सह वार्ड पार्षद मो.फैज अहमद उर्फ राजन ने जब बीच-बचाव किया तो दूसरे पक्ष के लोगों ने उनकी जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद उन लोगों ने मुझे और मेरे भाई-बहनों को भी मारकर जख्मी कर दिया गया। जबकि दूसरे पक्ष के मो.फैयाज ने बताया कि औरतों का एक किश्ती चलता है।



जिसका पैसा मोहल्ले की एक औरत ने लिया था। जब मेरी मां उससे पैसे की मांग करने गई तो दूसरी औरत का बेटा (अफजल) ने मेरी मां को गाली दी। इसके बाद अफजल की मां अपने छोटे बेटे को लेकर घर पर आई और हम दोनों मां-बेटे की पिटाई कर दी। तभी वार्ड पार्षद आए और उन्होंने दोनों पार्टी को समझने के बजाय उक्त पक्ष के लोगों के साथ मिलकर हमलोगों की पिटाई कर दी। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## मुठभेड़ के आरोपी के खिलाफ 10 साल में गवाह पेश नहीं कर पाई पुलिस, कोर्ट ने किया बरी

**पटना, एजेंसी।** पुलिस टीम पर गोली चलाने के आरोपित के खिलाफ पिछले दस वर्षों में पुलिस और अभियोजन एक भी गवाह कोर्ट में पेश नहीं कर सका। पटना सिविल कोर्ट अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार-2 ने गुरुवार को साक्ष्य के अभाव में आरोपित संजय राय उर्फ लक्ष्मण राय उर्फ राजू को हत्या का प्रयास और आर्म्स एक्ट के आरोप से बरी कर दिया। फैसले में कहा गया कि इस कांड के अभियोजन गवाहों को कोर्ट में उपस्थित होकर साक्ष्य देने के लिए समन व वारंट भेजा गया। एसएसपी को भी पत्र लिखा गया। इसके बाद भी पुलिस ने इस कांड में पिछले दस वर्ष में एक भी गवाह पेश नहीं कर सकी। साल 20 अगस्त 2009 की शाम को फुलवारीशरीफ पुलिस को सूचना मिली की कुछ अपराधी आरके नगर मोहल्ले में आपराधिक वारदात को अंजाम देने के लिए इकह्वा हुए हैं। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और अपराधियों की धर-पकड़ के लिए घेराबंदी करने लगी। तभी अपराधी पुलिस टीम पर गोली चलाने लगे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी संजय राय के पैर में गोली लगी और वह जख्मी हो गया। तत्कालीन फुलवारीशरीफ थानेदार ने दर्ज कराया था केस फुलवारीशरीफ थाने के तत्कालीन थानेदार बलराम प्रसाद ने स्वयं घटना के संबंध में केस दर्ज कराया था। घटनास्थल से जिंदा और खाली कारतूस, दो मोबाइल, मोटरसाइकिल और पुलिस की गोली से जख्मी संजय राय के पास कट्टा बरामद किया था।

## रेलवे की तर्ज पर हो सकता है मल्टीलेवल पार्किंग का शुल्क

**भागलपुर, एजेंसी।** कचहरी के पास बनाई गई मल्टीलेवल पार्किंग का शुल्क रेलवे की पार्किंग शुल्क की तरह हो सकता है। स्मार्ट सिटी प्रबंधन ने इस संबंध में मल्टीलेवल पार्किंग बनवा रही कंपनी को सुझाव दिया है। साथ ही बैठक कर जल्द से जल्द पार्किंग की शुरुआत करने का अल्टीमेटम दिया गया है। इसके अनुसार तीन घंटे के लिए दोपहिया वाहन का पार्किंग शुल्क 12 रुपये और चार पहिया वाहन के लिए 30 रुपये हो सकता है। दरअसल, कचहरी चौराहे के आसपास रोजाना काफी संख्या में लोग गाड़ियां लेकर पहुंचते हैं, लेकिन गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से लोग सड़क किनारे ही गाड़ियों को खड़ी करते हैं। इसी वजह से नगर निगम प्रशासन ने स्मार्ट सिटी योजना के तहत शहर में मल्टीलेवल पार्किंग की योजना बनाई। इसी के तहत कचहरी चौराहे के पास मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण किया गया है। इस पार्किंग में 44 चार पहिया वाहन और 40 दोपहिया वाहनों को खड़ा किया जा सकता है। इस मल्टीलेवल पार्किंग को बनाने की जिम्मेदारी संभाल रही गुजरात की कंपनी जैनम इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड इसका कई बार सफल ट्रायल कर चुकी है, लेकिन अब तक इसकी पार्किंग का शुल्क निर्धारित नहीं किया जा सका है। इसकी वजह से शहर के लोगों को अब तक इसका फायदा नहीं मिल पा रहा है।

## उपलब्धि ! कॉलेज ऑफ कॉमर्स को नैक से दूसरी बार मिला 'ए' ग्रेड



**पटना, एजेंसी।** कॉलेज ऑफ कॉमर्स आर्ट्स एवं साइंस ने अपनी प्रतिष्ठा बरकरार रखी है। नैक के बदले हुए मूल्यांकन स्वरूप में भी 'ए' ग्रेड (3.09 सीजीपीए) प्राप्त किया है। नैक की ओर से तीसरे चक्र के मूल्यांकन के बाद दूसरी बार 'ए' ग्रेड प्राप्त कर इतिहास रच दिया। प्रधानाचार्य प्रो. इन्द्रजीत राय ने कहा कि नैक पीयर टीम की ओर से कॉलेज की बेहतरी के लिए जो भी अनुशंसाएं की गयी हैं उसका पालन कर वह कॉलेज को नई उंचाई पर पहुंचाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने इस कामयाबी के लिए पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. आरके सिंह के मार्गदर्शन व कुलसचिव प्रो. शालिनी के भरपूर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। प्रो. राय ने इस सफलता को नैक समन्वयक डॉ. संतोष कुमार और नैक के सातों वर्गो से जुड़े सदस्यों के साथ सभी विभागों के शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों के अथक प्रयासों, अभिभावकों, पूर्ववर्ती छात्रों के सहयोग और कॉलेज के छात्रों की मेहनत का नतीजा बताया है। नैक से 'ए' ग्रेड मिलने पर उच्च शिक्षा की निदेशक प्रो. रेखा कुमारी, रुसा के उपाध्यक्ष प्रो. कामेश्वर झा और शिक्षा विभाग सलाहकार व नैक प्रभारी प्रो. एनके अग्रवाल ने कॉलेज के प्राचार्य विशेष उपलब्धि के लिए बधाई दी है। कॉलेज को चार में 3.09 सीजीपीए प्राप्त हुआ नैक की ओर से सात बिंदुओं पर कॉलेज का मूल्यांकन किया जाता है। सात बिंदुओं में 4 में से 3.09 सीजीपीए प्राप्त हुआ है। कॉलेज को कुछ और अंक मिलता तो ए प्लस तक पहुंच जाता। पर कुछ कमियों की वजह से एक ग्रेड तक सीमित तक रह गया। कॉलेज को पाठ्यचर्या संबंधी पहलू (कैरिकुलर आस्पेक्ट्स) में 3.3, शिक्षण-अधिगम एवं मूल्यांकन में 3.34, अनुसंधान, परामर्श और विस्तार में 2.95, बुनियादी ढांचा और सीखने के संसाधन में 3, छात्र समर्थन और प्रगति (स्टूडेंट सपोर्ट एंड प्रोग्रेशन) में 2.39, शासन, नेतृत्व और प्रबंधन (गवर्नेंस लीडरशिप एंड मैनेजमेंट) में 2.8 और नवाचार और सर्वोत्तम प्रथाएं (इंस्टीट्यूशनल वेल्यूस एंड बेस्ट प्रेक्टिसेस) में 3.5 औसत ग्रेड प्वॉइंट प्राप्त हुए हैं।

### टीम ने 19 से 20 अप्रैल को कॉलेज का दौरा किया था

पहली बार प्राचार्य बबन सिंह के नेतृत्व में ए ग्रेड मिला था। दूसरी बार वर्तमान प्राचार्य प्रो. इन्द्रजीत राय और आईक्यूएससी के संयोजक प्रो. संतोष कुमार के नेतृत्व 'ए' ग्रेड की उपलब्धि हासिल हुई है। कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि नैक के वर्तमान मानदंडों पर महाविद्यालय का लगातार दूसरी बार 'ए' ग्रेड प्राप्त करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। नैक पीयर टीम ने 19 से 20 अप्रैल को कॉलेज का दौरा किया।

# एनडीए प्रत्याशी ने गांव- गांव पहुंचकर लोगों को 01 मई 2024 को अपने नामांकन का दिया न्यौता

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**
**चंदवारा** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में इन दिनों गर्म मौसम के साथ राजनीतिक तापमान भी बढ़ने लगा है। इसी बीच सांसद उम्मीदवारों ने भी अपने चुनाव प्रचार अभियान को तेज कर दिया है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल पिछले करीब 56 दिनों से क्षेत्र गांवों के दौरे पर हैं। शनिवार को एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने गर्म हवा और प्रचंड गर्मी के बीच बरही विधानसभा क्षेत्र के चंदवारा प्रखंड क्षेत्र के 09 पंचायतों के करीब दो दर्जन गांवों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद के माध्यम से इस क्षेत्र के लोगों को आगामी 01 मई 2024 को अपने नामांकन पत्र दाखिल के अवसर पर हजारीबाग पहुंचने का न्यौता दिया। मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत चंदावरा प्रखंड स्थित उरवां जामु खांडरी से किया।



यहां पहुंचने पर बरही विधानसभा क्षेत्र और चंदवारा प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। यहां से बाइक जत्थे के साथ उनका काफिला आगे बढ़ा। उन्होंने उरवां चांदनी चौक, पत्थलगड्डा, मदनगुण्डी, आरागारो, जोंगी नावाडीह, भोंडो, चौराही, बोंगादाह, घुटीटांड़, पिपराही, पुरनथाम, पुरनाडीह, थाम, खांडी, ढाब, गजूरे, चिलोडीह और करोंजिया का दौरा कर भाजपा और अपने पक्ष में कमल फूल छाप पर मतदान कर सेवा का मौका देने का आग्रह किया। इस दौरान सभी गांवों में पूर्व से इंतेजार करते हुए ग्रामीणों का सैलाब उमड़ा और लोगों ने गाजे- बाजे के साथ फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर अभूतपूर्व स्वागत किया और समर्थन का भरोसा जताया। क्षेत्र की माता- बहनों ने गुलाब फूल भेंटकर अपना आशीर्वाद दिया और पूर्ण समर्थन का भरोसा जताया।

# लोकसभा चुनाव में 20 मई को मतदान में हिस्सा लेकर बने जागरूक नागरिक - हर्षवर्धन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**
**झुमरी** तिलैया स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी के तहत झुमरी तिलैया नगर परिषद ने शनिवार को झंडा चौक के पास स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान ओपन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं नगर प्रशासक हर्षवर्धन ने लोगों से लोकसभा चुनाव के लिए 20 मई को होने वाले मतदान में हिस्सा लेकर जागरूक नागरिक बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी को अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। लोकतंत्र की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें जनता सर्वोपरी होती है। देश का भविष्य तय करने के लिए उन्हें मतदान का अधिकार दिया गया है। इसलिए सभी लोग 20 मई को मतदान करें और मजबूत सरकार बनाने में




सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि पहले मतदान करें फिर जलपान। वहीं नगर प्रबंधक डा. अरविंद मोदी ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसका विकास कभी नहीं रुकता। लोकतंत्र में ऐसी सरकार बनती है, जो अपनी शक्ति लोगों से लेती है। मतदाता इस बात की जानकारी पहले से ले लें कि उन्हें कब और कहां मतदान करना है। कार्यक्रम के दौरान प्रशासक ने युवा से लेकर बुजुर्ग मतदाताओं से चुनाव संबंधी प्रश्न पूछे जिसका मतदाताओं ने उत्साह के साथ उत्तर दिया। सही जवाब देने वाले मतदाताओं को स्वीप टोपी प्रदान की गई। साथ ही सभी मतदाताओं से 20 मई को निर्भीक होकर नैतिक मतदान करने की अपील की गई। इसके अतिरिक्त स्वीप के तहत विगत चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाए गए। साथ ही लोकसभा चुनाव को लेकर जागरूकता संबंधी संदेश देने के लिए बोर्ड पर लोगों ने संदेश लिखे और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने सहभागिता सुनिश्चित की। इस दौरान नगर प्रबंधक सतीश कुमार, निर्मल दास, अश्विनी कुमार, सुभाष कुमार, मिल्टन, बलराम, दुलारचंद यादव, अनिल, मुकेश, सुनीता देवी, मीना देवी आदि मौजूद रहे।

# समाजसेवी बब्बन सिंह की पत्नी पुष्पा देवी की देहांत से मातम पसरा



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता जयनगर** पंचायत गड़गी ग्राम परसाबाद निवासी पूर्व राज्यसभा सांसद सह स्वतंत्रता सेनानी परसाबाद स्व0 कांता नारायण सिंह के पुत्र बबन सिंह के धर्मपत्नी का कलकत्ता के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गई। मृतक का शव को आज पैतृक घर परसाबाद लाया गया। शव घर आते ही पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ पड़ी। सूचना मिलते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव उनके घर जाकर शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर इस दुःख की घड़ी में धैर्य तथा ढाढ़स बंधाए तथा मृतक की आत्मा को शांति मिले की कामना ईश्वर से किए। मौके पर जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, जिला उपाध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी , पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, रिटायर्ड इंस्पेक्टर मथुरा गोप, परसाबाद मंडल अध्यक्ष विजय राणा, जिला मंत्री सुधीर सिंह, रिटायर्ड फायर ब्रिगेडियर महानंद सिंह, दीपक सिंह राजू सिंह महेश रजक नागेश्वर चौधरी गोविंद बिहारी शशिकांत चौधरी लखन यादव संजय गुप्ता विजय कुमार पंडित सुरेंद्र चौधरी मुखिया प्रतिनिधि सरफुद्दीन अंसारी पूर्व मुखिया लखपत यादव,पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि सह वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव, मुखिया सुखदेव यादव, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष दशरथ यादव, मनोहर चौधरी, सुनील सिंह, रामजीवन सिंह राजू सिंह, रमेश सिंह, अशोक यादव, बबुन चौधरी, परिवार के सभी सदस्य रिश्तेदार सहित भारी संख्या में शोकाकुल ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# मतदान जागरूकता एवं मौलिक अधिकार के लिए कार्यक्रम आयोजित





**रांची एक्सप्रेस संवाददाता जयनगर** प्रखंड अंतर्गत सी.बी.एस.ई. नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त एप्रिसिएबल पब्लिक स्कूल कटिया परसाबाद में शनिवार को ÷हमें मतदान क्यों करना चाहिए÷? प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों की भागीदारी मतदान के लिए बढ़ाना था! इस अवसर पर मुख्य रूप से विद्यालय निदेशक मुंशी यादव मौजूद थे, उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अगर हम अपने मतदान के द्वारा सरकार बनाते हैं तो निश्चित पूर्वक यह हमारा सुशासन होगा अर्थात् हम एक बेहतर सरकार के साथ मिलकर अपनी योजनाओं का संपादन संपूर्णता पूर्वक कर सकते हैं! हमें अपना मतदान सकारात्मक भाव से करना चाहिए व अपनी पसंद की सरकार का चुनाव करना चाहिए ताकि समाज व देश के हित में कुशलतापूर्वक कार्य संपन्न हो सके! वरिष्ठ शिक्षिका सुशीला एक्का ने बताया कि मतदान करना मौलिक अधिकार में आता है और हमें इस मौलिक अधिकार का उपयोग अवश्य करना चाहिए! हर स्वतंत्र देश के मौलिक अधिकारों में मतदान का अधिकार सभी संबंधित नागरिकों के पास होता है ! प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं से अनेको छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और अपनी-अपनी बातों व विचारों को निर्वाध तरीके से रखा ! सरांश जो निचोड़ कर सामने आया वह आया कि हर एक नागरिक को अपना इस अहम अधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए ! हमारे विचार से 18 वर्ष की अवस्था को पार करने वाले हर एक भारतवासी को अपने इस अहम कार्य को निश्चित पूर्वक सही दिशा में अंजाम देना चाहिए ! कार्यक्रम में अपने विचार रखने वाले छात्र-छात्राएं आशीष, पवन, आईशा, सपना, अमृता, रोशनी, अंकित, अर्चना, शीतल, शिवम, लक्ष्मी, आदित्या, कौशिला, लक्ष्मी, निशा, आशीष, दिलीप, प्रियंका, निमिषा, रितिका, सिद्धि, ज्योति, सागर, आशीष, महानंद, साहिल, ऋषि, विवेक, अभिषेक, सुधीर, अजीत, सृष्टि, सकलदेव, पूजा, अंशु, साहिल, प्रीति, पवन, अमीषा, सत्यम, पायल, धर्मवीर, अनुज, विक्रम, अंकित, अंशिका, रानी, आशीष, सलमान, विनय, रौनक, सुजित, राजरवि, कुंदन, सतिश, सुनिल, दयानंद, तानि, अभिनंदन, सुमन, लक्ष्मी एवं अभिषेक, रेणुका, पूजा, काजल, अमीषा ,लक्ष्मी, खुशबू, प्रिंस, आयुष, राहुल, कृष्णदेव, अंकित आदि !

# दहेज हत्या के आरोपी को 14 वर्ष सश्रम कारावास, 30000 र जुर्माना भी लगाया

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा-** दहेज के लिए हत्या किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने शनिवार को आरोपी मोहम्मद जावेद पिता- निजामुद्दीन पिपराही चंदवारा जिला- कोडरमा निवासी को 304 (बी) आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 30000 जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला वर्ष 2020 का है। इसे लेकर चंदवारा थाना कांड संख्या 57/ 2020 एवं स्त्र- 42/2020 दर्ज किया गया था।

अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला व अधिवक्ता अनवर हुसैन ने किया। इस दौरान सभी 11 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला अधिवक्ता अनवर हुसैन ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता सुधीर कुमार ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

इसे लेकर मृतक के पिता मोहम्मद शहजाद ने चंदवारा थाना में मामला दर्ज कराया था। थाना को दिय आवेदन में कहा था कि उसकी पुत्री अफसाना खातुन



की शादी 27/06 2019 को मोहम्मद जावेद के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुई थी। 3 माह तक वह ससुराल में ठीक से रही उसके बाद उसे एक मोटरसाइकिल और 50000 रुपए नगद के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। पंचायती भी हुई लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। 23/ 06/ 2020 को सुबह 6ः00 फोन से सूचना मिली कि आपकी पुत्री की मौत हो गई है जब वहां पहुंचा तो देखा कि उनकी पुत्री पलंग पर मृत अवस्था में पड़ी हुई है और घर के सारे लोग भाग गए हैं। उन्होंने मोहम्मद जावेद, मोहम्मद आबिद, सावेद, नजमुल खातून सहित अन्य लोगों पर उसकी पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाते हुए उचित कार्रवाई करने की गुजारिश की थी।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वाधान में विशेष लोक अदालत का आयोजन




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के अलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को चेक बाउंस एवं विद्युत् विभाग के मामलों से सम्बंधित विशेष लोक अदालत सह मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस मौंके पर प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुलाम हैदर ने कहा कि झालसा के निर्देश पर चेक बाउंस एवं विद्युत् विभाग के मामलों से सम्बंधित विशेष लोक अदालत मामलों के त्वरित निष्पादन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा ... उन्होंने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता और सुलभ न्याय प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। लोक अदालत में दिए गए फैसले में दोनों पक्षों की जीत होती है तथा यह फैसला दोनों पक्षों को संतुष्ट करता है। कोई पक्ष इसे थोपा हुआ महसूस नहीं करता है। लोक अदालत में दिए गए निर्णय के विरुद्ध कहीं भी कोई अपील नहीं होती। लोक अदालत का निर्णय अंतिम निर्णय होता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत का फैसला अंतिम होता है। उन्होने कहा कि लोक अदालत में बढ़ रही भीड़ इस बात का परिचायक है कि लोक अदालत आम लोगों के बीच कितना लोकप्रिय होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में जहाँ एक ओर लोगों के समय और पैसे की बचत होती है वहीँ दूसरी ओर न्यायालय से मुकदमों का बोझ कम होता है। इस लोक अदालत में कुल चार बेंचों का गठन किया गया। बेंच संख्या एक में जिला जज द्वितीय अजय कुमार सिंह व अधिवक्ता सुरेश कुमार, बेंच संख्या दो में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार व अधिवक्ता संजय कुमार सिंह, बेंच संख्या तीन में अवर न्यायाधीश तृतीय प्रज्ञा बाजपेयी व अधिवक्ता सुमन जैसवाल एवं बेंच संख्या चार में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष आर. के. तिवारी, सदस्य बालेश्वर राम एवं ममता सिंह एवं ने मामले की सुनवाई की। लोक अदालत में चार बेंचो के माध्यम से कुल 82 वादो का निष्पादन किया गया जबकि विभिन्न विभागों से कुल 62,69,000/- रुपये राजस्व की वसूली की गई। मौंके पर जिला न्यायाधीश चतुर्थ राकेश चंद्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शिवांगी प्रिया, विद्युत विभाग, उत्पाद विभाग के अधिकारी, न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह, प्रियंका कुमारी, अनिल कुमार सिंह, नवीन कुमार, महेश्वर कुमार, रवि कुमार, पी.एल.वी. रविन्द्र कुमार, पाण्डेय शेखर प्रसाद, मोनिका कुमारी मौजूद थे।

# 28 अप्रैल को इंडिया गठबंधन का झुमरी तिलैया में जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा।** कोडरमा में इंडिया गठबंधन का लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता सम्मेलन 28 अप्रैल को शिव वाटिका, झुमरी तिलैया में आयोजित होगी। कार्यकर्ता सम्मेलन में कोडरमा जिले के हर बूथ से कार्यकर्ता और इंडिया गठबंधन के घटक दल राजद, कांग्रेस, जेएमएम, आम आदमी पार्टी, सीपीआई-सीपीएम और प्रगतिशील संगठनों के कार्यकर्ता के अलावे भाकपा माले के कैडर और नेता शिरकत करेंगे।झुमरी तिलैया में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर इंडिया गठबंधन जोर शोर से जुटी हुई है। कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर कोडरमा विधानसभा और आसपास के क्षेत्रों में तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम में भाकपा माले के राष्टीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, जेएमएम के राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद,मंत्री सत्यानंद भोक्ता कांग्रेस के बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद,बोकारो विधानसभा के राजद के पूर्व प्रत्याशी अवधेश सिंह यादव,माले के राजधनवार के पूर्व विधायक कॉमरेड राजकुमार यादव और इंडिया गठबंधन के समर्थित भाकपा माले उम्मीदवार विनोद सिंह मुख्य रूप से सम्मेलन को संबोधित करेंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर इंडिया गठबंधन के कोडरमा जिला संयोजक रामधन यादव, कोडरमा बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी भुनेश्वर केवट, जेएमएम जिला सचिव श्यामदेव यादव,माले नेता इब्राहिम अंसारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव कोडरमा के मुद्दे पर लड़ा जाएगा। बदलाव की बयार कोडरमा में बह रही है। जनता विकास ढूंढ रही,लेकिन विकास नजर नही आ रहा। केंद्र में मंत्री रहने के बाद भी कोडरमा में कोई योजना/कल कारखाना/केंद्रीय शिक्षा संस्थान नही खुला। जनता के मुद्दे को हर वोटर तक ले जाने की जिम्मेवारी कार्यकर्ताओ की होती है। इसलिए कार्यकर्ता सम्मेलन के जरिये कार्यकर्ताओ को चुनावी रणनीति के अनुसार हर मुद्दे से लैश कर बूथ तक रवाना किया जाएगा। झुमरी तिलैया में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने और कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में मतदाता जागरूकता क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** लोकसभा का चुनाव 20 मई को होना है। वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर लोग अपने-अपने स्तर से लगे हुए हैं। इसी कड़ी में सेक्रेड हार्ट स्कूल में शनिवार को इंटर हाउस मतदाता जागरूकता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में वर्ग नवम और दशम के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता शिक्षक शंकर कुमार की देख रेख में हुई। प्रतियोगिता में बबली कुमारी, राजवीर, अभिज्ञान कुमार, शैल्वी सिंह, दीपांकित राज, राजा बाबू गौतम, शिवम कुमार, पीयूष कुमार मोदी, स्वास्तिक कुमार, तन्मय सेठ, मोहित राज, सृष्टि मिश्रा, दिव्यंका बक्शी, शिवम कुमार, सचिन कुमार, शौर्य तिवारी, ऋषिका, निशा राज, शौर्य राज और निखिल राज ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रत्येक हाउस के लिए कुल 50 अंक निर्धारित थे। इसमें 40 अंक लाकर पवन हाउस प्रथम, 35 अंक लाकर पानी




हाउस द्वितीय और 25 अंक लाकर धरती हाउस तथा आकाश हाउस संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। परिणाम की घोषणा प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने किया। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा और कहा की बच्चे अभिभावक तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम होते हैं। उन्होंने स्कूल से जुड़े अभिभावकों और क्षेत्र के लोगों से मतदान में बढ़-कर का हिस्सा लेने की जरूर बताई, ताकि लोकतंत्र को मजबूती मिल सके। प्रतियोगिता के प्रत्येक राउंड में चार सवाल पूछे जा रहे थे। प्रतियोगिता का संचालन अनिंदिता कुमारी और दिव्यानी कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में दीपक सर्राफ ने तकनीकी रूप से सहयोग किया। इस मौके पर एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, शिक्षक शंकर कुमार, संजय कुमार तिवारी समेत अन्य शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

# 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर अधिसूचना जारी

## सुरक्षा के लिहाज से सभी मतदान केंद्रों पर पुख्ता इंतजाम किए जाएंगेः पुलिस अधीक्षक

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**
**कोडरमा** लोकसभा के लिए 20 मई को वोट डाले जाएंगे। 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर 26.4.2024 को अधिसूचना जारी कर दी गई और नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है और 3 मई तक नामांकन दाखिल किये जा सकेंगे। इसे लेकर आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि 6 मई तक नामांकन वापस लेने की तिथि निर्धारित की गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि जिले के सभी मतदान केंद्रों पर सभी तरह की सुविधा बहाल की जाएगी और गर्मी को देखते हुए सभी बूथों पर शेड की व्यवस्था के साथ-साथ सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं यथा पानी बिजली शौचालय रैंप इत्यादि उपलब्ध रहेगी। इस बार जिले में कई मतदान केंद्र थीम पर आधारित रहेंगे, जिसमें जिले के पर्यटन क्षेत्रो से जुड़ी जानकारियां मौजूद



रहेगी। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग के तहत अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जा रही है और चुनाव कर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि जिले के दिव्यांगजन और वृद्ध जनों के लिए मतदान केंद्रों तक आने-जाने के लिए वाहन की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि नामांकन और मतगणना की प्रक्रिया गिरिडीह जिले में होगी। उन्होंने मीडिया के माध्यम से जिलेवासियों से अपील की है कि 20 मई मतदान दिवस के दिन आगे आकर अपने मतदान केंद्र जायें और अपने मत का प्रयोग करें और इस लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बनें।

वहीं पुलिस अधीक्षक श्री अनुदीप सिंह ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से सभी मतदान केंद्रों पर पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। पैरामिलिट्री फोर्स के अलावा जिला बल के जवान मतदान केदो पर सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे। इसके अलावा उन्होंने बताया कि चुनाव के पूर्व संदिग्ध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। शराब के अवैध कारोबार को ध्वस्त किया जा रहा है, साथ ही आपराधिक गतिविधि वाले लोगों पर नजर रखी जा रही है। इस मौके पर अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी व पत्रकारगण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 99 बच्चों को ले जा रहे पांच मौलवी गिरफ्तार, बिहार से बस में ले जा रहे थे सहारनपुर

**लखनऊ, एजेंसी।** बच्चों की उम्र नौ से 12 वर्ष के बीच है। सभी को लखनऊ के मुमताज शरणालय में रखा गया है। पुलिस मौलवियों से पूछताछ कर पूरे रैकेट की जानकारी हासिल करने में जुटी है। बिहार के विभिन्न जिलों से 99 बच्चों को बस से सहारनपुर ले जा रहे पांच मौलवियों को राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सक्रियता से मानव तस्करी विरोधी इकाई ने शुक्रवार को पकड़ लिया। बच्चों की उम्र नौ से 12 वर्ष के




बीच है। सभी को लखनऊ के मुमताज शरणालय में रखा गया है। पुलिस मौलवियों से पूछताछ कर पूरे रैकेट की जानकारी हासिल करने में जुटी है। आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी ने बताया कि मिशन मुक्ति फाउंडेशन नई दिल्ली के निदेशक वीरेंद्र सिंह की सूचना पर बिहार के अररिया और पूर्णिया से लाए जा रहे बच्चों को सुरक्षित बचाया गया।

बाल कल्याण समिति की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी को सूचना मिली थी कि बिहार के अररिया और पूर्णिया से सहारनपुर के देवबंद में कई बच्चों को अवैध तरीके से ले जाया जा रहा है। उन्होंने सूचना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को दी। इसके बाद यूनिट और अयोध्या पुलिस की टीम ने शहर के बड़ी देवकाली स्थित हाईवे पर एक बस को रोका। बस में 95 बच्चे मिले। उनके साथ पांच मौलवी थे। संयुक्त टीम सभी बच्चों और मौलवी को पूछताछ के लिए सिविल लाइन ले गई, जहां घंटों तक पूछताछ हुई।

**कई अनाथ–** सूत्रों के अनुसार, बच्चे नहीं जानते, उन्हें कहां ले जा रहे थे। मौलवी की ओर से दी गई जानकारी भी झूठी निकली। बाल कल्याण समिति के सर्वेश अवस्थी ने बताया, बच्चों के माता पिता का नाम व सहमति पत्र भी मौलवियों के पास नहीं है। कई बच्चे अनाथ भी हैं। मौलवी पुलिस को गुमराह करते रहे।

### प्रत्याशियों के साथ ईवीएम में बंद माननीयों की साख, बढ़ते पारे पर भारी जिम्मेदारी का जज्बा

**अमरोहा, एजेंसी।** अमरोहा लोकसभा सीट पर जीत के लिए सभी दलों ने जमकर मेहनत की। कई बड़े नेताओं ने भी प्रत्याशियों को विजयी दिलाने के लिए जनसभा भी की। जिले की चार विधानसभाओं में से दो पर भाजपा और दो पर सपा काबिज है। अब देखना है कि जीत किसको मिलती है। अमरोहा में



भाजपा, कांग्रेस-सपा गठबंधन और बसपा समेत 12 प्रत्याशियों के साथ जिले के कई माननीयों की साख भी ईवीएम में कैद हो गई है। अपने-अपने प्रत्याशियों के लिए पार्टियों के फायर ब्रांड नेताओं ने चुनावी जनसभा कीं तो वहीं स्थानीय माननीयों ने भी चुनाव लड़ाने में रात दिन एक कर दिया। लेकिन इन माननीयों के प्रयास कितने सार्थक रहे, यह चार जून को स्पष्ट हो जाएगा। फिलहाल प्रत्याशियों के साथ जिले के कई माननीयों की साख भी दांव पर लगी है। जिले में चार विधानसभा सीटें हैं, जबकि पांचवीं सीट गढ़ हापुड़ जिले में आती है। जिले की दो सीटों पर भाजपा व दो पर सपा के विधायकों का कब्जा है। अमरोहा सदर सीट से सपा नेता महबूब अली लगातार पांच बार विधायक हैं। जबकि इसी पार्टी के पूर्व मंत्री कमाल अख्तर मुरादाबाद की कांठ विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।

### उमेश पाल हत्याकांड में अली-उमर के खिलाफ चार्जशीट जल्द, बयान दर्ज कर

**प्रयागराज।** पुलिस उमेश पाल हत्याकांड के मामले में विवेचना के दौरान साजिश में शामिल पाए गए माफिया अतीक अहमद के दो बेटों अली और उमर के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर सकती है। पुलिस अली का बयान भी दर्ज कर सकती है। इसके पहले पुलिस तीन चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। यह चौथी चार्जशीट होगी। उमेश पाल व उनके दो सरकारी गनर की हत्या में पुलिस जल्द ही चौथी पूरक चार्जशीट दाखिल कर सकती है। अली का बयान दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही उमर का भी बयान दर्ज होना है। माना जा रहा है कि इसके बाद पुलिस तेजी से विवेचना आगे बढ़ाएगी।

अली का बयान एक दिन पहले ही पुलिस ने दर्ज किया है। इसमें उसने हत्याकांड की साजिश से जुड़े अहम राज खोले हैं। पुलिस ने उसका बयान अंकित करते हुए इसे केस डायरी का हिस्सा बना लिया है। ऐसे में अब मामले में उसकी संलिप्तता को लेकर विवेचना आखिरी दौर में है। अगला बयान लखनऊ जेल में बंद उसके बड़े भाई उमर का होना है।

# मनपसंद खाने की स्वतंत्रता यानी गोकशी की छूट, कांग्रेस घुसपैठियों को बांटेगी लोगों की संपत्ति

**बिलारी (मुरादाबाद), एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल लोकसभा क्षेत्र के बिलारी में जनसभा के दौरान इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सरकार के दौरान देश में भ्रष्टाचार चरम पर था। उन्होंने कांग्रेस के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए कहा कि वह तुम्हारी संपत्ति का सर्वे कराकर आधी संपत्ति में कब्जा कर घुसपैठियों में बांट देंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि घोषणापत्र के अनुसार कांग्रेस तुम्हारी संपत्ति का सर्वे कराएगी और आधी संपत्ति पर कब्जा कर लेगी। बाद में इसी संपत्ति को घुसपैठियों में बांट देंगे। इंडी गठबंधन के घोषणापत्र की दूसरी अहम बात यह है कि अल्पसंख्यकों को मनपसंद खाने की स्वतंत्रता दी गई है, यानी गोकशी की छूट दी गई है। जिस गाय को हम माता कहते हैं, उसे यह कसाई को काटने के लिए दे देंगे। मुख्यमंत्री शुक्रवार को संभल लोकसभा क्षेत्र के बिलारी में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

मुरादाबाद जिले की तहसील बिलारी के राम रतन इंटर कॉलेज के मैदान पर चुनावी जनसभा में सीएम योगी ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कटाक्ष किया। कहा कि अब कांग्रेस गरीबी हटाओ का नारा दे रही है। 1970 में दादी ने भी गरीबी हटाओ का नारा दिया था और अब नाती भी यही नारा दे रहा है। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 तक यूपीए सरकार में आपने देश के हालात देखे हैं। सपा और बसपा उनका समर्थन करती थीं। देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं थी। आतंकवाद, नक्सलवाद, भ्रष्टाचार चरम पर था।

आतंकवादी देश में कही भी विस्फोट करते थे। गरीबों के हक पर डकैती डाली जाती थी। सीएम ने कहा कि 2014 के बाद से ऐसा नहीं है। देश विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है। सीमाएं सुरक्षित हैं। मोदी सरकार जो कहती है वह करके दिखाती है। पुलवामा हमले के शहीद जवानों की शहादत का बदला घर में घुसकर लिया। देश में



आईआईटी, एक्सप्रेसवे, नेशनल हाईवे, आईआईएम, विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय, एनआईटी तेजी के साथ बनाए हैं। भारत का दुनिया में सम्मान बढ़ा है। सपा बसपा के शासन में गरीब भूखा मरता था। अब सभी को राशन मुफ्त दिया जा रहा है।उन्होंने सरकारी योजनाएं गिनाई और कहा कि भाजपा सरकार ने किसान, मजदूर, महिला, नौजवान सभी का सम्मान किया है। किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न भाजपा सरकार ने दिया। बता दें कि संभल संसदीय सीट पर चुनाव प्रक्रिया के तीसरे चरण में वोट पड़ेंगे। इसके तहत 07 मई को मतदान होगा।

**... सुना है भाई-बहन दर्शन को जाना चाहते हैं अयोध्या–** राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का नाम लिए बिना सीएम ने दोनों पर कटाक्ष किया। कहा कि सुना है, अब भाई-बहन दर्शन के लिए अयोध्या जाना चाहते हैं। उनकी सरकार थी तो उन्होंने राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था। कहा था कि राम तो हुए ही नहीं है। ये धोखेबाज हैं। फिर से धोखा दे देंगे।

**अधर्मियों और अत्याचारियों का अंत करेंगे कल्कि भगवान–** राम रतन इंटर कॉलेज का मैदान जिले की सीमाओं के हिसाब से भले मुरादाबाद जिले में आता है लेकिन निर्वाचन क्षेत्र संभल संसदीय सीट का है। लिहाजा क्षेत्र के मिजाज को भांपते हुए मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों की चर्चा करते हुए बिलारी और संभल वालों से भावनात्मक रिश्ता जोड़ा। करीब 25 मिनट के संबोधन में चौधरी चरण सिंह और भारत रत्न का जिक्र करके किसानों और जाट समाज के दिलों में भी जगह बनाई। सीएम ने कहा कि भगवान कल्कि इसी कलियुग में संभल की पावन धरा पर अवतार लेंगे।

अधर्मियों और अत्याचारियों का अंत करेंगे। उन्होंने कहा कि भगवान कल्कि की इस पावन धरा पर उन्हें दोबारा आने का अवसर मिला है। सीएम ने संभल की मां कैला देवी, बिलारी के प्राचीन गंवादेवत मंदिर का भी जिक्र किया। इन स्थलों की चर्चा की प्रतिक्रिया भीड़ के बीच से सीएम यीगी के जयकारों के रूप में हुई। सीएम ने भी भारत माता की जय, वंदे मातरम का उद्घोष भी किया।

जनता से सीधा रिश्ता जोड़ने के लिए सवाल किया, क्या भारत माता की जय और वंदेमातरम कहने में संकोच करने वालों को वोट दोगे। इसके बाद केंद्र सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए महिला, पुरुष, उद्यमी, मजदूर, नौजवान, किसानों को साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सभी को सम्मान देती है। संबोधन के आखिर में कहा कि मोदी सरकार ने चौधरी सिंह को भारत रत्न देकर सम्मानित किया है। वह किसान, मजदूरों के नेता थे। भाजपा की उपलब्धियों की चर्चा के बीच ही सीएम ने संभल से भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के पक्ष में मतदान की अपील की।

**जो दंगा कराएगा, उसकी निकलेगी राम नाम सत्य यात्रा–** किसी का नाम लिए बिना प्रदेश में बाहुबली और माफिया पर सरकार के कड़े रुख की याद भी सीएम ने दिलाई। कहा कि किसी दंगाई या उसके समर्थक की हिम्मत नहीं होगी प्रदेश में कर्फ्यू लगवाने की। अब प्रदेश में जो भी दंगा कराएगा, अब उसकी राम नाम सत्य की यात्रा निकलेगी।

**चार जून को ईवीएम खुलने पर साकार होगा 400 पार का नारा–** सीएम ने कहा कि पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को पूरा हो गया है। दूसरे चरण में 89 लोकसभा सीटों पर चल रहा है। पहले चरण में मोदी के नाम व काम पर जनता का अभूतपूर्व स्नेह मिला है, जो अभिभूत करने वाला है। चार जून को ईवीएम खुलेंगी, तो 400 पार का सपना साकार होगा।

## बरेली में पारा 41 डिग्री पार... सहने पड़ेंगे गर्म हवा के थपेड़े; गर्मी में सेहत का रखें ध्यान

**बरेली, एजेंसी।** बरेली में भीषण गर्मी का प्रकोप शुरू हो गया है। चिलचिलाती धूप और गर्म हवा लोगों को बेहोल कर रही है। तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है।

बरेली में भीषण गर्मी और गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल कर दिया है। शुक्रवार को पारा 41 डिग्री सेल्सियस के पार जा पहुंचा। दिनभर लोग गर्म हवा के थपेड़े सहते रहे। आने वाले दिनों में भी फिलहाल राहत की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग ने सप्ताहभर तक पारा के 40 के पार ही दर्ज होने का पूर्वानुमान जारी किया है। शनिवार को सुबह आठ बजे ही तेज धूप परेशान करने लगी। गर्म हवा लोगों को झुलसा रही है। मौसम विशेषज्ञ अतुल के मुताबिक शुक्रवार सुबह नौ बजे से ही चटक धूप रही। दोपहर दो बजे अधिकतम तापमान दो डिग्री बढ़त के बाद सामान्य से तीन डिग्री अधिक 41.2 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। वहीं, शाम पांच बजे तक तेज धूप लोगों को सताती रही। ढलते सूरज के साथ लोगों को राहत



महसूस हुई। न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बताया कि पूर्व दक्षिण पूर्व दिशा से चल रही हवा की वजह से मौसम शुष्क रहेगा। गर्म हवा सताएगी।

**तबीयत बिगड़े तो इलाज में देरी न करें–** फिजिशियन राजीव कुमार गुप्ता के मुताबिक ओपीडी में वायरल बुखार, उल्टी, दस्त और डिहाइड्रेशन के मरीज पहुंच रहे हैं। पारा 40 डिग्री के पार पहुंचने से अब हल्की सी बेपरवाही से हालत गंभीर होने की आशंका है। गर्मी में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने, ताजे फलों-सब्जियों का सेवन करने, पानी खूब पीने, खुले में रखे भोजन के सेवन से बचने, सिर ढंककर ही धूप में निकलने का सुझाव दिया है। वहीं, तबीयत बिगड़ने पर तत्काल विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श और दवा लेने के लिए कहा है।

## राज्य कर में सालाना 44 करोड़ की मलाईदार कुर्सी के लिए मची होड़, 2210 करोड़ का है सालाना कनेक्शन

**लखनऊ, एजेंसी।** दो लाख रुपये घूस लेने के आरोप में गिरफ्तार डिप्टी कमिश्नर के हटने के बाद अब राज्यकर विभाग के लखनऊ खंड-20 की कुर्सी के लिए होड़ मची है। इसे लेकर अफसरों के बीच अंदरूनी गुटबाजी तेज हो गई है। दरअसल, लखनऊ का खंड-20 पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला खंड है। अकेले इस खंड से ही सालाना 2200 करोड़ से ज्यादा का राजस्व मिलता है। रिफंड केस में दो फीसदी 'सेवा शुल्क' फिक्स है। यानी 44 करोड़ रुपये साल की ऊपरी कमाई इस खंड से है। ऐसे में इस कुर्सी पर कब्जे को लेकर अपने 'खास' की तैनाती को लेकर रसूखदार अफसरों में अभी से जोड़-तोड़ शुरू हो गई है। आचार संहिता लागू होने के कारण जून के बाद खंड 20 में डिप्टी कमिश्नर




की तैनाती होनी है। राज्य कर विभाग में पिछले महीने खंड 20 के डिप्टी कमिश्नर धनंजय कुमार पांडेय को घूस लेने के आरोप में विजिलेंस टीम ने गिरफ्तार किया था। पिछले हफ्ते डिप्टी कमिश्नर को बेल मिल गई। उन्हें हटाए जाने के बाद फिलहाल खंड 15 के पास खंड 20 की अस्थायी जिम्मेदारी है। स्थायी रूप से आचार संहिता हटने के बाद यहां तैनाती होगी, लेकिन इस खंड के लिए अभी से मारामारी मची है। बड़ी-बड़ी सोर्स सिफारिशों का दौर शुरु हो गया है। सूत्रों के मुताबिक इसकी सबसे बड़ी वजह 'मलाईदार पोस्ट' है। खंड में केवल फाइलों की जांच और रिफंड से ही 44 करोड़ रुपये साल की 'फिक्स कमाई' है। खंड में तीन वर्ष के लिए पोस्टिंग होती है। यानी केवल एक पोस्टिंग में 132 करोड़ रुपये की आमदनी। इस कमाई का बंटवारा तीन से चार हिस्सों में होता है।

# नए रिकॉर्ड से चूके अमरोहावासी, 64.02 प्रतिशत पर ठिठके मतदाता, 2019 में हुआ थी 71.05त्न वोटिंग

**अमरोहा, एजेंसी।** अमरोहा लोकसभा सीट पर मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। मतदाताओं ने 12 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य ईवीएम में कैद कर दिया है। इस बार अमरोहा सीट पर 64.02 प्रतिशत वोट पड़ा। जो पिछले चुनाव से 7.03 फीसदी कम है।

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं ने 12 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कर दिया। शुक्रवार सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह तक चली मतदान प्रक्रिया में कुल 64.02 फीसदी मतदाताओं ने अपने वोट का इस्तेमाल किया। हालांकि अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ने में अमरोहा के मतदाता 7.03 फीसदी वोटों से चूक गए। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में 71.05 प्रतिशत मतदान कर प्रदेश में अव्वल रहे थे अमरोहा के मतदाता। शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत मतदान हुआ। प्रशासनिक अधिकारी सुबह से ही चुनाव को लेकर अलर्ट मोड पर थे। अमरोहा में कुल 1486 पोलिंग बूथों पर हुई वोटिंग में मतदाताओं ने अपने जनप्रतिनिधि को चुनने के लिए वोट डाले। अमरोहा से भाजपा, कांग्रेस एवं बसपा समेत कुल 12 प्रत्याशी चुनावी अखाड़े में अपनी किस्मत आजमा रहे थे। सुबह से ही मतदाताओं में वोटिंग को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा था। सुबह सात बजते ही मतदाता केंद्रों पर पहुंचने लगे। दिन बढ़ने के साथ मतदाताओं में उत्साह बढ़ता ही चला गया। मताधिकार का प्रयोग करके वोटरों ने प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला किया।

**चार जून तक करना होगा परिणाम का इंतजार –** दूसरे चरण में अमरोहा का चुनाव पूरा हो गया। सभी चरणों के चुनाव संपन्न होने के बाद 4 जून को परिणामों की घोषणा होगी। इतने दिन तक लोगों का चुनाव परिणाम को लेकर इंतजार करना होगा। तब तक चुनाव परिणाम को लेकर कयासों का दौर चलता रहेगा।

जिले की चार विधानसभा सीटों मंडी धनौरा, नौगांवा सादात, अमरोहा एवं हसनपुर की मतगणना मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम में होगी जबकि गढ़मुक्तेश्वर सीटों के वोटों की गिनती हापुड़ जनपद में संपन्न होगी।

**प्रेक्षक लेते रहे लगातार अपडेट –** चुनावी गतिविधियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रियता लगातार बनी रही। डीएम, एसपी, सीडीओ,





एडीएम लगातार बूथों का निरीक्षण करते रहे। इसके अलावा सामान्य प्रेक्षक राहुल शर्मा एवं पुलिस प्रेक्षक दीपक पांडेय लगातार चुनाव की अपडेट लेते रहे।

**थ्री लेयर सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में रखी गई ईवीएम–** ईवीएम और वीवीपैट को जमा करने के लिए शाम सात बजे के बाद मतदान कार्मिकों के मंडी समिति पहुंचने का सिलसिला शुरू हुआ। सेक्टर मजिस्ट्रेट के जरिए विधानसभा क्षेत्रवार जमा किए गए। इसके बाद उन्हें स्ट्रांग रूम में रखे जाने की प्रक्रिया शुरू हुई। कुछ प्रत्याशी और निर्वाचन एजेंट भी रहे। देर रात मंडी समिति के स्ट्रांग रूम में ईवीएम सुरक्षित रखवा दी गईं।

थ्री लेयर सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम को कब्जे में ले लिया। सीसीटीवी कैमरे युक्त कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। यहां पर अब 24 घंटे सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे। किसी भी बाहरी व्यक्ति को इनके आसपास नहीं फटकने दिया जाएगा। जिले के 1486 पोलिंग स्टेशन में शाम छह बजे तक मतदान की प्रक्रिया चली।

मतदान के बाद पोलिंग पार्टियों ने पैकिंग की तैयारी शुरू की। पीठासीन अधिकारी और मतदान कार्मिकों ने मिलान कराया। इसके बाद वाहन में सवार हुए। मंडी समिति में पहुंच कर विधान सभा क्षेत्रवार ईवीएम और वीवीपैट जमा किए। आठ बजे के बाद मतदान कार्मिकों की भीड़ बढ़ गई। उन्हें मशीन जमा करने के लिए इंतजार करना पड़ा।

स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए प्रत्याशियों अथवा उनके चुनाव अभिकर्ता कर सकते हैं। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे से पल पल की गतिविधि कैद हो रही है। एएसपी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि ईवीएम की सुरक्षा थ्री लेयर की गई है। स्ट्रांग रूम से पास सबसे पहले सशस्त्र बीएसएफ के जवान तैनात किए गए हैं। दूसरी लेयर में एसएएफ (स्टेट आर्म्स फोर्स) और तीसरी लेयर में सिविल पुलिस मुस्तैद की गई है।

**वोटर लिस्ट से नाम कटने से परेशान रहे मतदाता–** हसनपुर में वोटर लिस्ट से नाम कटने से सैकड़ों की तादाद में मतदाता परेशान रहे। उन्होंने दूरभाष पर अधिकारियों से शिकायत भी की। लेकिन उनके वोट नहीं डल सके। जिससे ऐसे मतदाताओं में रोष रहा। जिनके वोट कट गए थे।

क्षेत्र के ग्राम भदौरा में मतदान के दौरान वोटर लिस्ट से नाम गायब होने से मतदान स्थल से वोट नहीं पड़ पाने के कारण कई लोग निराश होकर लौटे। ग्रामीण किरणपाल पुत्र कांशीराम ने मतदान हेतु अपनी पर्ची की तलाश की तो लिस्ट में नाम तो था। किरणपाल भारतीय किसान संघ का सदस्य है तो मामले की शिकायत संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा से की गई। इस पर उन्होंने अधिकारियों से शिकायत की। इसके अलावा गांव में विमलेश पत्नी महेंद्र सिंह, सीमा पत्नी रामचरण, सोनू पुत्री रामचरण और विनोद पुत्र कांशीराम समेत कई ग्रामीणों के वोट वोटर लिस्ट में नहीं मिले।

उधर, हसनपुर के मोहल्ला राजपूत कालोनी निवासी उमेश शर्मा, मोहित शर्मा, अमित शर्मा, डॉ.सत्यस्वरूप गुप्ता, इंद्रा गुप्ता, नितिन कुमार, रोचन देवी समेत कई लोगों के नाम वोटर लिस्ट से गायब थे। उमेश शर्मा का कहना है कि बीएलओ की लापरवाही की वजह से वोट काटे गए हैं। वीएलओ की चुनाव आयोग से शिकायत की जाएगी।

**सैदपुर इम्मा गांव में दिखा उत्साह जैसा माहौल–** खनन और अपनी बोलचाल को लेकर सुर्खियों में रहने नौगांवा सादात विधानसभा का गांव सैदपुर इम्मा में लोकतंत्र के महापर्व में उत्साह और उमंग देखने को मिला। यहां के बूथों पर मेले जैसा माहौल रहा। प्राथमिक विद्यालय सैदपुर इम्मा के मदातन केंद्र पर सुबह छह बजे से ही वोटरों की लंबी कतार लग गईं।

घंटों इंतजार के बाद मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। 26 दिसंबर 2018 को एनआइए की टीम ने सैदपुर इम्मा में छापा मारकर दो संदिग्ध आतंकी पकडे थे। इसके बाद ये गांव में देशभर में सुर्खियों में आ गया। यहां के लोग खनन करने को लेकर और अपनी बोलचाल को लेकर चर्चाओं में रहते है।

यहां के लोगों में लोकतंत्र के महापर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। गांव में दो पोलिंग स्टेशन बनाए गए। गांव के बाहरी छोर पर ईदगाह के बगल प्राथमिक स्कूल पर बने तीन बूथों पर मतदाताओं की खासी भीड़ देखने को मिली। महिला और पुरुषों दोनों की लंबी लाइन लगी रही। बताया जाता है कि यहां सुबह छह बजे से ही मतदाता लाइन में खड़े हो गए थे।

## संपादकीय

# सेहत में बड़ा सहारा

गंभीर और ऐसी बीमारियों, जिनके इलाज में भारी रकम खर्च करनी पड़ती है, स्वास्थ्य बीमा लोगों के लिए बहुत बड़ा सहारा साबित होता है। स्वास्थ्य बीमा शुरू करने का मकसद भी यही था कि लोगों को स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च की चिंता से मुक्त रखा जा सके। मगर इसमें एक बड़ी अड़चन थी कि पैंसठ वर्ष से अधिक उम्र के लोग स्वास्थ्य बीमा नहीं खरीद सकते थे। आमतौर पर ज्यादातर लोगों को इसी उम्र के बाद स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां घेरती हैं। मगर स्वास्थ्य बीमा न खरीद पाने के चलते वे निराश हो जाते थे। फिर, कैंसर, हृदय रोग या एड्स जैसी कुछ गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों को इसकी सुविधा उपलब्ध नहीं थी। इसके अलावा, स्वास्थ्य बीमा खरीदने के बाद अड़तालीस महीने तक उसका लाभ नहीं उठाया जा सकता था। अब भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण ने इन अड़चनों को दूर करते हुए नियम जारी किया है कि पैंसठ वर्ष से अधिक आयु के लोग भी स्वास्थ्य बीमा खरीद सकेंगे। यानी अब किसी भी उम्र में स्वास्थ्य बीमा खरीदा जा सकता है। बीमा कंपनियां अब कैंसर, एड्स और हृदय रोग जैसी बीमारियों की वजह से किसी को बीमा देने से इनकार नहीं कर सकतीं। बीमा खरीदने के छत्तीस महीने बाद उसका लाभ उठाया जा सकेगा। बीमा क्षेत्र को विस्तार देने और प्रतिस्पर्धी बनाने के मकसद से इस क्षेत्र में निजी बैंकों और विदेशी कंपनियों के लिए सौ फीसद निवेश का रास्ता खोला गया था। फिर बीमा कंपनी बदलने की भी छूट दे दी गई थी। निस्संदेह इससे बीमा कंपनियों में प्रतिस्पर्धा बढ़ी और लोगों को इसका लाभ मिलना भी शुरू हो गया। मगर स्वास्थ्य बीमा के मामले में कई तरह की अड़चनें बनी हुई थीं। उम्र और कुछ गंभीर बीमारियां इस रास्ते में बड़ी बाधा थीं। अब उनके हट जाने से निस्संदेह बहुत सारे लोगों के लिए आसानी हो जाएगी। अब जिस तरह जलवायु परिवर्तन और बदलती स्थितियों के चलते अनेक प्रकार की नई-नई बीमारियां पैदा हो रही हैं और बहुत सारे लोगों के लिए इलाज कराना मुश्किल होता जा रहा है, उसमें बीमा कंपनियों का वृद्धावस्था की ओर बढ़ती आबादी को इस सुविधा से वंचित रखना उचित नहीं था। दुनिया के अनेक देशों में वृद्धों की सेहत पर विशेष ध्यान दिया जाता है, मगर जिस तरह हमारे देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं पर बोझ और उनमें सुविधाओं का अभाव बढ़ता गया है, उसमें बुजुर्ग आबादी की सेहत का ध्यान रखना चुनौती बनता गया है। ऐसे में स्वास्थ्य बीमा की शर्तों को लचीला बनाने से कुछ बेहतर नतीजे मिल सकते हैं। मगर अब भी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को पुख्ता, पारदर्शी और प्रभावशाली बनाने की जरूरत रेखांकित की जाती रहती है। केंद्र सरकार ने आयुष्मान योजना के तहत करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य बीमा की सुविधा उपलब्ध करा रखी है। कुछ लोग कंपनियों आदि की सामूहिक बीमा के अंतर्गत आते हैं। कुछ लोगों ने निजी स्तर पर स्वास्थ्य बीमा ले रखा है। मगर चूंकि स्वास्थ्य बीमा की सुविधा का लाभ निजी अस्पतालों में ही लिया जाता है, वहां इनके दावे आदि को लेकर कई तरह की अनियमितताओं की शिकायतें मिलती रहती हैं। कोरोना काल के बाद स्वास्थ्य बीमा की वार्षिक किस्तें पचास फीसद से अधिक बढ़ चुकी हैं। इसलिए स्वास्थ्य बीमा नियमों को लचीला बनाने के साथ-साथ इन्हें व्यावहारिक और पारदर्शी बनाने की दिशा में भी भरोसेमंद कदम उठाने की जरूरत है।

# आप का संकट- पांच उदाहरण जो बताते हैं परिवर्तन के लिए नहीं

(अंकित राज)

*आप ने कॉर्पोरेट चंदे से नहीं किया परहेज़*
*कभी क्राउडफंडिंग और घर-घर जाकर, चंदा जुटाकर राजनीति करने का दावा करने वाली आप अब कॉर्पोरेट चंदों के बीच खेलती है। चुनावी बांड से आप 52.4 करोड़ रुपये का दान ले चुकी है। हाल में सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड को असंवैधानिक घोषित किया है। आम आदमी पार्टी के शीर्ष 10 दानदाता में 6 कांग्रेस पार्टी के प्रमुख दानदाताओं की सूची में हैं।*

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पहली बार भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन (2011) करते हुए तिहाड़ जेल गए थे। वर्तमान में वह भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले की वजह से उसी तिहाड़ जेल में हैं। ये विडंबना ही है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन कर नेता बनने वाले और नई तरह की राजनीति का वादा कर आम आदमी पार्टी (आप) बनाने वाले अरविंद केजरीवाल खुद भ्रष्टाचार के आरोप झेल रहे हैं। उनकी पार्टी के कई बड़े नेता भी इसी तरह के आरोपों का सामना कर रहे हैं। आप की स्थापना करते हुए केजरीवाल का दावा था कि वह राजनीति बदलने के लिए राजनीति में आए हैं। कीचड़ साफ करने के लिए कीचड़ में उतरे हैं। आइए पांच उदाहरणों से समझते हैं कि क्यों केजरीवाल ने पार्टी की स्थापना राजनीति को बदलने के लिए नहीं, बल्कि खालिश राजनीति के लिए की थी। लोकतंत्र की लड़ाई लड़ने वाली पार्टी में कितना लोकतंत्र 'आप' भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से निकली पार्टी है। राजनीतिक पार्टी शुरू करने से पहले इसके नेताओं को सक्रिय राजनीति का कोई अनुभव नहीं था। पार्टी की स्थापना को 13 साल हो चुके हैं। अब कई नेताओं को पर्याप्त अनुभव भी हो चुका है, बावजूद इसके पार्टी में केजरीवाल की जगह लेना वाला कोई नजर नहीं आ रहा है। केजरीवाल पर अक्सर ये आरोप लगता है कि उन्होंने पार्टी में नेताओं की दूसरी कतार को उभरने नहीं दिया। पूर्व आप सदस्य और सत्यहिंदी के संस्थापक संपादक आशुतोष इसे आप की विफलता बताते हुए द इंडियन एक्सप्रेस में लिखते हैं, यह सर्वविदित है कि पार्टी केजरीवाल के आसपास इतनी केंद्रीकृत है कि किसी को भी स्वायत्त होने और स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने की अनुमति नहीं है। परिवारवाद को भूल पत्नी को दिया बढ़ावा भारतीय राजनीति की कई कमियों में से एक परिवारवाद है, जिसके खिलाफ कभी केजरीवाल भी खुलकर बोला करते थे। पार्टी की स्थापना के बाद आज तक को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, आज हर पार्टी के अंदर नेताओं के बेटे और बेटियों को टिकट मिलता है। मुलायम सिंह जी का बेटा ही चीफ मिनिस्टर बनता है। लालू यादव की पत्नी ही मुख्यमंत्री बनती हैं। सोनिया गांधी जी का बेटा ही प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब देख सकता है। ज लेकिन हमने अपने संविधान में लिख दिया है कि एक व्यक्ति को टिकट मिलेगा तो उसके परिवार के दूसरे व्यक्ति को टिकट नहीं मिलेगा। एक व्यक्ति हमारी कार्यकारी समिति का सदस्य है, तो उसके परिवार का दूसरा सदस्य कार्यकारी समिति में नहीं हो सकता। लेकिन हुआ क्या? कथित शराब घोटाले में गिरफ्तारी के बाद अरविंद केजरीवाल ने अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल को आगे कर दिया। उनकी गिरफ्तारी के बाद से सुनिता केजरीवाल ही उनके लिए संदेश जारी कर रही है और वह भी ठीक उसी बैकग्राउंड और कुर्सी पर बैठकर, जिसका इस्तेमाल केजरीवाल संदेश जारी करने के लिए किया करते थे। शुरुआत में बात-बात पर जनमत संग्रह कराने वाली पार्टी अब किसी से नहीं पूछ रही है कि सुनिता केजरीवाल को आगे करना चाहिए या नहीं, या केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए या नहीं। आशुतोष ने लिखा है, आदर्श रूप से केजरीवाल को इस्तीफा दे देना चाहिए था और पार्टी को एक नया नेता चुनने देना चाहिए था जो उनकी अनुपस्थिति में सीएम हो सकता था, जैसा कि लालू प्रसाद और जयललिता ने किया था जब उन्हें गिरफ्तार किया गया था। यहां तक कि गिरफ्तार होने से पहले ही हेमंत सोरेन ने चंपई सोरेन को अपनी जगह लेने का रास्ता साफ कर दिया था। राज्यसभा में समर्पित कार्यकर्ताओं की अनदेखी आप के मजबूत होने के बाद जब केजरीवाल के पास राज्यसभा में सांसद भेजने का विकल्प आया तो उन्होंने अपने सक्रिय कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर ऐसे लोगों को ऊपरी सदन में भेजा, जिन्होंने संसद में कोई सक्रियता नहीं दिखाई।साल 2018 में जब आप ने राज्यसभा के लिए डॉ. सुशील गुप्ता और एनडी गुप्ता के नाम की घोषणा की थी, तो न्यूज़ मीडिया में खबरें बनी थीं- कौन हैं आप के राज्यसभा उम्मीदवार सुशील गुप्ता और एनडी गुप्ता? जाहिर है आम लोगों या पार्टी कार्यकर्ताओं के आप के राज्यसभा उम्मीदवार चर्चित नहीं थे। दिलचस्प है कि सुशील गुप्ता और एनडी गुप्ता दोनों ही राज्यसभा भेजे जाने से कुछ समय पहले आम आदमी पार्टी से जुड़े थे। इससे भी अनोखी बात यह है कि सुशील गुप्ता उसी कांग्रेस के पूर्व सदस्य हैं, जिसके खिलाफ केजरीवाल ने भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन छेड़ा था। सुशील गुप्ता ने 2013 में मोती नगर विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के कुलदीप सिंह चन्ना के खिलाफ चुनाव भी लड़ा था। जहां एनडी गुप्ता की पहचान एक चार्टर्ड अकाउंटेंट की रही है। वहीं सुशील गुप्ता दिल्ली और हरियाणा में गंगा इंटरनेशनल स्कूल नामक शैक्षणिक संस्थानों की एक श्रृंखला चलाते हैं। वह पश्चिमी दिल्ली में महाराजा अग्रसेन अस्पताल भी चलाते हैं। दोनों में एक समानता यह है कि दोनों ही बेहद अमीर हैं। विज्ञापन पर खर्च करने के मामले में आम आदमी पार्टी भी भाजपा-कांग्रेस ही साबित हुई है। जुलाई, 2023 में कोर्ट की फटकार के बाद आप ने एक हलफनामा दायर किया था, जिससे पता चला था कि पार्टी ने बीते तीन साल में विज्ञापन पर 1,073 करोड़ रुपये खर्च किए। कोर्ट इस आंकड़े पर हैरान था।दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली, मेरठ और गाजियाबाद को जोड़ने वाले रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम को लागू करने में हो रही देरी के संबंध में दायर की गई एक याचिका पर सुनवाई चल रही थी। 3 जुलाई, 2023 को दिल्ली सरकार ने शीर्ष अदालत को बताया था कि उसके पास परियोजना के लिए आवंटित करने के लिए पर्याप्त धन नहीं है। इस पर अदालत ने कहा था, यदि आपके पास विज्ञापनों के लिए पैसा है, तो पास उस परियोजना के लिए पैसा क्यों नहीं है जो सुचारू परिवहन सुनिश्चित करेगी? इसके बाद कोर्ट ने दिल्ली सरकार को पिछले तीन वर्षों में अपने विज्ञापन खर्च का हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया। हलफनामा से पता चला कि सरकार गत तीन साल में विज्ञापन पर 1,073 करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है। यह देख सुप्रीम कोर्ट जज ने आप को फटकार लगाते हुए कहा था- हम आपका विज्ञापन बजट कुर्क कर लेंगे। योजनाओं से ज्यादा योजनाओं के प्रचार पर खर्च करने के लिए आप कुख्यात रही है। आप सरकार ने पराली जलाने की समस्या से निपटने के लिए एक विशेष 'बायो-डीकंपोजर' तैयार किया था। 2020-22 में सरकार ने 'बायो-डीकंपोजर' के छिड़काव पर 68 लाख रुपये खर्च किए थे।

# सुधारिए हाल, वरना हर शहर में सुलगेंगे कचरे के पहाड़

(अनिल प्रकाश जोशी, पर्यावरणविद्)

दिल्ली में कचरे के एक पहाड़ में फिर आग लग गई, जिसे दूर-दूर तक लोगों ने देखा और लाखों लोगों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बेशक, दुनिया की सबसे बड़ी चुनौतियों में अब अपशिष्ट या कूड़ा-कचरा भी शामिल हो चुका है। पृथ्वी हो या आकाश, हमने ऐसे हालात पैदा कर दिए हैं कि इस ब्रह्मांड का कोई कोना ऐसा नहीं बचा, जहां मनुष्यों द्वारा उत्पादित कूड़ा न फैला हो। अंतरिक्ष में ही देख लीजिए, करीब 93 हजार टन ठोस कूड़ा-कचरा वहां झूल रहा है। इसे लेकर संयुक्त राष्ट्र आह्वान भी कर चुका है कि जिन अंतरिक्ष एजेंसियों ने अंतरिक्ष में कूड़ा पैदा किया है, वे उसे वापस धरती पर लाएं। खैर, आईपीसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अगर यही रफ्तार रही, तो साल 2050 तक 3.4 गीगाटन शहरी कूड़ा-कचरा होगा। आने वाले समय में यह कूड़ा इसलिए भी बढ़ता चला जाएगा, क्योंकि हमारे शहर 17 प्रतिशत की दर से विकसित हो रहे हैं। आने वाले दिनों में विकास की रफ्तार को और तेज होना है, तो आज की तुलना में कई गुना ज्यादा कचरे के लिए हमें तैयार रहना चाहिए। शहरों में कचरा इसलिए भी ज्यादा पैदा हो रहा है, क्योंकि वहां विकल्प के अभाव में प्रति व्यक्ति प्लास्टिक का उपयोग या उपभोग बढ़ेगा। एक आंकड़े के अनुसार, कूड़ा पैदा करने के मामले में अमेरिका का स्थान सबसे ऊपर है। अमेरिका प्रति व्यक्ति 2.3 किलोग्राम से ज्यादा कूड़ा प्रतिदिन पैदा करता है। इसी तरह चीन और ऑस्ट्रेलिया में भी प्रति व्यक्ति कचरा उत्पादन ज्यादा है। भारत की अगर बात करें, तो प्रति व्यक्ति 0.62 किलोग्राम कचरा प्रतिदिन पैदा करता है। हम भारतीय जब ज्यादा तेज विकास करते हुए ज्यादा कचरा पैदा करने लगेंगे, तब क्या होगा? दिल्ली के गाजीपुर जैसे कूड़े के न जाने कितने पहाड़ शहर-दर-शहर खड़े नजर आएंगे? दुनिया भर के आंकड़ों व शोध से पता चला है, अभी तक दुनिया में करीब 70 प्रतिशत कचरा लैंड फिल या पहाड़ों के रूप में बदल दिया जाता है। इस कचरे में से फिर इस्तेमाल योग्य मात्रा महज 11 प्रतिशत है, जबकि बड़ा प्रतिशत जला दिया जाता है। इसके बावजूद दुनिया में बहुत से शहर या देश ऐसे हैं, जिन्होंने अच्छे उदाहरण पेश किए हैं। इनमें जर्मनी सबसे अव्वल है, जहां सबसे ज्यादा रीसाइक्लिंग होती है। वहां 66.1 प्रतिशत कचरे का निस्तारण रीसाइक्लिंग के जरिये हो जाता है। इसी तरह, सिंगापुर भी शून्य कचरे के लिए जाना जाता है। अपने देश में भी कुछ शहर कचरा प्रबंधन में पहचान बनाए हुए हैं। अहमदाबाद 15 करोड़ मैट्रिक टन कचरा पैदा करता है, पर वहां कूड़ा संग्रह का तरीका ऐसा है कि 98 प्रतिशत कचरे को एकत्र कर लिया जाता है। सूरत, नवी मुंबई और मैसूरु की भी अपनी पहचान है। स्वच्छता और कचरा संग्रह में इंदौर का भी अपना स्थान है। ऐसे शहरों से दिल्ली ने कितना सीखा है? हमारे शहरों में एक बड़ी कमी दिखाई देती है कि सही शोध का अभाव है। वैसे दुनिया में 'सात आर' का नारा है, जिसमें काम चल रहा है। री-थिंक, री-फ्यूज, री-ड्यूस, री-यूज, री-पेयर, री-गिफ्ट, री-साइकिल। कचरा पैदा करने से पहले सोचिए, इनकार कीजिए, घटाइए, दोबारा इस्तेमाल कीजिए, मरम्मत कीजिए, फिर उपहार दीजिए और पुनर्रचना कीजिए। कचरे का फिर इस्तेमाल करने के मामले में भारत की स्थिति सुधरी है, पर हमें बड़े प्रयासों की जरूरत है, ताकि शहर-दर-शहर न कचरे के पहाड़ बनें और न हर गरमी उनमें भयंकर आग लगने की नौबत आए। बेशक काम हो रहा है, प्लास्टिक से सड़कें बनाई जा रही हैं, कचरे से कंपोस्ट बनाया जा रहा है, ऊर्जा में भी उपयोग हो रहा है। फिर भी मात्र 10 से 15 प्रतिशत काम ही इस दिशा में हुआ है। अपने देश में ऐसे संस्थानों को बढ़ावा देना होगा, जो कचरा प्रबंधन पर वैज्ञानिक ढंग से काम करें। कचरे के स्थानीय उपयोग पर ही ज्यादा फोकस करना होगा। प्राकृतिक ढंग से ज्यादातर कचरे का उपचार स्वयं प्रकृति ही कर लेगी, इस दिशा में ज्यादा शोध की जरूरत है। पुणे जैसे कुछ शहरों ने कचरे से बिजली बनाने की कोशिश की है, इस पर ज्यादा काम करना होगा। बहुत कुछ संभव है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5353


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 4 | | 6 | |
| 3 | | | | 6 | 8 | 2 | | |
| 4 | 6 | | | 9 | | | | 1 |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| | 3 | 4 | | 5 | | 7 | 2 | |
| | 9 | | 2 | | | | | |
| 6 | | | | 8 | | | 7 | 9 |
| | | 9 | 3 | 2 | | | | 8 |
| | 7 | | 9 | | | | 5 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5352

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 7 | 9 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 1 | 9 | 5 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 7 | 9 | 2 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 7 | 2 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 6 | 1 | 9 | 5 | 7 | 3 | 4 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 | 6 | 7 |

## वर्ग पहेली 5353



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. भारत के इस पडौसी देश में 6 जून 1995 को बाल अपराध अथवा उनकी फांसी की सजा प्रतिबंधित की गई (4)
4. माता सरस्वती का एक नाम (3)
6. जमीन से उगने वाला पेड़, पौधे आदि (4)
8. सुखभोग, चसका (2)
9. पार लगना, उद्धार होना (4)
11. अनुराग, प्रेम, लालसा (2)
12. केकड़ा, फलित ज्योतिष की बारह राशियों में से एक (2)
13. काव्यमर्मज्ञ, रस लेने वाला (3)
14. पश्चिम अफ्रीका के दश सेनेगल की यह राजधानी है, उर्ध्ववायु को मुंह से निकलती है (3)
16. मिथ्या संवाद, झूठी खबर (2)
17. जबड़े की हड्डी (2)
18. जामन डालकर जमाया हुआ दूध (2)
19. सप्ताह का दिन प्रहार करने की क्रिया (2)
20. शक, संदेह, भ्रम (2)
21. एक नक्षत्र जिसमें पांच तारे है (2)
22. विस्तार पूर्वक कथन (3)

**ऊपर से नीचे**

1. कुंती का एक नाम पृथा भी था इसलिए अर्जुन का एक नाम यह भी है (2)
2. स्तुति करने वाला (3)
3. महिला ईसाई पादरी यह कहलाती है (2)
4. काइंया, चालाक (3)
5. गर्म धातु से शरीर पर निशान लगाना (3)
7. अग्नि की चिंगारी को यह अंग्रेजी में कहते है (3)
8. पतिव्रता (उर्दू) (6)
10. फागुन की पूर्णिमा को होने वाला हिंदुओं का एक त्यौहार, होली (6)
12. क से ह तक की वर्णमाला (4)
15. महादयाल, कृपा, दया करने वाला (3)
16. जिसने कोई घटना अपनी आंखों से देखी हो , साक्षी (3)
20. अक्षर, जाति, रंग (2)

### वर्ग पहेली 5352 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | नि | या | मि | र्जा | | बु | ध |
| ब | दा | | ल | | सा | ज | न |
| र | न | क | ना | | | दि | वा |
| म | | र्म | | फि | स | ल | न |
| ती | ज | | आ | रो | ही | | |
| | या | | ग | जा | | स | जा |
| | प्र | जा | | बा | हु | ब | ली |
| कु | दा | ल | | द | | ब | |

# आज का राशिफल

### मेष
आज थोड़ी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। आज आपकी ऑफिस के लोगों के साथ किसी वजह से अनबन हो सकती है। घर गृहस्थी के उपयोग की कोई प्रिय वस्तु खरीद सकते हैं और उसमें आपका लाभ होगा। शुभ व्यय होगा। दाम्पत्य जीवन में सरसता बनाए रखें, समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।

### वृष
आज उन लोगों को लाभ होगा जो काफी समय से किसी प्रॉजेक्ट पर काम कर रहे थे। यात्रा सामान्य लाभप्रद रहेगी। दोपहर बाद उच्चाधिकारी से विवाद होने की वजह से आपका मूड बिगड़ सकता है। कानूनी पक्ष नया मोड़ ले सकता है। सांयकाल के समय योजनापूर्ति से लाभ होगा और अतिथि आगमन से आपके खर्च बढ़ सकते हैं।

### कर्क
आज भाग्योदय का दिन है। किसी महान सफलता से आपको हर्ष होगा। बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से संतोष होगा। दिन के उत्तरार्ध में पिछले चार दिनों से चले आ रहे विवाद का अंत होगा। कहासुनी को बातचीत से सुलझा लें तो आपके लिए अच्छा होगा। कोई भी कार्य बिना किसी बाधा के पूर्ण होगा।

### सिंह
आज किसी मामले में आपको अचानक धन का लाभ होगा। घर में किसी की सेहत बिगड़ने से आपकी तबियत खराब हो सकती है। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करते समय या गाड़ी चलाते समय टेंशन को हावी न होने दें। दोस्ती में किसी पर भरोसा न करें और पैसों का लेनेदेन न करें। जोखिम के काम से दूर रहें।

### मिथुन
आज कार्ययोजनाएं सफल होंगी और आपके धन में वृद्धि के योग हैं। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। व्यवसायिक प्रयास फलीभूत होंगे। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने की आशंका है। सतर्क रहें। आप बिना सोचे कोई फैसला न करें।

### कन्या
आज दिन अच्छा है, जिन यंगस्टर्स ने अभी अपने करियर की शुरुआत की है, उन्हें आज अपने ऑफिस में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शाम का वक्त सामाजिक कार्य में बीतेगा।

### तुला
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके मान प्रतिष्ठा में निश्चित रूप से वृद्धि होगी। आपकी जिम्मदारी बढ़ने से आपको कुछ परेशानी हो सकती है। घबराएं नहीं। सांयकाल से लेकर रात्रि तक पुराने मित्रों के मिलन से मन प्रसन्न होगा। मंगलमय समारोह में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

### वृश्चिक
आज आर्थिक लाभ होगा और आपको आज धन के निवेश का फैसला काफी सोचकर करने की जरूरत है। राजनीतिक गतिविधियों में रुकावट आ सकती है। दोपहर के बाद आपको परेशानी हो सकती है और बिना वजह खर्च आपको करने पड़ सकते हैं। आपके लिए रात का वक्त मांगलिक कार्य में बीतेगा।

### मकर
आज आपका पूरा दिन दूसरों की मदद करने में बीतेगा। आपको आत्मसंतुष्टि प्राप्त होगी और मन प्रसन्न होगा। ऑफिस में आपके अधिकारों में वृद्धि होने के कारण साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है। शाम का वक्त देव दर्शन के लाभ और धार्मिक कार्य में बीतेगा। वरना आपको नुकसान हो सकता है।

### कुंभ
आज लाभ के योग बन रहे हैं और रुके कार्य बिना किसी बाधा के पूर्ण होंगे। आप अपने धैर्य और मृदु व्यवहार से वातावरण को हल्का करने में कामयाब होंगे। अपने प्रिय व्यक्ति की मदद करने के कारण कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। रात्रि का समय परिवार के लोगों के साथ आनंद में बीतेगा।

### धनु
आज आपके कार्य में सफलता के योग हैं। जरूरी कार्य पूर्ण होंगे और आपके धन में वृद्धि के योग हैं। जीवनसाथी से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार में साझीदारों का सहयोग मिलेगा। अच्छे कार्य में आपकी रुचि बढ़ेगी और आपके घर में कोई मेहमान आ सकता है। नौकरीपेशा के लोगों के लिए उन्नति के योग बन रहे हैं। मन को शांति मिलेगी। अत्यधिक श्रम से थकान हो सकती है, सावधान रहें।

### मीन
आज का दिन मिलाजुला होगा और आज आपको धन के मामले में लाभ होगा। पदोन्नति के अवसर मिलेंगे और आपके भाग्य में वृद्धि के योग हैं। आज आपके सोचे गए कार्य पूर्ण होंगे और योजनाएं सफल होंगी। आपका भाग्य साथ दे रहा है और किसी जरूरी काम से आपको यात्रा पर जाना पड़ सकता है। संकल्पित कार्य सिद्ध होंगे।





# नया साल नए अजूबे

तुम दुनिया के नए-पुराने सभी अजूबों के बारे में जानते होगे। ये अजूबे वर्षों पहले बने थे, मगर आज भी ऐसे कई काम हो रहे हैं, जो तुम्हारे लिए किसी अजूबे से कम नहीं हैं।

## दुनिया का पहला निराला घर

आज तक तुमने कई तरह के डिजाइन वाले घर देखे होंगे। कई ऐसे घर होंगे, जो कि सी अनोखे आकार में तुम्हें आकर्षित भी करते होंगे। अलग-अलग तरह के डिजाइन करने वाले वास्तुकार भी हर सुख-सुविधा का घर बनाते हैं। पर अगर हम तुमसे ये पूछें कि क्या तुमने कभी उल्टा घर भी देखा है, जिसका बेस उसकी छत की तरह हो और छत जमीन से सटी हो। हां, एक ऐसा घर बन कर तैयार है, जिसे देखकर ऐसा लगेगा, मानो कुछ देर पहले कोई जबरदस्त भूंकप ने इस घर को एकदम उलट दिया हो। जब तुम इसे देखोगे तो अपनी बाईं या दाईं तरफ घुमाकर उसे सीधा देखने की कोशिश करोगे।

इस घर के किचन से लेकर बाथरूम और हर एक कमरा अपने सिर के बल उल्टा लटका हुआ लगता है। 23 फीट ऊंचे इस घर में रहने के लिए वह हर स्थान है, जो एक परिवार के लिए जरूरी होता है। मगर यह घर रहने के लिए नहीं बनाया गया है। इस घर का निर्माण जर्मनी स्थित एक चिड़ियाघर के लिए किया गया है। यहां के स्थानीय कारपेंटर गैरहार्ड ने इस बारे में सोचा। फिर उसने अपने अन्य साथियों को इस बारे में बताया।

गैरहार्ड की बात सुनकर सबने उन्हें प्रोत्साहित किया और इस काम में मदद करने का आश्वासन दिया। इसके बाद ही गैरहार्ड ने इसका निर्माण कार्य आरंभ किया। करीब 50 अलग-अलग टुकड़ों की मदद से इस घर की छत को बनाया गया है। हर चीज को सही तरीके से करने में निर्माताओं को महीनों तक मेहनत करनी पड़ी। कारीगरों के मुताबिक आज उन्हें यह सुखद एहसास होता है कि उन्होंने दुनिया का एक निराला घर तैयार किया है। इस घर के बनने के बाद से यहां दूर-दूर से लोग इसे देखने के लिए प्रतिदिन आते हैं। इस चिड़ियाघर में लोगों की आवाजाही बढ़ गई है।

## लैड से बच्चों को बचाने की पहल



पर्यावरण को दूषित होने से बचाने के लिए विश्व में अलग-अलग स्तर पर काम किया जा रहा है। हर संभव कोशिश की जा रही है कि जहीरीले पदार्थों से इस धरती को कैसे बचाया जाए। बच्चों को बड़ों से अधिक संवेदनशील माना जाता है। इसीलिए उन पर दूषित होते पर्यावरण का असर अधिक होता है। खेल-खेल में उनके स्वास्थ्य को खतरा न हो, इसकी पहल हो चुकी है। बेंगलुरू में बच्चों के खेलने का एक ऐसा पार्क तैयार है, जो खतरनाक शीशा यानी लैड से मुक्त है। इसके पीछे बेंगलुरू के बायोकैमिस्ट्री के रिटायर्ड प्रोफेसर थुप्पली वेंकटेश की मेहनत है। डॉक्टर वेंकटेश ने यहां देश का पहला ऐसा सेंटर तैयार करवाया, जो लैड के जहरीले कणों से लड़ने के विकल्प को ढूंढ़ रहा है। उन्होंने अपनी रिसर्च में पाया कि लैड मनुष्य को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है। खासकर के बच्चों का स्वास्थ्य। लैड से बच्चों का आई क्यू भी कम हो जाता है। अब उन्होंने यह भी बताया कि आखिर बच्चों तक लैड पहुंचता कैसे है। उनके मुताबिक बच्चों को  लैड के दुष्प्रभाव हर वक्त अपनी चपेट में लेने के लिए तैयार रहते हैं। घर, स्कूल व पार्क में इस्तेमाल किया जाने वाला पेंट ही बच्चों का सबसे बड़ा दुश्मन है। आमतौर पर प्रदूषण की परिभाषा गाड़ियों व फैक्टरियों के धुएं को ही दी जाती है। स्कूल बसों का पीला रंग और खेल के मैदान में इस्तेमाल किये जाने वाले अलग-अलग पेंट में भी लैड पाया जाता है। डॉ. वेंकटेश ने बच्चों के जीवन से लैड को दूर करने की शुरुआत बेंगलुरू के पार्क से करनी चाही, क्योंकि पार्क बच्चों की मस्ती की मनपसंद जगह है। जब पार्क तैयार किया जाना था तो सबसे बड़ी मुश्किल यही थी कि आखिर लैड फ्री पेंट कहां से लाया जाए। हैरानी तब हुई जब किसी भी भारतीय पेंट निर्माता के पास लैड फ्री पेंट नहीं पाया गया।

कुछ विज्ञापन उत्पादों में जरूर लैड फ्री का दावा किया जाता है, मगर उनकी संख्या न के बराबर है। इस समस्या से निपटने के लिए उन्होंने सबसे पहले मैसूर पेंट्स एंड लैक कंपनी को मनाया कि उनके लिए लैड फ्री पेंट तैयार करे। दूसरे चरण में बेंगलुरू की जवाहर बाल भारती संस्था से बात की गई। यह एक ऐसा पार्क है, जहां हर रोज करीब 3 हजार बच्चों आते हैं। बस इसी पार्क को लैड फ्री बनाए जाने की योजना बनाई गई। योजना सफल हुई और पिछले दिनों सभी बच्चों के लिए इसे खोल दिया गया। डॉ. वेंकटेश चाहते हैं कि राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत देश के हर स्कूल व पार्क को लैड फ्री बनाया जाए। एर्नाकुलम के सरकारी अस्पताल पहल करते हुए पैडियाट्रिक डिपार्टमेंट को लैड फी बना रहे हैं। एक बार लोगों में जागरूकता आएगी और पेंट्स कंपनी साथ देंगी तो वे दिन दूर नहीं कि घर व बाहर हर जगह लैड फी पेंट का इस्तेमाल किया जाएगा। मजेदार बात यह है कि लैड फ्री पेंट दूसरे पेंट के मुकाबले सस्ता भी है। मैसूर पेंट्स के मुताबिक जहां लैड फी पेंट 180 रुपए प्रति लीटर बिकेगा, वहीं दूसरे पेंट्स 250 रुपए प्रति लीटर से अधिक कीमत में बिक रहे हैं।







## नमक की ईंटों पर खड़ा है ये होटल...

फाइव स्टार से फाइव स्टार डीलक्स होटल तक हर बड़े शहरों में देखे जाते हैं। उनकी दीवारों और छतों को बनाने में आमतौर पर सीमेंट, लोहा, ईंट, डस्ट आदि का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन सोचो कि अगर किसी होटल में दाखिल होते ही नोटिस बोर्ड पर होटल की दीवारों से छेड़छाड़ न करने की चेतावनी लिखी हो तो कितनी हैरानी होगी तुम्हें। जी हां, कुछ ऐसे शब्दों को बोलविया के एक होटल में लिखा देखा जा सकता है। यह होटल पूरी तरह से नमक का बना हुआ है। समुद्रतल से 12,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस होटल को करीब से देखने व ठहरने के लिए हजारों पर्यटक हर साल पहुंच रहे हैं। यहां वे सभी सुविधाएं हैं, जो एक स्तरीय होटल से उम्मीद की जाती है। होटल को बनाने के लिए नमक की ईंटों का इस्तेमाल किया गया है। नमक की दीवारें यहां के तापमान को भी नियत्रित करती हैं। यहां रात में तापमान -9 और 5 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है। यहां तकरीबन 60 हजार यात्री हर साल आते हैं। यह होटल टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में पूरी दुनिया में मशहूर हो चुका है। लोग दूर-दूर से यहां रहने आते हैं और अलग अनुभव पाते हैं।


## अब बीज बच जाएंगे...

सीड वॉल्ट एक बीज बैंक है। इसे बनाने में नॉर्वे और इंग्लैंड जैसे देशों का योगदान खासा अहम रहा है। दुनिया के कई देशों में ऐसे बीज बैंक हैं, जो फसलों, फूलों और दूसरी चीजों के बीजों को संजोकर रखते हैं। ऐसा इसलिये होता है कि कभी भी विपदा के समय वह काम आ सकें। मगर अब इससे भी एक कदम आगे की बात वैज्ञानिकों ने की है। उन्होंने नॉर्थ पोल, जो दुनिया का बेहद ठंडा इलाका है, वहां पर एक बीज बैंक बनाया है।

यह बीज बैंक दूसरे बैंकों जैसा ही है। मगर इतना विशाल है कि तुम शायद सोच भी नहीं सकते हो। यह ऐसी जगह है, जहां पर इस तरह की विपदा आसानी से नहीं आएगी। इसके अलावा वैज्ञानिकों ने इस जगह को इसलिये भी चुना, क्योंकि यहां के बर्फीले मौसम में बीज को लम्बे समय तक के लिये बचा कर रखा जा सकता है। इसको बनाते समय कई देशों ने आपसी समझौते के तहत इस जगह को नो वार जोन में बदल दिया। यानी किसी भी सूरत में यहां युद्ध नहीं होगा। यह सीड वॉल्ट बर्फ की चट्टानों को काटकर बहुत गहराई में अंदर तक बनाया गया है। इसमें किसी भी किस्म के लाखों की संख्या में बीज रखे हैं। दुनिया का कोई पेड़-पौधा ऐसा नहीं बचा है, जिसका बीज यहां पर मौजूद न हो। मजे की बात है कि यह बैंक किसी तरह की विपदा आने पर उस देश को बीज देने में किसी तरह की वसूली नहीं करता है। यह इस पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने के लिये ही किया जा रहा है। आज हम कह सकते हैं कि भले ही पृथ्वी पर से डायनासोर जैसे जीव लुप्त हो गए हों, मगर आज पृथ्वी पर जीवन बचाने की यह कोशिश देखकर लगता है कि शायद इस हरी-भरी पृथ्वी पर इसकी हरियाली हमेशा कायम रहेगी।








## गेम्स से भी कुछ सीखो

गेम्स, गेम्स, गेम्स। दिन में गेम्स, रात में गेम्स, छुट्टी में दिन भर गेम्स, घर में दोस्त आ जाएं तो गेम्स और कोई घर में न हो तो गेम्स। एक बार तुम्हें मौका मिला नहीं कि गेम्स खेलना शुरू कर देते हो और हाई स्कोर तक पहुंच कर ही मानते हो, फिर चाहे मम्मी खाने के लिए डांटती रहे, तुम्हें कंप्यूटर की सीट से कोई हिला नहीं पाता। गेम्स की दुनिया तुम्हें इतनी पसंद है कि परीक्षा के दिनों में सबसे छिपकर तुम गेम्स खेलने का टाइम निकाल ही लेते हो। वह अलग बात है कि अगले दिन परीक्षा में सवाल हल करते हुए भी तुम्हें अपने पसंदीदा गेम्स की थोड़ी-बहुत याद आ ही जाती है। लेकिन यह बात भी सही है कि गेम्स खेलने के अलावा तुम्हें नई मजोदार चीजें भी सीखना पसंद है। तो चलो आज तुम्हें ऐसी ही एक मजेदार साइट के बारे में बताते हैं, जहां तुम गेम्स खेलते-खेलते कई मजेदार चीजें भी सीखोगे।

### डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट लर्निंग गेम्स फॉर किड्स डॉट कॉम

इस साइट पर जाते ही तुम्हें दाएं साइड में गेम्स की कई कैटेगरी दिखेंगी। इसमें से जो भी केटेगरी के गेम्स खेलना चाहो, उस पर क्लिक करने पर कई गेम्स की लिस्ट नजर आएगी, जिसमें से तुम कोई गेम चुन सकते हो। इससे एक तो तुम्हें मजा बहुत आएगा, साथ ही तुम्हारी नॉलेज इतनी बढ़ जाएगी कि तुम्हारे स्कूल में सब चौंक जाएंगे।

### टाइपिंग स्पीड बढ़ेगी

जब भी तुम दीदी को कंप्यूटर पर जल्दी-जल्दी टाइप करते देखते हो तो तुम्हारा भी मन करता है कि काश, तुम भी इतनी ही जल्दी टाइप कर पाते। यहां बड़े आराम से तुम टाइपिंग करना सीख जाओगे। बस कीबोर्ड गेम्स वाले ऑप्शन पर क्लिक करो और टाइपिंग प्रैक्टिस शुरू कर दो। एक बार सीखने के बाद तुम यहां अपना टाइपिंग स्पीड टेस्ट लेकर देख सकते हो कि तुम्हें प्रैक्टिस की और जरूरत है या नहीं।

### तुम्हारे विषय से जुड़े गेम्स भी हैं

यहां तुम सभी विषयों के गेम्स खेल सकते हो। अगर तुम्हें इंग्लिश पसंद है, तो तुम वोकेब्युलरी गेम्स, स्पेलिंग गेम्स, अल्फाबेट गेम्स खेल कर जांच सकते हो कि तुम्हारी इंग्लिश कैसी है। साइंस गेम्स खेलना चाहते हो तो तुम्हारे लिए साइंस के टॉपिक्स के गेम्स भी हैं। इसके अलावा मैथ्स, सोशल साइंस, ज्योग्राफी के गेम्स भी हैं।

### आर्ट और म्यूजिक के गेम्स

तुम आरकेस्ट्रा, जैज, ओपेरा, ब्लूग्रास जैसी म्यूजिक को सुन सकते हो और इसके गेम्स खेलते हुए उनके बारे में जान भी सकते हो। इसके अलावा यहां पेंटिंग भी कर सकते हो। इस साइट पर राइम्स सुन सकते हो और वीडियो के जरिये मछलियों, पक्षियों और समुद्र आदि के संसार में झांक सकते हो।



## समुद्री जीवों को खतरा

दुनिया के समुद्र में जिस तरह से एसिड का स्तर बढ़ रहा है, उससे समुद्री जीवों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यही हाल रहा तो 2100 तक कई सारे समुद्री जीव समाप्त हो जाएंगे। इसे चिंता को लेकर दुनिया के 500 से ज्यादा जाने-माने विशेषज्ञ साल 2012 में कैलिफोर्निया में जुटे थे। शोधकर्ता इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि वर्ष 2100 तक एसिड का स्तर 170 फीसदी तक बढ़ सकता है। मुख्य रूप से कार्बन डाइ-ऑक्साइड के उत्सर्जन को जिम्मेवार ठहराया जा रहा है। वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट में कहा गया है कि एसिड का स्तर बढ़ाने में इनसानी गतिविधियों का हाथ है, जो हर दिन दो करोड़ 40 लाख टन कार्बन डाइ-ऑक्साइड समुद्र में घोल रहे हैं। समुद्र की गहराई में किए अध्ययन से पता चलता है कि जहां पानी में एसिड का स्तर कार्बन डाइऑक्साइड की वजह से ज्यादा है, वहीं बढ़ता एसिड उन समुद्री जीवों के लिए खतरा है जिनका कवच कैल्शियम कार्बोनेट से बनता है। एसिड का सबसे ज्यादा असर आर्कटिक और अंटार्कटिक में देखा जा रहा है।










# जेरार्ड पिक से अलग होने के बावजूद पॉप सिंगर शकीरा को है प्यार पर पूरा भरोसा

**लॉस एंजेलिस**। 2022 में स्पेन के फुटबॉल स्टार जेरार्ड पिक से अलग होने के बाद भी पॉप सिंगर शकीरा का प्यार पर विश्वास बना हुआ है। शकीरा और उनके पार्टनर जेरार्ड पीके 12 साल के रिश्ते के बाद एक-दूसरे से अलग हुए। मैरी क्लेयर यूके से बात करते हुए शकीरा ने कहा, मैं यह नहीं कह सकती कि मेरा प्यार में विश्वास उठ गया है। मैंने अपने माता-पिता को देखा है, जो 50 साल से साथ में हैं, कैसे वे एक-दूसरे की आंखों में देखते हैं और हाथ पकड़ते हैं और एक-दूसरे के बिना एक पल भी नहीं रह सकते। मैंने प्यार देखा है, हालांकि मैं खुद को इतना भाग्यशाली नहीं मानती।

उन्होंने आगे कहा, एक ही बार शादी करना सामाजिक नजरिए से आदर्श माना जाता है। लेकिन मुझे अन्य तरीकों से खूब प्यार मिला है, मेरे फैंस, मेरे बच्चों और सच्चे दोस्तों से। दोस्ती प्यार का सबसे शुद्ध रूप है और यह सच है। मेरे अनुभव में यह रिश्ता लंबे समय तक चलता है। शकीरा ने कहा- मेरा रिश्ता 12 साल तक चला, लेकिन मेरे दोस्त जिंदगी भर मेरा साथ रहे। जब मुसीबत आई, तब मुझे पता चला कि दोस्ती वास्तव में कितनी जरूरी है। रिपोर्ट के मुताबिक, सिंगर ने खुलासा किया कि वह हमेशा से अपने पिता की तरह पार्टनर की तलाश में थी। अंदर से, मैं हमेशा सोचती थी कि मेरी जिंदगी में एक पति का होना जरूरी है। मैं उस आदमी की तलाश में थी, जिसमें मेरे पिता की तरह गुण हो, उसके साथ मैं बच्चे पैदा करूं और फिर अपने माता-पिता की तरह हमेशा के लिए उसके साथ रहूं, इसके लिए मैंने कई त्याग किये। मैं लॉयल थी, लेकिन कभी-कभी चीजें प्लानिंग के मुताबिक नहीं होतीं।

# हंसल मेहता ने किया लापता लेडीज का रिव्यू, बोले- मैं ज्यादा उम्मीद लेकर गया था, लेकिन...






किरण राव की हालिया रिलीज फिल्म लापता लेडीज को काफी सराहना मिली है। फिल्म की कहानी और अदाकारी दर्शकों को काफी पसंद आई है। अब इस फिल्म को लेकर मशहूर फिल्म निर्माता हंसल मेहता ने भी अपनी राय दी है। किरण राव द्वारा निर्देशित लापता लेडीज इस साल की बेहतरीन फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के लिए किरण राव को काफी तारीफें मिली हैं। 1 मार्च को रिलीज हुई इस फिल्म से उन्होंने निर्देशन की दुनिया में वापसी की थी। इससे पहले उनकी आखिरी फिल्म धोबी घाट थी, जो साल 2010 में रिलीज हुई थी। लापता लेडिज के साथ किरण राव ने अच्छी वापसी की है। अब फिल्म निर्माता हंसल मेहता ने लापता लेडीज की समीक्षा की है।

### बताया बड़े दिलवाली फिल्म

हंसल मेहता ने हाल में ही यह फिल्म देखी है। फिल्म देखने के बाद उन्होंन अपने एक्स अकांउट पर इसकी समीक्षा की है। उन्होंने कहा, बहुत बड़े दिल वाली फिल्म लापता लेडीज देखी, कभी-कभी एक बेहतर फिल्म बनाने के लिए आपको सिर्फ सादगी और स्पष्टता की जरुरत होती है। यह वैसी ही एक फिल्म है। हंसल मेहता की समीक्षा से यह साफ जाहिर होता है कि यह फिल्म उन्हें काफी पसंद आई है। सरल तरीके से एक अनोखा अनुभव देने वाली इस फिल्म ने उन्हें काफी प्रभावित किया है।



### उम्मीद से भी बेहतर है फिल्म

फिल्म के अपनी उम्मीदों से भी आगे निकल जाने पर मेहता ने कहा, मैं अधिक उम्मीद लेकर फिल्म देखने गया था, लेकिन यह उस उम्मीद से भी कहीं ज्यादा बेहतर है। यह एक अच्छी दिखने वाली पुरानी, लेकिन प्रत्यक्ष रुप से ना दिखते हुए भी एक आधुनिक फिल्म है। इसमें आगे जोड़ते हुए उन्होंने कहा, यह भ्रामक रुप से सरल और हास्य फिल्म है। यह फिल्म बिप्लब गोस्वामी की लिखी एक अवार्ड विजेता कहानी पर आधारित है। फिल्म के लिए स्नेहा देसाई ने स्क्रीन प्ले और डायलॉग लिखे हैं। इनके अलावा दिव्या निधि शर्मा ने भी कुछ अतिरिक्त डायलॉग लिखे हैं।

### आमिर खान हैं निर्माता

लापता लेडीज शादी के बाद ससुराल जा रही दो दुल्हनों की कहानी है, जो ट्रेन यात्रा के दौरान बदल जाती हैं। इसके बाद उनके आगे के अनुभव और यात्रा पर फिल्म की कहानी आधारित है। इस फिल्म के सरल हास्य दृश्यों और बेहतरीन अदाकारी के लिए फिल्म को काफी तारीफें मिली हैं। आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्माण आमिर खान और ज्योति देशपांडे ने किया है। फिल्म में काफी प्रतिभावान कलाकारों ने अभिनय किया है। फिल्म में नितांशी गोयल, प्रतिभा रांटा, स्पर्श श्रीवास्तव, छाया कदम और रवि किशन ने अहम किरदार निभाया है।

# फ्लाइट में फंसी अदिति राव हैदरी ने कहा, हर दिन हम नीचे गिरते जा रहे हैं

एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी मुंबई में सुबह-सुबह एक फ्लाइट में फंस गई, जहां न तो कोई सीढ़ी थी और न ही कोई एयरब्रिज। उन्होंने इस स्थिति पर कहा कि हर दिन हम नीचे गिरते जा रहे हैं। अदिति ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फ्लाइट विंडो से उतरने के बाद एयरपोर्ट की एक तस्वीर शेयर की। एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, हर दिन हम नीचे गिरते जा रहे हैं! न कोई सीढ़ी और न ही कोई एयरब्रिज। हमने 12.10 बजे ये एयरपोर्ट सर्कस देखा। उन्होंने पोस्ट में विस्तारा एयरलाइंस को भी टैग किया। हीरामंडी- द डायमंड बाजार सीरीज 1 मई 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



# कृष्णा मुखर्जी ने शुभ शगुन के निर्माता पर लगाए गंभीर आरोप

**अभिनेत्री** कृष्णा मुखर्जी ने शुभ शगुन छोड़ने की वजह का खुलासा किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया और शुभ शगुन के निर्माता पर उन्हें परेशान करने और धमकी देने का आरोप लगाया। हिट टेलीविजन शो ये है मोहब्बतें से मशहूर होने वाली अभिनेत्री कृष्णा मुखर्जी को आखिरी बार टीवी शो शुभ शगुन में शहजादा धामी के साथ देखा गया था और तब से अभिनेत्री ने टीवी से ब्रेक ले लिया है। अब अभिनेत्री ने शो छोड़ने के पीछे की वजह का खुलासा किया है। आज शनिवार को कृष्णा मुखर्जी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया और शुभ शगुन निर्माता पर उन्हें परेशान करने और धमकी देने का आरोप लगाया। उन्होंने बकाया भुगतान न करने का भी आरोप लगाया, जिसके कारण उन्होंने शूटिंग बंद कर दी।

### तनाव में हैं अभिनेत्री

अभिनेत्री ने कहा कि वे निर्माता की वजह से पिछले कुछ महीनों से अवसाद और चिंता से गुजर रही हैं और दावा किया कि शो के सेट पर उन्हें परेशान किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि निर्माता ने उन्हें मेकअप रूम में बंद कर दिया, जब वह कपड़े बदल रही थीं तो दरवाजा पीटा और कई बार धमकी दी।

### शो करना सबसे गलत फैसला

अभिनेत्री की पोस्ट में लिखा है, मुझमें कभी अपने दिल की बात कहने की हिम्मत नहीं थी, लेकिन आज मैंने फैसला किया कि मैं इसे अब और नहीं रोकूंगी। मैं कठिन दौर से गुजर रही हूं और पिछला डेढ़ साल मेरे लिए बिल्कुल भी आसान नहीं था। मैं उदास और चिंतित हूं और जब मैं अकेली थी तो दिल खोलकर रोती थी। यह सब तब शुरू हुआ, जब मैंने दंगल टीवी के लिए अपना आखिरी शो शुभ शगुन करना शुरू किया। वो मेरी जिंदगी का सबसे खराब फैसला था। मैं ऐसा कभी नहीं करना चाहती थी, लेकिन मैंने दूसरों की बात सुनी और अनुबंध पर हस्ताक्षर कर दिए।

### शो के निर्माता ने किया परेशान

उन्होंने आगे लिखा, प्रोडक्शन हाउस और निर्माता कुंदन शाह ने मुझे कई बार परेशान किया है। यहां तक कि एक बार उन्होंने मुझे मेरे मेकअप रूम में बंद कर दिया, क्योंकि मैं अस्वस्थ थी और मैंने शूटिंग न करने का फैसला किया, क्योंकि वे मुझे मेरे काम के लिए भुगतान नहीं कर रहे थे और मैं भी अस्वस्थ थी, वे मेरे मेकअप रूम के दरवाजे को पीट रहे थे, जैसे कि वे इसे तोड़ देंगे, जब मैं मेरे कपड़े बदल रही थी। उन्होंने आज तक पांच महीने तक का मेरा भुगतान कभी नहीं चुकाया और यह सचमुच बहुत बड़ी रकम है। मैं प्रोडक्शन हाउस और दंगल ऑफिस गई हूं, लेकिन उन्होंने कभी मेरी बात नहीं सुनी।

### सेट पर असुरक्षित महसूस करती थीं अभिनेत्री

अभिनेत्री ने खुलासा किया कि सेट पर उन्हें असुरक्षित महसूस हुआ और इसलिए उन्होंने शो छोड़ दिया। उन्होंने लिखा, कई बार धमकी भी दी गई। पूरे समय मैं असुरक्षित, टूटा हुआ और डरा हुआ महसूस कर रही थी। मैं असुरक्षित महसूस करती हूं। मैंने कई लोगों से मदद मांगी, लेकिन कुछ नहीं मिला। इसमें कोई कुछ नहीं कर सके। लोग मुझसे पूछते हैं कि मैं कोई शो क्यों नहीं कर रही? यही कारण है। मुझे डर लग रहा है कि अगर वही बात दोबारा हुई तो क्या होगा? मुझे न्याय चाहिए।

# बेटे के जन्म के बाद सदमे में चली गई थीं सोनम



अभिनेत्री सोनम कपूर ने बेटे के जन्म के बाद बढ़े वजन को लेकर अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि किस तरह रिश्ते बदल जाते हैं। साल 2022 में उन्होंने बेटे वायु आहूजा को जन्म दिया था।

बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर ने मां बनने के बाद के अनुभवों का साझा किया। सोनम ने कहा कि उन्होंने हमेशा खुद को वैसे ही स्वीकार किया है जैसी वो हैं, लेकिन बेटे वायु के जन्म के बाद उनका वजन 32 किलो बढ़ गया था। बढ़े वजन के कारण वह काफी परेशान हो गईं और सदमे में चली गई थीं। अभिनेत्री सोनम कपूर 38 साल की उम्र में साल 2018 में व्यवसायी आनंद आहूजा के संग शादी के पवित्र बंधन में बंधी थीं। साल 2022 में उन्होंने एक बच्चे को जन्म दिया।

### सदमे में चली गई थीं सोनम कपूर

एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने बच्चे के जन्म के बाद आने वाले बदलावों पर खुलकर बात की। सोनम ने कहा, 'मेरा वजन 32 किलो बढ़ गया था। सच कहूं तो शुरू में मैं सदमे में थी।

आपका अपने बच्चे के प्रति इतना लगाव हो जाता है कि आप अपने व्यायाम और सही खानपान के बारे में ध्यान नहीं रख पाते। इसे ठीक करने में मुझे डेढ़ साल लग गए। मैंने इसे बहुत धीमी गति से किया, आपको धीमा होना होगा, क्योंकि नए के साथ तालमेल बिठाना होता है।

# बालाकोट एंड बियॉन्ड में एयर स्ट्राइक को बारीकी से समझाया: जिमी शेरगिल



एक्टर जिमी शेरगिल ने अपनी अपकमिंग सीरीज रणनीति- बालाकोट एंड बियॉन्ड के बारे में बात करते हुए कहा कि जिन लोगों ने पहले बालाकोट पर फिल्में या सीरीज बनाई, उनका काम काफी सतही है, उन्होंने ठीक से रिसर्च नहीं किया। जिमी ने कहा कि जिन्होंने ऐसी फिल्में या सीरीज बनाई हैं, वो केवल सतह को छू कर निकल गए, लेकिन रणनीति- बालाकोट एंड बियॉन्ड के साथ हम इसमें गहराई से उतरे हैं।

रणनीति बालाकोट एंड बियॉन्ड में लारा दत्ता, आशुतोष राणा, आशीष विद्यार्थी और प्रसन्ना हैं। वेब सीरीज दर्शकों को बालाकोट जैसे बड़े डिफेंस ऑपरेशन को दिखाती है। जिमी ने कहा ट्रेलर को मिल रही प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि दर्शकों ने इसका आनंद लिया है, और हमें विश्वास है कि सीरीज लोगों को सीट से बांधे रखेगी। यह सीरीज 25 अप्रैल से जियोसिनेमा पर स्ट्रीम होगी।

# अनुष्का शंकर को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से मिलेगी मानद उपाधि



मशहूर सितार वादक, निर्माता, संगीतकार और ग्रैमी अवॉर्ड्स में 9 बार नॉमिनेशन पा चुकीं अनुष्का शंकर को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से मानद उपाधि मिलेगी। उन्होंने इसे अपने करियर का बेहद अहम पल बताया। अनुष्का भारत रत्न से सम्मानित सितार वादक पंडित रविशंकर की बेटी हैं। म्यूजिक इंडस्ट्री में अनुष्का की उत्कृष्ट उपलब्धियों के चलते उन्हें यह सम्मान दिया जा रहा है, जो संगीत के क्षेत्र में उनके गहरे प्रभाव और उनकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। अनुष्का ने कहा कि यह वास्तव में मेरे करियर का बेहद अहम और सुखद पल है, मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मुझे इस तरह का सम्मान मिलेगा। मानद उपाधि प्रदान करने के लिए मैं ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की बहुत आभारी हूं। उन्होंने कहा कि मैं अपने उन सभी पूर्व शिक्षकों के प्रति भी आभारी महसूस करती हूं, जिन्होंने मुझे इस मुकाम तक पहुंचाया। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे अपने पिता के मार्गदर्शन में संगीत की सबसे अनमोल शिक्षा मिली और 13 साल की उम्र के बाद अपने करियर में अपनी मां से कोचिंग और समर्थन मिला। यह सब उन्हीं की देन है। अनुष्का को 19 जून को विश्वविद्यालय के वार्षिक एनकेनिया शैक्षणिक समारोह में डिग्री प्रदान की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### साईं स्वामी मेटल्स एंड अलॉयस लिमिटेड का आईपीओ 30 अप्रैल, 2024 को खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** साईं स्वामी मेटल्स एंड अलॉयस लिमिटेड स्टेनलेस स्टील प्रोडक्ट्स के विस्तृत रेंज की ट्रेडिंग और मार्केटिंग करने वाली एक प्रमुख खिलाड़ी, कंपनी ने 30 अप्रैल, 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग (आईपीओ) के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है. कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत 60 प्रति शेयर मूल्य पर 15 करोड़ एकत्र करना है. कंपनी के शेयर्स सेट बीएसई एसएमई प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे. आईपीओ से प्राप्त होने वाली धनराशि का उपयोग बढ़ती हुई कार्यशील पूंजी की जरूरत पूरी करने, सहायक कंपनियों में निवेश करने, मशीनरी खरीदने और आम कॉर्पोरेट खर्चो का वित्त पोषण करने के लिए किया जाएगा. इश्यू 3 मई, 2024 को बंद होगा. इश्यू की लीड मैनेजर स्वस्तिका इन्व्हेस्टमार्ट लिमिटेड है. इश्यू की रजिस्ट्रार बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड है.साईं स्वामी मेटल्स एंड अलॉयस लिमिटेड के चेयरपर्सन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री निपुण अनंतलाल भगत ने कहा, हमारे इनिशियल पब्लिक आफरिंग का खुलना साईं स्वामी मेटल्स एंड अलॉयस लिमिटेड के लिए महत्वपूर्ण सीमाचिन्ह को दर्शाता है. यह आईपीओ हमारे लिए एक महत्वपूर्ण पल है. क्योंकि हम निरंतर स्टेनलेस स्टील उद्योग में विस्तार और इनोवेशन कर रहे हैं. हमने हमारे प्रतिष्ठित ब्रांड 'डॉल्फिन' के तहत उच्च मलिटी के किचनवेयर प्रोडक्ट्स की डिलीवरी करने के लिए ख्याति अर्जित की है. फंडों के इस व्यूहात्मक आवंटन से ना सिर्फ हमारी परिचालन निपुणता में वृद्धि होगी बल्कि हमारी बाजार स्थित भी मजबूत होगी और ग्रोथ एवं विस्तार को भी बढ़ावा मिलेगा. सहायक कंपनियों में निवेश कर और अत्याधुनिक मशीनरी की खरीदी करने से हमारा उद्देश्य उत्पादन क्षमता में वृद्धि करना और हमारे प्रोडक्ट आफरिंग को विस्तृत करना है, इसके द्वारा बड़े ग्राहक आधार की जरूरत पूरी करना है. हम इस आईपीओ के द्वारा लाए गए सुअवसरों के बारे में रोमांचित है और हम बाजार में हमारी पोजीशन और मजबूत होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं.

### टाटा मोटर्स ने नवाचार की रफ्तार तेज़ की, वित्त वर्ष 2024 में रिकॉर्ड 222 पेटेंट्स दर्ज कराये और 333 अनुदान प्राप्त किये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स ने बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) के निर्माण की दिशा में एक बार फिर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वित्त वर्ष 24 के दौरान कंपनी ने रिकॉर्ड-ब्रेकिंग 222 पेटेंट और 117 डिजाइन आवेदन दायर किए गए, जो इसके इतिहास में सर्वोच्च है। ये फाइलिंग उत्पाद और प्रक्रिया नवाचारों के एक व्यापक क्षेत्र में फैली हुई हैं, जो कनेक्टिविटी, इलेक्ट्रिफिकेशन, स्थिरता और सुरक्षा (सीईएसएस) जैसे प्रमुख ऑटोमोटिव मेगाट्रेंड को संबोधित करती हैं। ये विभिन्न वाहन प्रणालियों को भी कवर करती हैं जैसे कि पावरट्रेन, बॉडी और ट्रिम, सस्पेंशन, ब्रेक, एचवीएसी और उत्सर्जन नियंत्रण। टाटा मोटर्स को उसी अवधि के दौरान अब तक का सबसे अधिक 333 पेटेंट का अनुदान भी प्राप्त हुआ, जिससे उसके स्वीकृत पेटेंट की कुल संख्या 850 से अधिक हो गई। इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, स्वच्छ पावरट्रेन, डिजाइन कनेक्टिविटी और बुद्धिमान सुरक्षा सुविधाओं के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता के साथ, टाटा मोटर्स यह सुनिश्चित करता है कि उसके नवाचार वास्तविक दुनिया की जरूरतों के साथ सहजता से जुड़ें। उपभोक्ता कल्याण और पर्यावरण संरक्षण दोनों को प्राथमिकता देकर, कंपनी के उद्देश्यपूर्ण अनुसंधान और नवाचार प्रयासों ने अधिक कुशल, हरित और सुरक्षित वाहनों का उत्पादन किया है। इससे अंतिम उपयोगकर्ताओं को लाभ हुआ है और उद्योग में बदलाव आया है।

# गो फर्स्ट के 54 विमानों का रजिस्ट्रेशन कैंसिल होगा, दिल्ली हाईकोर्ट ने डीजीसीए से 5 दिन में डीरजिस्ट्रेशन प्रोसेस करने के लिए कहा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एविएशन रेगुलेटर डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन को गो फर्स्ट के लीज पर लिए गए सभी 54 विमानों का रजिस्ट्रेशन कैंसिल करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने डीजीसीए को अगले 5 वर्किंग डे में गो फर्स्ट की ओर से लीज पर लिए गए विमानों का डीरजिस्ट्रेशन प्रोसेस आगे बढ़ाने के लिए कहा है। न्यायमूर्ति तारा वितास्ता गंजू की सिंगल-जज बेंच ने यह आदेश बीते दिन यानी शुक्रवार को दिए हैं। हाईकोर्ट ने एयरलाइन और उसके डायरेक्टर्स के मैनेजमेंट के लिए दिवाला कानून के तहत अपॉइंटेड रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल को विमानों या कलपुर्जों, दस्तावेजों, रिकॉर्ड और किसी भी अन्य सामग्री को ले जाने या कहीं रखने से भी रोक दिया है।

कैश की तंगी से जूझ रही एयरलाइन के सभी विमान ग्राउंडेड है। जिन फर्म्स ने एयरलाइन को लीज पर विमान दिए है वो उन्हें वापस लेना चाहती हैं। कैश की तंगी से जूझ रही एयरलाइन के सभी विमान ग्राउंडेड है। जिन फर्म्स ने एयरलाइन को लीज पर विमान दिए है वो उन्हें वापस लेना चाहती हैं।





एयरक्राफ्ट लीजिंग कंपनियों में पेमब्रोक एविएशन, एक्सिपिटर इनवेस्टमेंट्स एयरक्राफ्ट्स 2 लिमिटेड, EOS एविएशन और SMBC एविएशन शामिल हैं। कंपनियों ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर उन विमानों को रिलीज करने की मांग की थी, जो गो फर्स्ट को लीज पर दिए गए थे। NCLAT ने 22 मई को NCLT के उस ऑर्डर को भी सही ठहराया था, जिसके तहत दिवालिया घोषित करने के लिए गो फर्स्ट की याचिका स्वीकार की गई थी।

गो फर्स्ट ने अपनी एप्लिकेशन में कहा था कि उसने अप्रैल 2020 से अब तक अपने लेनदारों को 19,980 करोड़ रुपए का पेमेंट किया है। अब उसके सभी फाइनेंशियल रिसोर्स खत्म हो चुके हैं। बैंकों, वित्तीय संस्थानों, वेंडर्स और एयरक्राफ्ट लेजर्स सहित अन्य लेनदारों को उसे 11,463 करोड़ रुपए देना है। गो फर्स्ट ने कहा कि वित्तीय दबाव के कारण फ्यूल सप्लायर सहित अन्य सर्विस प्रोवाइडर उसे अपनी सर्विसेस ऑफर करने को तैयार नहीं हैं।

गो फर्स्ट वाडिया ग्रुप की बजट एयरलाइन है। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार 29 अप्रैल 2004 को गो फर्स्ट की शुरुआत हुई थी। नवंबर 2005 में मुंबई से अहमदाबाद के लिए पहली फ्लाइट ऑपरेट की। एयरलाइन के बेड़े में 59 विमान शामिल हैं।

इनमें से 54 विमान ए320 NEO और 5 विमान ए320 CEO हैं। गो फर्स्ट 35 डेस्टिनेशन के लिए अपनी फ्लाइट ऑपरेट करता है। इसमें से 27 डोमेस्टिक और 8 इंटरनेशनल डेस्टिनेशन शामिल हैं। एयरलाइन ने साल 2021 में अपने ब्रांड नाम को गोएयर से बदलकर गो फर्स्ट कर दिया था।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के वित्तीय प्रदर्शन की रेटिंग एजेंसी एसएंडपी, फिच ने की सराहना




**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में मजबूत प्रदर्शन के बाद वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी और फिच का विश्वास हासिल कर लिया है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स और फिच रेटिंग्स ने अलग-अलग बयान में कंपनी के वित्तिय प्रदर्शन के चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भी मजबूत रहने की बात कही है। बयान के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की मजबूत कमाई पर अंकुश रहेगा क्योंकि कंपनी वृद्धि की महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ा रही है। हमें उम्मीद है कि कंपनी की ऋष्ठा से लेकर कर पूर्व आय अनुपात की रेटिंग (बीबीबी+/स्थिर/--) के अनुरूप रहेगी।%% एसएंडपी ने कहा, ''आरआईएल की कमाई को पिछले निवेशों से फायदा होगा। हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी की समायोजित कर पूर्व आय दो से चार प्रतिशत बढ़ेगी।%% इस बीच फिच रेटिंग्स ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 में आरआईएल की कर पूर्व आय सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़ेगी।

## क्रिप्टो मार्केट में कोहराम, बिटक्वॉइन 4 प्रतिशत से अधिक लुढ़का

**नई, एजेंसी।** क्रिप्टो मार्केट में आज कोहराम मचा हुआ है। मार्केट कैप के हिसाब से टॉप-10 के अधिकतर क्रिप्टो रेड जोन में हैं और 10 फीसदी तक टूट गए हैं। जो क्रिप्टो ग्रीन हैं, उनमें भी तेजी मामूली ही है, लगभग फ्लैट ही हैं।



सबसे बड़े क्रिप्टो बिटक्वॉइन की बात करें तो इसकी चमक 4 फीसदी से अधिक फीकी हुई है लेकिन क्रिप्टो मार्केट में दबदबा बढ़ा है। एक बिटकॉइन अभी 4.10 फीसदी की गिरावट के साथ 63,855.80 डॉलर (53.20 लाख रुपए) के भाव में मिल रहा है। दूसरे सबसे बड़े क्रिप्टो एथेरियम की चमक 5 फीसदी से अधिक फीकी पड़ी है। पूरे क्रिप्टो मार्केट की बात करें तो पिछले 24 घंटे में वैश्विक मार्केट कैप में 4.54त्न की गिरावट आई है और यह 2.35 लाख करोड़ डॉलर (195.80 लाख करोड़ रुपए) रह गया है।

ब्लैकरॉक का स्पॉट बिटक्वॉइन ईटीएफ पहली बार 11 जनवरी को लाइव हुआ था। तब से लेकर अब तक पहली बार बुधवार को इसमें कोई निवेश नहीं आया। 71 दिनों के लगातार निवेश के बाद एकाएक पूरी तरह सूखे की स्थिति ने बिटक्वॉइन की चमक फीकी कर दी। इसके चलते बाकी क्रिप्टो को लेकर भी निगेटिव माहौल बना। अब वीकली बात करें तो टॉप-10 के सिर्फ एक क्रिप्टो में तेज गिरावट है। सात दिनों में टॉनक्वॉइन 16 फीसदी से अधिक फिसला है। इसके अलावा टेथर, डॉगक्वॉइन और यूएसडी क्वॉइन भी एक हफ्ते में कमजोर हुए हैं लेकिन इनमें गिरावट मामूली ही है। वहीं दूसरी तरफ एक हफ्ते में बीएनबी 11 फीसदी, XRP करीब 5 फीसदी, कार्डानो 3 फीसदी से अधिक, एथेरियम और बिटक्वॉइन डेढ़-डेढ़ फीसदी से अधिक अधिक उछले हैं। यूएसडी क्वॉइन में मामूली तेजी है। पिछले 24 घंटे में क्रिप्टो के लेन-देन में तेजी आई है। कॉइनमार्केटकैप पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक एक दिन में 8692 करोड़ डॉलर (7.24 लाख करोड़ रुपये) क्रिप्टो का लेन-देन हुआ जो पिछले दिन की तुलना में 18.70 प्रतिशत अधिक रहा। पिछले 24 घंटे में क्रिप्टो मार्केट में बिटक्वॉइन की स्थिति 0.31 फीसदी मजबूत हुई है और क्रिप्टो बाजार में इसकी 53.50 फीसदी हिस्सेदारी है।

## इस हफ्ते सोने-चांदी में गिरावट : साढ़े 72 हजार के नीचे आया सोना, चांदी भी 81,374 प्रति किलोग्राम पर आई



**नई दिल्ली , एजेंसी।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार सर्राफा बाजार में इस हफ्ते की शुरुआत, यानी 22 अप्रैल को सोना 73,161 रुपए पर था, जो अब, यानी 27 अप्रैल को 72,448 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत में 713 रुपए की गिरावट आई है। वहीं चांदी की बात करें तो IBJA की वेबसाइट के अनुसार इस हफ्ते की शुरुआत में ये 81,839 रुपए पर थी, जो अब 81,374 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 465 रुपए गिरी है। IBJA के अनुसार इस साल अब तक सोने के दाम 9,096 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,352 रुपए पर था, जो अब 72,448 रुपए प्रति 10 ग्राम पर है। वहीं एक किलो चांदी के दाम 73,395 रुपए से बढ़कर 81,374 रुपए पर पहुंच गए हैं। विघ्नहर्ता गोल्ड के चेयरमैन महेंद्र लुनिया के अनुसार 2030 तक सोने के दाम 1.68 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकते हैं।

## साईं स्वामी मेटल्स एंड अलॉयस लिमिटेड का आईपीओ 30 अप्रैल, 2024 को खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** साईं स्वामी मेटल्स एंड अलॉयस लिमिटेड स्टेनलेस स्टील प्रोडक्ट्स के विस्तृत रेंज की ट्रेडिंग और मार्केटिंग करने वाली एक प्रमुख खिलाड़ी, कंपनी ने 30 अप्रैल, 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग (आईपीओ) के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है. कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत 60 प्रति शेयर मूल्य पर 15 करोड़ एकत्र करना है. कंपनी के शेयर्स सेट बीएसई एसएमई प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे.


साईं स्वामी मेटल्स एंड अलॉयस लिमिटेड के चेयरपर्सन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री निपुण अनंतलाल भगत ने कहा, ÷ हमारे इनिशियल पब्लिक आफरिंग का खुलना साईं स्वामी मेटल्स एंड अलॉयस लिमिटेड के लिए महत्वपूर्ण सीमाचिन्ह को दर्शाता है. यह आईपीओ हमारे लिए एक महत्वपूर्ण पल है. क्योंकि हम निरंतर स्टेनलेस स्टील उद्योग में विस्तार और इनोवेशन कर रहे हैं. हमने हमारे प्रतिष्ठित ब्रांड 'डॉल्फिन' के तहत उच्च मलिटी के किचनवेयर प्रोडक्ट्स की डिलीवरी करने के लिए ख्याति अर्जित की है.

फंडों के इस व्यूहात्मक आवंटन से ना सिर्फ हमारी परिचालन निपुणता में वृद्धि होगी बल्कि हमारी बाजार स्थित भी मजबूत होगी और ग्रोथ एवं विस्तार को भी बढ़ावा मिलेगा. सहायक कंपनियों में निवेश कर और अत्याधुनिक मशीनरी की खरीदी करने से हमारा उद्देश्य उत्पादन क्षमता में वृद्धि करना और हमारे प्रोडक्ट आफरिंग को विस्तृत करना है, इसके द्वारा बड़े ग्राहक आधार की जरूरत पूरी करना है. हम इस आईपीओ के द्वारा लाए गए सुअवसरों के बारे में रोमांचित है और हम बाजार में हमारी पोजीशन और मजबूत होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं.÷ स्वस्तिका इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के श्री सुनील न्याति ने कहा, ÷साईं स्वामी मेटल्स एंड अलॉयस लिमिटेड ने मजबूत ग्रोथ और स्टेनलेस स्टील उद्योग में मलिटी एवं इनोवेशन के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है. शुद्ध धनराशि का व्यूहात्मक उपयोग कंपनी के विजन और ग्रोथ प्लान को प्रदर्शित करता है.हमारा मानना है कि साईं स्वामी मेटल्स एंड अलॉयस लिमिटेड का आईपीओ कंपनी की यात्रा में एक महत्वपूर्ण सीमाचिन्ह पेश करता है और उसकी भावी सफलता के लिए उसकी संभावना को रेखांकित करता है.÷

## एक्सिस बैंक वित्त वर्ष 24 का वार्षिक परिणाम

**मुंबई , एजेंसी।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने आज अपने वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही और वार्षिक परिणामों की घोषणा की। इसमें 24,861 करोड़ रुपये का वार्षिक शुद्ध लाभ दर्ज किया गया। वित्त वर्ष 23 में 9,580 करोड़ की तुलना में यह 160 प्रतिशत अधिक रहा। वित्त वर्ष 24 में बैंक की शुद्ध ब्याज आय सालाना आधार पर 16 प्रतिशतऔर तिमाही आधार पर 11त्न बढ़कर 49,894 करोड़ रुपये हो गई। वित्त वर्ष 23 में यह 42,946 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही के लिए शुद्ध ब्याज मार्जिन 4.06प्रतिशत रहा और तिमाही में 5 बीपीएस की वृद्धि हुई। चालू एवं बचत खाता (कासा) में तिमाही आधार पर 8त्न की वृद्धि हुई और कासा अनुपात 43प्रतिशत रहा।

## 4 जी और 5 जी बजट अनुकूल स्मार्टफोन की चाह रखने वाले यूज़र्स के लिए आईटेल है पहली पसंद: सीएमआर के अध्ययन ने बताया




मुंबई, एजेंसी। भारत के प्रमुख टेक्नोलॉजी मार्केट रीसर्च एवं अडवाइज़री फर्म साइबर मीडिया रीसर्च (सीएमआर) की नई रिपोर्ट ने देश के मोबाइल फोन मार्केट में उपभोक्ताओं के बदलते रूझानों पर रोशनी डाली है। हालांकि बहुत से लोगों के लिए आज भी फीचर फोन लाईफलाईन बने हुए हैं, भारत में डिजिटलीकरण के रूझान तेज़ी से बढ़ रहे हैं। रु 10,000 से नीचे वाले सेगमेन्ट में 4 जी स्मार्टफोन, और यहां तक कि 5 जी स्मार्टफोन की मांग भी तेज़ी से बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार 4 जी और 5 जी बजट अनुकल स्मार्टफोन की चाह रखने वाले यूज़र्स के लिए आईटेल पहली पसंद बना हुआ है। आईटेल सेगमेन्ट में पहली बार पेश किए गए फीचर्स, उच्च मूल्य प्रस्ताव और आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ बजट अनुकूल स्मार्टफोन लेकर आता है। देश भर में मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने वाले 2000 से अधिक उपयोगकर्ताओं पर सीएमआर द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक फीचर फोन इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ता ऐसे फीचर फोन पसंद करते हैं जिनकी बैटरी लाईफ अधिक हो (78 फीसदी), जो इस्तेमाल में आसान हो (74 फीसद), किफ़ायती (57 फीसदी) और अन्य डिजिटल क्षमताओं से युक्त हों। उल्लेखनीय है कि हर चार में से तीन यूज़र रु 6000 से 8000 कीमत की रेंज वाले स्मार्टफोन की ओर रूख करना चाहते हैं। इस अवसर पर अरीजीत तालपात्रा, ट्रांज़ियन इंडिया ने कहा, ''डिवाइस के फीचर्स एवं यूज़र-अनुकूल डिज़ाइन पर फोकस के चलते आईटेल सुनिश्चित करता है कि भारत के लोग अपने प्रियजनों के साथ जुड़े रहें, ज़रूरी जानकारी पाते रहें और भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास का अभिन्न हिस्सा बन सकें। आईटेल में हम अनुसंधान एवं विकास के द्वारा फीचरफोन और स्मार्टफोन कैटेगरी में अपने उपभोक्ताओं के लिए आधुनिक फीचर्स लेकर आते हैं। हमारी विश्वसनीयता और उचित कीमतों के साथ हम जनरेशन ज़ी एवं नव भारत की बदलती ज़रूरतों को समझने और इन्हें पूरा करने के लिए तत्पर हैं।''

## जेईई (मेन) 2024 सेशन 2 के परिणाम में चमके आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के होनहार

### छिंदवाड़ा के मोहित हरजानी 99.49 परसेंटाइल हासिल कर बने सिटी टॉपर

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने छिंदवाड़ा से अपने स्टूडेंट मोहित हरजानी की असाधारण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के दूसरे सत्र में 99.49 (फिजिक्स में 100 परसेंटाइल) परसेंटाइल हासिल कर छिंदवाड़ा मे सिटी टॉप किया है। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंटस में सिटी टॉपर मोहित हरजानी ने 99.49 परसेंटाइल (फिजिक्स में 100 परसेंटाइल) हासिल किए हैं। वहीं गोविंद डिगरसे ने 99.26 परसेंटाइल हासिल किए। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया। उनकी उपलब्धि में उनके परिवार, शिक्षक और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के समर्थन का बड़ा हाथ है। स्टूडेंट्स का शानदार प्रदर्शन न केवल उनकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, बल्कि भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में परीक्षण किए गए विषयों पर उनकी गहरी पकड़ को भी सामने लाता है. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 24 अप्रैल, 2024 की देर रात दूसरे सत्र के परिणामों का अनावरण कर उत्कृष्टता का एक नया मानदंड स्थापित किया है.आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकित, इन छात्रों ने विश्व स्तर पर सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित आईआईटी जेईई के लिए एक कठिन यात्रा शुरू की। जिसका उद्देश्य विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त आईआईटी जेईई को क्रैक करना था। उनकी उन्नति उनके अथक समर्पण का प्रमाण है, जो मूल सिद्धांतों को मास्टर करने और अनुशासित अध्ययन व्यवस्था का पालन करने में किया गया।

## आईआईएम संबलपुर ने 'एमबीए इन फिनटेक मैनेजमेंट' डिग्री प्रोग्राम में शुरू की प्रवेश की प्रक्रिया

संबलपुर, एजेंसी। देश के प्रमुख प्रबंधन संस्थानों में से एक, आईआईएम संबलपुर ने एनएसई एकेडमी के सहयोग से ब्लेंडेड मोड में एमबीए इन फिनटेक मैनेजमेंट प्रोग्राम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। यह किसी आईआईएम द्वारा शुरू की जाने वाली पहली फिनटेक-केंद्रित एमबीए डिग्री है। संस्थान ने दोहरी डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया भी शुरू की है, जिसके तहत आवेदक पेरिस के सोरबोन बिजनेस स्कूल से अंतर्राष्ट्रीय वित्त में एमबीए कर सकते हैं। संस्थान ड्यूअल डिग्री प्रोग्राम का विकल्प भी दे रहा है जिसके तहत आवेदक सोरबोन विश्वविद्यालय, पेरिस से 'एमबीए इन इंटरनेशनल फाइनेंस' का कोर्स भी कर सकते हैं। यूपीआई जैसे डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रख्र ने भुगतान, डिजिटल लेंडिंग, इंश्योर टेक और वेल्थ टेक जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए भारत को एक ग्लोबल




फिनटेक पावरहाउस बना दिया है। फिनटेक की संभावित वृद्धि को देखते हुए नई और उभरती टैक्नोलॉजी, नियामक जांच और बाजार की गतिशीलता को नेविगेट करने के लिए कुशल लोगों की बड़ी संख्या में आवश्यकता नजर आ रही है। इसी सिलसिले में इस प्रोग्राम की संकल्पना की गई है। रणनीतिक सहयोग की मजबूत नींव पर यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को ब्लॉकचेन, एआई और क्रिप्टोग्राफी के तकनीकी क्षेत्रों में विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने और रणनीतिक क्षमताओं और अत्याधुनिक टैक्नोलॉजी में विशेषज्ञता को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। आईआईएम संबलपुर के डायरेक्टर प्रोफेसर महादेव जायसवाल ने बताया, ''9,000 से अधिक फिनटेक स्टार्टअप के साथ, भारत दुनिया भर में तीसरा सबसे बड़ा फिनटेक हब है और 2030 तक लगभग 400 बिलियन डॉलर का कारोबार पैदा करेगा, जो इसके वर्तमान आकार को चौगुना कर देगा। नौकरी के अवसरों की बढ़ती संख्या और एक संपन्न स्टार्टअप ईको सिस्टम के साथ, फिनटेक क्षेत्र प्रचुर मात्रा में रोजगार और उद्यमशीलता की संभावनाएं प्रस्तुत करता है। हम विशेष कौशल, ज्ञान और अनुभव प्रदान करने के लिए फिनटेक प्रबंधन में एमबीए शुरू कर रहे हैं, ताकि विद्यार्थी तेजी से उभरते फिनटेक सिस्टम में एक उद्यमी या इंट्राप्रेन्योर के रूप में अपनी यात्रा शुरू कर सकें। हमारा 18 महीने का कार्यक्रम, जिसमें तीन सत्रों में 17 सावधानीपूर्वक तैयार किए गए पाठ्यक्रम शामिल हैं, एक बेहतरीन लर्निंग प्रोसेस को सुनिश्चित करता है।''कार्यक्रम कामकाजी पेशेवरों के लिए डिज़ाइन किए गए हैं और इसमें 17 विशिष्ट पाठ्यक्रमों के साथ एक व्यापक पाठ्यक्रम शामिल है। कार्यक्रम चूंकि ब्लेंडेड मोड में होगा

## टेक महिन्द्रा का शुद्ध लाभ 29 प्रतिशत बढ़ा, बोर्ड ने 28 रुपये प्रति शेयर लाभांश की सिफारिश की

TECH mahindra

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विभिन्न उद्योगों में उपक्रमों को प्रौद्योगिकी परामर्श एवं डिजिटल समाधान उपलब्ध कराने वाली विश्व की अग्रणी कंपनी टेक महिन्द्रा ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुई तिमाही और वर्ष के लिए अंकेक्षित समेकित वित्तीय नतीजों की घोषणा की है। टेक महिन्द्रा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक मोहित जोशी ने कहा, ÷जैसा कि हमने वित्त वर्ष 2024-25 में पदार्पण किया है, हम ग्राहकों के खर्च में सुधार की उम्मीद करते हैं जिससे आगे चलकर हमें आय के मोर्चे पर बेहतर प्रदर्शन की आशा है।अद्वितीय गति पर परिवर्तनकारी स्तर के साथ ग्राहकों को समर्थ बनाने की हमारी अनूठी क्षमता हमें हमारी प्रतिद्वंदियों से अलग करती है। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच आईटी सेवा क्षेत्र के लिए चुनौतियों के बीच हमें निरंतर डिजिटलीकरण को अपनाए जाने की उम्मीद है। जबरदस्त नकदी प्रवाह की और एक तिमाही के साथ हमने चौथी तिमाही में सौदे हासिल करने और परिचालन मार्जिन में सुधार दर्ज किया है जिससे हम सतत लाभांश वितरण करने में समर्थ हुए हैं। हमें विश्वास है कि हमारी कार्रवाई से आने वाले वर्षों में आय में निरंतर वृद्धि बनी रहेगी। हम परिचालन उत्कृष्टता एवं लागत बचत पर निरंतर ध्यान देते रहेंगे जिससे शेयरधारकों को शानदार रिटर्न दिया जा सके।

# 27 गेंद में 84 का तूफान

## जेक फ्रेजर को नीलामी में जिसे किसी ने नहीं खरीदा, उसने बुमराह की बैंड बजा दी, मुंबई को 258 रन का लक्ष्य

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के युवा ओपनर जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 27 गेंद में 84 रन की धुआंधार पारी खेली। मैकगर्क तेजी से अपने पहले आईपीएल शतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन अनुभवी पीयूष चावला को बड़ा शॉट मारने के चक्कर में आठवें ओवर की तीसरी बॉल पर कैच आउट हो गए। इससे पहले 22 वर्षीय इस ऑस्ट्रेलियाई ओपनर ने सिर्फ 15 गेंद में अर्धशतक जड़ा था। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ भी इतनी ही गेंद में उनके बल्ले से फिफ्टी निकली थी। यानी अब सीजन के सबसे तेज अर्धशतक बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहली और दूसरी पोजिशन इसी खतरनाक बल्लेबाज के नाम हो चुकी है। मैकगर्क को आईपीएल नीलामी में अनसोल्ड रहने के बाद रिप्लेसमेंट खिलाड़ी को रूप में दिल्ली ने अपने साथ जोड़ा था। दिन के पहले मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने जीत के लिए मुंबई इंडियंस को 258 रन का टारगेट दिया था।

### इस आईपीएल का सबसे तेज अर्धशतक

- 15 गेंद - जेक फ्रेजर मैकगर्क - सनराइजर्स हैदराबाद, दिल्ली
- 16 गेंद - अभिषेक शर्मा 1ह्य एमआई, हैदराबाद
- 16 गेंद - ट्रैविस हेड -कैपिटल्स, दिल्ली

### बुमराह का छक्के से स्वागत

मैच के पहले ओवर में ल्यूक वुड के खिलाफ 19 रन धुनने के बाद जेक फ्रेजर मैकर्गक ने दूसरे ओवर में बुमराह की भी जमकर धुनाई की। पहली ही गेंद पर छक्के से स्वागत किया, जो नो बॉल भी थी। अगली गेंद को भी मिड ऑन पर चौके के लिए डिपॉजिट कर दिया। आखिरी गेंद पर भी बाउंड्री लगाई। बुमराह ने ओवर में 18 रन दिए, जो उनका सीजन का सबसे महंगा ओवर भी रहा।

### जेक मैकर्गक का प्रदर्शन

- 84 मुंबई
- 23 -गुजरात
- 65 एसआरएस
- 20 गुजराट टाइंस
- 55 - लखनऊ



### जैक फ्रैजर ने 86 रन की पारी खेली, ट्रिस्टन स्टब्स ने 48 रन बनाए

आईपीएल 2024 में शनिवार को डबल हेडर (एक दिन में 2 मैच) खेले गए। दिन के पहले मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने जीत के लिए मुंबई इंडियंस को 258 रन का टारगेट दिया था। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई ने टॉस जीतकर बॉलिंग का फैसला लिया। दिल्ली ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 258 रन बनाए। दिल्ली के जैक फ्रेजर-मैगर्क ने 27 बॉल पर 84 रन की पारी खेली। वहीं, ट्रिस्टन स्टब्स ने 47 रन और शाई होप ने 41 रन बनाए। मुंबई की ओर से ल्यूक वुड, जसप्रीत बुमराह , पीयूष चावला और मोहम्मद नबी को 1-1 विकेट मिला।

### ऑस्ट्रेलिया के लिए लंबी रेस के घोड़े

प्रोफेशनल क्रिकेट का सबसे तेज शतक मारने का रिकॉर्ड मैकगर्क के ही है। उन्होंने सिर्फ 29 गेंदों पर ऑस्ट्रेलिया के घरेलू क्रिकेट में सेंचुरी ठोकी थी। उससे पहले सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम था। गेल ने आईपीएल में 30 गेंदों पर सेंचुरी ठोकी थी। आज जेक फ्रेजर गेल को भी पछाड़ सकते थे, लेकिन उससे पहले आउट हो गए। ऑस्ट्रेलिया के लिए उन्होंने इस साल दो मैच खेलने का मौका मिला है, जो वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज थी।



आर्चरी वर्ल्ड कप

## भारत के तीरंदाजों ने वर्ल्ड कप में की गोल्ड मेडल की बरसात, चीन में लहराया तिरंगा

**शंघाई (एजेंसी)।** भारत ने गैर-ओलिंपिक कंपाउंड तीरंदाजी में अपना दबदबा बनाते हुए शंघाई में चल रहे विश्व कप के पहले चरण में टीम स्पर्धाओं में क्लीन स्वीप करते हुए गोल्ड मेडलों की हैट्रिक लगायी। सत्र के इस पहले वैश्विक टूर्नामेंट में भारत की महिला कंपाउंड टीम ने इटली को 236-225 से हराया। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की भारतीय तिकड़ी ने 24 तीरों में सिर्फ चार अंक गंवाये और छठी वरीयता प्राप्त इटली को बड़े अंतर से हराकर गोल्ड मेडल से खाता खोला। वहीं ज्योति सुरेखा वेन्नम ने महिलाओं के कंपाउंड व्यक्तिगत फाइनल में भी गोल्ड जीता।

### एक दिन में भारत को चार गोल्ड

पुरुष टीम में अभिषेक वर्मा, प्रियांश और प्रथमेश एफ ने नीदरलैंड को 238-231 से मात दी। नीदरलैंड की टीम में माइक शोलेसर, सिल पीटर और स्टेफ विलेम्स थे। इसके बाद भारत की मिश्रित टीम ने कंपाउंड वर्ग में तीसरा गोल्ड मेडल जीतकर क्लीन स्वीप किया। दूसरी वरीयता प्राप्त ज्योति और अभिषेक की जोड़ी ने एस्तोनिया की लिसेल जात्मा और रोबिन जात्मा की मिश्रित जोड़ी को रोमांचक मुकाबले में 158-157 से मात दी।

### दीपिका भी मेडल की रेस में

दीपिका कुमारी व्यक्तिगत पदक की दौड़ में हैं और महिला रिकर्व वर्ग में दक्षिण कोरियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपना सेमीफाइनल खेलेंगी। शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला कंपाउंड टीम ने दिन के पहले मैच में 24 तीरों से केवल चार अंक गंवाए और छठी वरीयता प्राप्त इटली को हरा दिया। छह छह तीरों के पहले सेट में भारतीय टीम ने सिर्फ दो बार परफेक्ट 10 नहीं बनाया और मार्सेला तोनिओली, इरेने फ्रांचिनी और एलिसा रोनेर की इतालवी टीम पर 178-171 से बढत बना ली।

चौथी वरीयता प्राप्त पुरूष टीम ने 60 स्कोर करके परफेक्ट शुरुआत की और अगले दो सेट में दो ही अंक गंवाये। इसके बाद फाइनल सेट में परफेक्ट 60 स्कोर करके जीत दर्ज की। कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में ज्योति और अभिषेक ने 40 के स्कोर से परफेक्ट शुरूआत कर तीन अंक की बढ़त बनायी। भारतीय जोड़ी 119-117 की बढ़त बनाये थी और उसे अंत में 40 में से 39 अंक की जरूरत थी और उन्होंने ऐसा करके देश को तीसरा गोल्ड मेडल दिलाया।

## युवराज बने टी20 विश्व कप 2024 के ब्रांड एमबेस्डर, कहा- इसका हिस्सा बनना बहुत रोमांचक है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महान भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 का ब्रांड एम्बेसडर के रूप में नामित किया गया है। टी20 क्रिकेट के प्रमुख वैश्विक आयोजन के शुरू होने में केवल 36 दिन शेष हैं। यह घोषणा भारत के विजयी पुरुष टी20 विश्व कप 2007 अभियान के दौरान एक ओवर में छह छक्के लगाने की युवराज की प्रतिष्ठित उपलब्धि के जश्न में की गई है।



युवराज वेस्टइंडीज के आइकन क्रिस गेल और आठ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता उसेन बोल्ट के साथ टूर्नामेंट के लिए घोषित होने वाले पहले एम्बेस्डर के रूप में शामिल हुए। अपनी भूमिका के तहत युवराज संयुक्त राज्य अमेरिका में टी20 विश्व कप से पहले और उसके दौरान विभिन्न प्रचार कार्यक्रमों में भाग लेंगे जिसमें 9 जून को न्यूयॉर्क में बहुप्रतीक्षित भारत बनाम पाकिस्तान मैच भी शामिल है।

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर ने इस पर कहा, टी20 विश्व कप में खेलने से मेरी कुछ सबसे अच्छी क्रिकेट यादें जुड़ी हैं, जिसमें एक ओवर में छह छक्के लगाना भी शामिल है, इसलिए इस संस्करण का हिस्सा बनना बहुत रोमांचक है, जो अब तक का सबसे बड़ा संस्करण होने वाला है।

उन्होंने कहा, वेस्टइंडीज क्रिकेट खेलने के लिए एक शानदार जगह है, जहां प्रशंसक इसे देखने के लिए आते हैं और एक ऐसा माहौल बनाते हैं जो दुनिया के उस हिस्से के लिए पूरी तरह से अनोखा है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका में भी क्रिकेट का विस्तार हो रहा है और मैं उस विकास का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं। टी20 विश्व कप के दौरान न्यूयॉर्क में पाकिस्तान के खिलाफ भारत का मुकाबला इस साल दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजनों में से एक होने वाला है, इसलिए इसका हिस्सा बनना और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को नया स्टेडियम में खेलते देखना सौभाग्य की बात है।

## क्रुणाल पांड्या दूसरी बार बने पिता, पत्नी पंखुड़ी शर्मा ने बेटे को दिया जन्म



**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या दूसरी बार पिता बन गए हैं। भारतीय क्रिकेटर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बच्चे के जन्म का खुलासा किया। क्रुणाल पांड्या की पोस्ट के अनुसार उनके बेटे वायु क्रुणाल पांड्या का जन्म पांच दिन पहले 21 अप्रैल को हुआ था।

क्रुणाल ने तीन तस्वीरें अपलोड की हैं जिनमें वह अपने बड़े बेटे कविर को गोद में लिए नजर आ रहे हैं। नवजात शिशु को गोद में लिए हुए उनकी पत्नी पंखुड़ी शर्मा उनके बगल में बैठी हैं। पंड्या परिवार मुस्कुरा रहा था क्योंकि उन्होंने अपने परिवार में नए सदस्य का स्वागत किया।

## बल्ले और गेंद में संतुलन जरूरी, हर जगह गेंदबाज पिट रहे : गांगुली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में सपाट पिचों पर और 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी के तौर पर अतिरिक्त बल्लेबाज की मौजूदगी से गेंदबाजों की दुर्दशा पर ध्यान दिलाते हुए शुक्रवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड को बल्ले और गेंद के बीच संतुलन बनाने का तरीका ढूंढना होगा। आईपीएल के इस चरण में अब तक की पिचें बल्लेबाजों के लिए मुफीद रही हैं। टीम अब आसानी से 200 रन का आंकड़ा पार कर रही हैं।

गांगुली ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स के मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि गेंदबाजों के लिए यह आसान नहीं है। उनके खिलाफ हर जगह रन बनाए जा रहे हैं और भविष्य में इस ओर ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि बल्ले और गेंद के बीच संतुलन रहना चाहिए। आईपीएल की संचालन संस्था ने मौजूदा सत्र में बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच समानता के प्रयास में गेंदबाजों को अधिकतम दो बाउंसर डालने की भी अनुमति दी है। कुछ 'इम्पैक्ट% खिलाड़ी नियम को गेंदबाजी और बल्लेबाजी में असंतुलन का कारण मानते हैं। गांगुली के अलावा महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने भी गेंदबाजों के संबंध में अपनी चिंता जाहिर कर चुके हैं।



बता दें कि दिल्ली कैपिटल्स फिलहाल अंक तालिका में छठे स्थान पर चल रही है। उसने 9 में से चार मुकाबले जीते हैं। बीते दिनों दिल्ली ने गुजरात को रोमांचक मुकाबले में हरा दिया था। अब उनके आगामी मुकाबले मुंबई, कोलकाता, राजस्थान, बेंगलुरु और लखनऊ से होने हैं। उन्हें प्लेऑफ में जाने के लिए सभी मुकाबलों में जीतना जरूरी है।

### पंजाब ने टी-20 का सबसे बड़ा चेज किया लगे रिकॉर्ड 42 छक्के , पंजाब ने 24 सिक्स लगाए

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शुक्रवार की रात रिकॉर्ड-ब्रेकिंग रही। कोलकाता ने अपने होमग्राउंड पर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 261 रन बनाए। टूर्नामेंट के 17वें सीजन में 7वीं बार 250 से ज्यादा रन का स्कोर पार हुआ। इतना कम ही था कि पंजाब ने इस रिकॉर्ड स्कोर को 18.4 ही ओवर में चेज कर दिया। जो टी-20 इतिहास का सबसे सफल चेज है। मैच में कुल 42 छक्के लगे, जो एक टी-20 मैच में पहली बार ही हुआ।

## तीरंदाजी विश्व कप: दीपिका कुमारी सेमीफाइनल में पहुंची, चार पदक पक्के

**शंघाई (एजेंसी)।** मां बनने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दीपिका कुमारी ने कोरिया की जियोन हुनयंग को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि कंपाउंड तीरंदाजों ने भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया।

विश्व रैंकिंग में 142वें स्थान पर खिसकी तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने जियोन को 6-4 (27-28, 27-27, 29-28, 29-27, 28-28) से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना कोरिया की ही नैम सुहियोन से होगा। इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने फाइनल में जगह बनाई दुनिया की दूसरे नंबर की टीम ने पांच ही अंक गंवाते हुए मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155-151 से हराया। अब उनका सामना



एस्तोनिया से होगा। ज्योति महिला कंपाउंड टीम में भी शामिल है जो बुधवार को फाइनल में पहुंच गई।

एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति पदक की हैट्रिक की दौड़ में है। भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंच गए और कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ज्योति तथा प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की दौड़ में हैं। भारतीय टीम कंपाउंड पुरूष, महिला, मिश्रित और पुरूष रिकर्व टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंची है।

ज्योति और वर्मा को पहले दौर में बाय मिला था जिसके बाद उन्होंने 160 में से 160 अंक बनाकर ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया ग्राहम और ब्रेंडन हावेस को आठ अंक से हराया। इसके बाद उन्होंने लक्जेमबर्ग की मारिया श्कोल्ना और जिलेस सेवर्ट को 155-151 से मात दी।

# आज हैदराबाद के खिलाफ जीत के लिए बेताब होगी सीएसके

**चेन्नई (एजेंसी)।** लगातार हार का सामना करने वाली गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में मजबूत सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के लिए बेताब होगी। नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई में सत्र में अच्छी शुरुआत करने वाली सीएसके को पिछले दो मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने दो बार हराया है।

सीएसके को अपने ही मैदान चेपक स्टेडियम में हारते हुए देखना बहुत ही विरले होता है लेकिन मार्कस स्टोइनिस के शानदार शतक की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने 210 का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। सीएसके आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से तालिका में पांचवें स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के भी आठ अंक हैं। इसलिये सीएसके अपनी लय में वापसी के लिए बेताब होगी क्योंकि अब प्लेऑफ की दौड़ तेज हो जायेगी।

सीएसके रविवार को तीसरे नंबर पर चल रही सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी जिसने इस सत्र में दो बार आईपीएल के उच्चतम स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा है। लेकिन पिछले मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। सीएसके की बल्लेबाजी कप्तान गायकवाड़ और फॉर्म में चल रहे शिवम दुबे



के इर्द गिर्द घूमती है। गायकवाड़ ने इस सत्र में अपना दूसरा आईपीएल शतक बनाया है और दुबे ने भी एक और अर्धशतक जड़कर प्रभावित किया।



रविंद्र जडेजा ने भी बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन शीर्ष क्रम का अनिरंतर प्रदर्शन टीम के लिए एक समस्या बनी हुई है। रचिन रविंद्र और डेरिल मिचेल रन नहीं जुटा पा रहे हैं जो चिंता का विषय है। इसके कारण ही सीएसके को अपने बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

गेंदबाजी की बात की जाए तो टीम को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ काफी मुश्किल हुई और चेपक में ओस ने उनके स्पिनरों को बेअसर कर दिया जिससे मेहमान टीम ने 213 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। तेज गेंदबाजों ने लखनऊ की टीम के चार विकेट झटक लिये लेकिन स्पिनर जूझते नजर आए और खराब क्षेत्ररक्षण ने उसकी उम्मीदों पर पानी फैर दिया।

वहीं सनराइजर्स हैदराबाद की बात की जाये तो आत्मविश्वास से भरी टीम को गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से घरेलू मैदान पर सत्र की तीसरी हार झेलनी पड़ी। हालांकि इससे उसके बल्लेबाजों की लय में रूकावट नहीं होगी और वे सीएसके के खिलाफ मिले हर मौके का फायदा उठाना चाहेंगे।

आरसीबी के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद का शीर्ष और मध्य क्रम नाकाम रहा और मुख्य कोच डेनियल विटोरी को यह स्वीकार करने के लिए मजबूर होना पड़ा कि दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना शायद सही नहीं होगा। मेहमान टीम के बल्लेबाजी क्रम में कोई फेरबदल होने की संभावना नहीं है। लेकिन ऐडन मार्कराम को रन जुटाने की जरूरत है जो पिछले दो मैच में इकाई के अंक पर आउट हुए।

गेंदबाजी में सीनियर तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार पिछले तीन मुकाबलों में सिर्फ एक विकेट ले पाये हैं। उमरान मलिक, फजलहक फारूकी और आकाश सिंह जैसे खिलाड़ी खेलने का इंतजार कर रहे हैं जिससे सनराइजर्स हैदराबाद एक बार उन्हें मौका देने के बारे में सोच सकती है, विशेषकर जम्मू के तेज गेंदबाज को क्योंकि वह 150 किमी प्रति घंटे से रफ्तार से गेंदबाजी करने की क्षमता रखते हैं।

### संभावित प्लेइंग 11

चेन्नई सुपर किंग्स - रचिन रवींद्र, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेरिल मिशेल, शिवम दुबे, अजिंक्य रहाणे, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी (विकेटकीपर), दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मथीशा पथिराना, मुस्तफिजुर रहमान

सनराइजर्स हैदराबाद-अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), एडेन मार्कराम, नितीश रेड्डी, अब्दुल समद, शाहबाज़ अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, मयंक मारकंडे, जयदेव उनादकट

समय - शाम 7.30 बजे से।

## संक्षिप्त समाचार

### कार दुर्घटना में इजरायली मंत्री घायल



**यरूशलम, एजेंसी।** इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्विर कार दुर्घटना में घायल हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना इजरायल के मध्य शहर रमला में हुई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने इजरायली मीडिया और ऑनलाइन प्रसारित एक वीडियो के हवाले से बताया, राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री का काला वाहन एक चौराहे पर पलट गया, जबकि एक अन्य कार क्षतिग्रस्त हो गई। मंत्री बेन-ग्विर के कार्यालय ने कहा, उनकी बेटी और एक ड्राइवर भी कार में थे और तीनों मामूली रूप से घायल हुए हैं। मंत्री ठीक हैं और होश में हैं, लेकिन उन्हें आगे के इलाज के लिए नजदीकी शमीर मेडिकल सेंटर पहुंचाया गया।

### इजरायल ने राफा पर हमले रोकने के लिए 33 बंधकों की रिहाई की मांग की

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजरायल ने गाजा पट्टी के दक्षिण में राफा शहर पर योजनाबद्ध हमलों को रोकने के लिए हमास से कम से कम 33 बंधकों को रिहा करने की मांग की है। इजरायली रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया, यह मांग मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया ने अपने खुफिया प्रमुख मेजर जनरल अब्बास कामेल के नेतृत्व वाले मिस्र के प्रतिनिधिमंडल के सामने रखी थी। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी ने हाल ही में काहिरा की यात्रा के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को राफा पर योजनाबद्ध हमले पर अपने देश की चिंता जताई थी। मिस्र को डर है कि राफा क्षेत्र पर हमले से नागरिक तबाही होगी। साथ ही मिस्र में बड़ी संख्या में शरणार्थियों का पलायन होगा क्योंकि राफा, देश के सिनाई क्षेत्र से सटा है। इजरायल ने अपनी आंतरिक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा, 129 इजरायली बंधकों में 33 लोग ऐसे हैं जो बुजुर्ग, महिला और बीमार की श्रेणी में आते हैं। इजराइल के मुताबिक, 129 बंधकों में से कई की मौत हो चुकी है। इजरायली खुफिया ने दावा किया है कि सैन्य कमांडर और 7 अक्टूबर 2023 के नरसंहार का मास्टरमाइंड याह्या सिनवार मानव ढाल के रूप में इजरायली बंधकों के साथ हमास सुरंगों में से एक में राफा में है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने योजनाबद्ध हमले से पहले ही राफा में अपनी विशिष्ट नाहल ब्रिगेड को तैनात कर दिया है।

### रूसी मिसाइल हमलों के बीच यूक्रेन में धमाके



**कीव, एजेंसी।** रूसी मिसाइल हमलों के बीच शुक्रवार देर रात कई यूक्रेनी क्षेत्रों में विस्फोटों की आवाज सुनी गई। यूक्रेन की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, विशेष रूप से विस्फोटों ने यूक्रेन के मध्य विनित्सिया क्षेत्र और पश्चिमी इवानो-फ्रैंकिव्स्क क्षेत्र को हिलाकर रख दिया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने मेयर इहोर तेरखोव के हवाले से बताया कि यूक्रेन के पूर्वी शहर खार्किव में भी कई विस्फोट हुए। यूक्रेनी वायु सेना ने टेलीग्राम पर कहा कि रूस ने हवाई हमले के दौरान यूक्रेन पर क्रूज मिसाइलें और एयरोबॉलिस्टिक मिसाइलें दागीं। यूक्रेनी टेलीग्राम चैनलों ने चेतावनी दी कि रूस संभवतः यूक्रेन पर एक नए मिसाइल हमले की तैयारी कर रहा है।

### अमेरिका-मेक्सिको बॉर्डर के पास मालगाड़ी पटरी से उतरी, लगी आग

**ह्यूस्टन, एजेंसी।** पश्चिमी अमेरिका में एरिजोना-न्यू मैक्सिको बॉर्डर के पास शुक्रवार को गैसोलीन और प्रोपेन ले जा रही एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई, जिसके बाद इस रेल मार्ग को बंद कर गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने एनएमएसपी लेफ्टिनेंट फिल वर्गास के हवाले से बताया कि एरिज़ोना के पास पटरी से उतरने के बाद लगभग छह रेल कोच में आग लग गई और वे घंटों तक जलती रहीं। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, घटना के बाद माइलपोस्ट 8 के पास अंतरराज्यीय राजमार्ग आई-40 पर पूर्व और पश्चिम की ओर जाने वाली लेन बंद कर दी गई। मैकिन्ले काउंटी शेरिफ कार्यालय ने कहा कि वे अभी बता नहीं सकते कि मार्ग कब खुलेगा। बीएनएसएफ रेलवे प्रवक्ता लेना केंट ने मालगाड़ी के पटरी से उतरने की पुष्टि की और कहा कि चालक दल को कोई चोट नहीं आई है।

### रूस व यूरोप के बीच संबंध बहाल होने की संभावना नहीं : क्रेमलिन

**मॉस्को, एजेंसी।** क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में रूस और यूरोप के बीच पहले की भांति संबंध बहाल होना संभव नहीं है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पेसकोव ने कहा, मॉस्को यूरोपीय देशों के साथ नए संबंध बनाते समय पिछले अनुभवों को ध्यान में रखेगा। उन्होंने कहा कि भौगोलिक पड़ोसी होने के नाते रूस और यूरोप को इस बात पर सहमत होना होगा कि हम कैसे रहेंगे।


# अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का बड़ा खुलासा, एक बार ब्रिज से कूदकर जान देने के बारे में सोचा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में कुछ ही महीनों में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। ऐसे में राष्ट्रपति जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच कड़ी टक्कर बनी हुई है। एक दूसरे पर आरोप- प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस बीच, बाइडन ने हॉवर्ड स्टर्न को दिए इंटरव्यू में एक चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि अपनी पहली पत्नी नीलिया हंटर की मौत के बाद एक बार उन्होंने ब्रिज से कूदकर जान देने के बारे में सोचा था।

**आत्महत्या के लिए पागल होने की जरूरत नहीं :** बाइडन ने आत्महत्या के विचारों के आने का खुलासा किया। उन्होंने कहा, डेलावेयर मेमोरियल ब्रिज पर जाकर बैठता था और सोचता रहता था। मुझे लगता था कि मैं एक स्कॉच की बोतल निकालू। मैंने वास्तव में सोचा था कि आपको आत्महत्या करने के लिए पागल होने की जरूरत नहीं है। यदि आप एक पहाड़ की चोटी पर हैं, तो आपको लगता है कि यह फिर कभी नहीं होगा।

उन्होंने बताया, मैं बस स्कॉच पीने जाता था और नशे में रहता था। एक समय मेरे दिमाग में आया कि मैं डेलावेयर मेमोरियल ब्रिज से कूद जाऊं, लेकिन मेरे दो बच्चे थे। राष्ट्रपति ने कहा कि खुदकुशी के लिए पागल होने की जरूरत नहीं होती है।

**प्यारी महिलाओं ने भेजी थीं अश्लील तस्वीरें :** स्टर्न से बात करते समय राष्ट्रपति बाइडन ने एक बार का किस्सा बताया। उन्होंने मजाक करते हुए बताया कि



जब उनकी शादी नहीं हुई थी और वह सांसद थे तब प्यारी महिलाओं ने ईमेल पर उन्हें कुछ अश्लील तस्वीरें भेजी थीं। उन्होंने मजे लेते हुए कहा, बहुत सारी प्यारी महिलाएं थीं। लेकिन यह लोग बहुत ही अश्लील तस्वीरें भेजती थीं और मैं उन्हें सीक्रेट सर्विस को दे देता था। मैंने सोचा कि कोई सोचेगा कि मैं था। अब सवाल उठता है कि इन तस्वीरों को सीक्रेट सर्विस को क्यों दिया? उनकी रुचि केवल संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपतियों के साथ है, न कि एक सांसद के लिए। बाइडन ने 1973 से 1977 तक एक अविवाहित सांसद के रूप में काम किया है।

**नीलिया हंटर से जुड़ा किस्सा बताया :** बाइडन ने अपनी पहली पत्नी नीलिया हंटर के साथ अपने संबंधों के बारे में भी कुछ दिलचस्प खुलासा किया। उन्होंने कहा, मैंने नीलिया के साथ सोने से पहले ही कह दिया था कि मुझे लगता है कि मैं आपसे शादी करूंगा। हालांकि, 1972 में एक कार दुर्घटना में नीलिया की मौत हो गई थी। बाइडन ने कहा कि वह शनिवार को ग्रिडिरॉन डिनर पर जा रहे हैं। इस दौरान एक गंभीर बात कहूंगा कि स्वतंत्र प्रेस उतना नहीं बोल रहा है जितना वह बोलता था। उन्होंने कहा, मुझे लग रहा है कि वह किसी से (डोनाल्ड ट्रंप) डर रहे हैं। 46 वें अमेरिकी राष्ट्रपति ने नागरिक अधिकारों के विरोध में अपनी भागीदारी की एक सच्ची कहानी भी सुनाई, जिसमें दावा किया गया कि उन्हें एक बार पोर्च पर एक काले परिवार का साथ देने के लिए गिरफ्तार किया गया था। इस पर स्टर्न ने कहा कि आपका करियर कितना ही शानदार है।

## पूर्वी तुर्किस्तान में नरसंहार के खिलाफ उइगर नेताओं ने उठाई आवाज, दुनिया से की चीन पर कार्रवाई की अपील

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** उइगर तुर्क जाति की एक जनजाति है। ये लोग पूर्वी और मध्य एशिया में बसते हैं। उइगरों के खिलाफ चल रहे नरसंहार और चीन द्वारा किए गए अपराधों को संबोधित करते हुए उइगर अधिकार नेताओं ने तत्काल वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया है। ये आह्वान पूर्वी तुर्किस्तान क्षेत्र में कजाख, किर्गिज और अन्य तुर्क जातीय समूहों के लिए किया गया है। बता दें, पिछले साल 22 अप्रैल को अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा मानवाधिकार रिपोर्ट जारी करने के बाद उइगर नेताओं ने आवाज उठाई है।

**वैश्विक कार्रवाई का आह्वान :** निर्वासित पूर्वी तुर्किस्तान सरकार (ईटीजीई) ने एक बयान में कहा, सरकार ने नरसंहार को संबोधित करने के लिए तत्काल और पर्याप्त वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया है। कहा गया है कि चीन द्वारा उइगर, कजाख, किर्गिज और अन्य तुर्क जातीय समूह के खिलाफ अपराध किए जा रहे हैं।

**मानवता के खिलाफ अपराध किए जा रहे :** अमेरिकी विदेश सचिव एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि रिपोर्ट में बताया गया है कि पूर्वी तुर्किस्तान (जिसे बीजिंग झिंजियांग कहता है) में चीन द्वारा अत्याचार और मानवता के खिलाफ अपराध किए जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि इन अपराधों में सामूहिक नजरबंदी, जबरन मजदूरी और लगभग 10 लाख तुर्क बच्चों को जबरन अलग करना शामिल है।

## भगत सिंह पर रखो चौक का नाम, पाकिस्तानी हाईकोर्ट का फैसला



**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने शुक्रवार को यहां शादमान चौक का नाम स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह के नाम पर रखने के मुद्दे पर उच्च न्यायालय से और समय देने की मांग की। लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शम्स महमूद मिर्जा, भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन पाकिस्तान की एक याचिका पर सुनवाई कर रहे थे।

याचिका में शादमान चौक का नाम बदलकर भगत सिंह के नाम पर रखने के अदालत के आदेश का पालन नहीं करने के लिए प्रांतीय और जिला सरकार के तीन शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की मांग की गई थी। उच्च न्यायालय ने 2018 में सरकार को लाहौर स्थित शादमान चौक का नाम भगत सिंह के नाम पर रखने का आदेश दिया था।

भगत सिंह को 93 साल पहले लाहौर में फांसी दी गई थी। पंजाब सरकार के सहायक महाधिवक्ता इमरान खान ने सुनवाई के दौरान अदालत से कहा कि शादमान चौक का नाम स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर रखने की अधिसूचना जारी करने के लिए सरकार को और समय दिया जाना चाहिए।

याचिकाकर्ता के वकील खालिद जमा काकड़ ने दलील दी कि इस मामले में पहले ही काफी देर हो चुकी है। अदालत ने खान की दलील को स्वीकार कर लिया और सुनवाई सात जून तक के लिए स्थगित कर दी।

## गाजा में इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 34,356 हुई

**गाजा, एजेंसी।** गाजा पट्टी में जारी इजरायली हमलों में मरने वाले फिलीस्तीनियों की संख्या बढ़कर 34,356 हो गई है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजरायली सेना ने पिछले 24 घंटों के दौरान 51 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 75 अन्य घायल हो गए। 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 34,356 हो गई है और 77,368 लोग घायल हुए हैं। कुछ पीड़ित अभी भी मलबे के नीचे और सड़कों पर हैं। इजरायली सेना ने एम्बुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल को उन तक पहुंचने से रोक दिया है। इस बीच, इजरायली अधिकारियों ने चिंता जताई कि गाजा के राफा में संभावित जमीनी कार्रवाई से इजरायल के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय कानूनी कार्रवाई हो सकती है। इजरायली पब्लिक कान रेडियो की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल हेग में अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय से एक और खतरे की तैयारी कर रहा है, जिसमें वरिष्ठ इजरायली अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी होने की संभावना है। इजरायली मीडिया के अनुसार, इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने राफा में जमीनी ऑपरेशन की योजना को मंजूरी दे दी है।

# तीन महीने बाद सार्वजनिक जिम्मेदारियां निभाने के लिए तैयार किंग चार्ल्स तृतीय, बकिंघम पैलेस ने दी जानकारी

**लंदन, एजेंसी।** किंग चार्ल्स तृतीय जल्द ही अपनी जिम्मेदारियां निभाने के लिए सार्वजनिक जीवन में लौटने को तैयार हैं। इस साल की शुरुआत में चिकित्सा विशेषज्ञों को कैंसर का पता चला था, जिसके बाद से उनके स्वास्थ्य में लगातार सुधार से काफी खुश थे। बकिंघम पैलेस ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

75 वर्षीय किंग चार्ल्स अगले मंगलवार को अपनी पत्नी क्वीन कैमिला के साथ लंदन के एक कैंसर उपचार केंद्र का दौरा करेंगे। बकिंघम पैलेस ने बयान में कहा, किसी भी स्वास्थ्य जोखिम को कम करने के लिए आगे के सार्वजनिक जिम्मेदारियों वाले कार्यक्रमों को प्रबंधित किया जाएगा। इसमें आगे कहा गया, कैंसर के उपचार और स्वास्थ्य लाभ लेने के बाद किंग चार्ल्स जल्द ही सार्वजनिक जिम्मेदारियों में लौट आएंगे।

बयान में कहा गया, किंग और क्वीन अगले



मंगलवार को एक कैंसर उपचार केंद्र का दौरा करेंगे, जहां वे चिकित्सा विशेषज्ञों और रोगियों से मिलेंगे। आने वाले हफ्तों में किंग द्वारा की जाने वाली कई बाहरी गतिविधियों में यह पहली यात्रा होगी। बकिंघम पैलेस ने कहा कि किंग की मेडिकल टीम अब तक हुई प्रगति से बहुत खुश है। टीम उनके लगातार ठीक होने को लेकर पॉजिटिव बनी हुई है।

छह मई को किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक की पहली वर्षगांठ नजदीक आ रही है। पैलेस ने कहा, शाही परिवार पिछले साल की खुशियों के लिए दुनियाभर से मिली ढेरों शुभकानाओं के लिए बहुत आभारी है।

बकिंघम पैलेस के एक प्रवक्ता ने कहा, किंग चार्ल्स का उपचार जारी रहेगा। डॉक्टर अब तक हुई प्रगति से काफी खुश हैं कि किंग अब कई सार्वजनिक जिम्मेदारियों को निभाने के लिए फिर से सक्षम हैं। किंग के निरंतर स्वास्थ्य में सुधार के लिए किसी भी जोखिम को कम करने के लिए जहां जरूरी होगा, आगामी गतिविधियों को प्रबंधित किया जाएगा। प्रवक्ता ने कहा, जैसे-जैसे किंग के स्वास्थ्य में सुधार होगा, तो उनके कार्यक्रम की गति को उनकी मेडिकल टीम के साथ परामर्श से सावधानीपूर्वक प्रबंधित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि किंग निरंतर देखभाल के लिए अपनी मेडिकल टीम के बहुत आभारी हैं।

## माउंट एरेबस से हर दिन निकल रहा है सोना, लाखों में है कीमत

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** दुनिया के एक कोने में हर दिन सोने की बरसात हो रही है। यह कोई कोरी कल्पना नहीं बल्कि हकीकत है। बर्फ से ढका ज्वालामुखी हर दिन सोना उगल रहा। थोड़ी मात्रा में नहीं बल्कि हर दिन इनता सोना ज्वालामुखी से बाहर आ रहा जिसकी कीमत भारतीय मुद्रा में छह लाख रुपये के करीब है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक माउंट एरेबस से हर दिन सोना निकल रहा है। वैज्ञानिकों ने ऐसा दावा किया है कि यह दुनिया के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक है। यह ज्वालामुखी अंटार्कटिका में है। दुनिया के लगभग दक्षिणी छोर पर स्थित है। इसके दक्षिण में कोई अन्य सक्रिय ज्वालामुखी नहीं हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस एरेबस ज्वालामुखी से गैस, चट्टान और भाप के साथ सोना भी निकल रहा है। एरेबस से निकलने वाला 999 किलोमीटर की दूरी तक फैल गया है। वैज्ञानिक इसका परीक्षण करने सफल हुए हैं लेकिन वे सोने के करीब तक नहीं पहुंच सके। वैज्ञानिकों को करीब हजार किलोमीटर की दूरी से निरीक्षण करना पड़ता है। जहां एरेबस ज्वालामुखी स्थित है, वहां तापमान किसी भी समय शून्य से 50 डिग्री सेल्सियस नीचे जा सकता है। इसलिए वहां जाना बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है। वहां जाने



से लोगों मौत भी हो सकती है। कहां स्थित है माउंट एरेबस रॉस सागर में स्थिति रॉस द्वीप जहां माउंट एरेबस स्थित है। कैप्टन सर जेम्स क्लार्क रॉस ने 1841 में इस द्वीप की खोज की थी। उन्हीं के नाम पर इस द्वीप का नाम रखा गया है। अंटार्कटिका में लगभग 138 ज्वालामुखी हैं। इनमें से नौ सक्रिय हैं। उनमें से सबसे ऊंचा माउंट एरेबस है। इसकी ऊंचाई लगभग 3,794 मीटर (12,448 फीट) है। क्यों नहीं लाया जा सकता सोना नासा के पृथ्वी अवलोकन उपग्रह के अनुसार, माउंट एरेबस ज्वालामुखी पतली परत पर स्थित है। परिणामस्वरूप, पिघली हुई चट्टानें, राख अधिक आसानी से बाहर आ रही हैं। उसके साथ सोना भी निकल रहा है। माउंट एरेबस के क्रेटर में कई लावा झीलें हैं। इनमें से एक 1972 से सक्रिय है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस ज्वालामुखी की स्थिति काफी दुर्लभ है। अंदर जलता हुआ लावा दूसरी ओर ज्वालामुखी बर्फ से ढका हुआ है। तापमान इतना कम है कि साहसी लोग ज्यादा दूर जाने की हिम्मत नहीं करते। इस भौगोलिक स्थिति के कारण माउंट एरेबस पर अनुसंधान करना समस्याग्रस्त है। इसी कारण से, वहां जाना और सोना लेकर एक तरह से असंभव है।

## जिस एयरपोर्ट को करोड़ों खर्च कर बनवाया, श्रीलंका ने उसका कंट्रोल भारत को दिया

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के हम्बनटोटा स्थित मटाला राजपक्षे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के मैनेजमेंट की जिम्मेदारी भारत और रूस की कंपनी को दी गई है। यह फैसला चीन के लिए झटका माना जा रहा है। इस हवाई अड्डे का निर्माण 20.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर में किया गया है। एक समय उड़ानों की कमी की वजह से इसे दुनिया का सबसे सुनसान हवाई अड्डा करार दिया गया था। मटाला हवाई अड्डे का नाम पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के नाम पर रखा गया है। महिंदा राजपक्षे के करीब एक दशक के शासन में कई विशाल आधारभूत संरचना परियोजनाएं शुरू की गई जिनमें से यह एक है। सरकारी प्रवक्ता और मंत्री बांदुला गुणवर्धने ने कहा कि श्रीलंका के मंत्रिमंडल ने 9 जनवरी को संभावित पक्षकारों से रुचि पत्र आमंत्रित करने की मंजूरी दी थी। इसके बाद 5 प्रस्ताव प्राप्त हुए। कैबिनेट की ओर से नियुक्त सलाहकार समिति ने भारत की शौर्य एयरोनॉटिक्स (प्राइवेट) लिमिटेड और रूस की एयरपोर्ट्स ऑफ रीजन्स मैनेजमेंट कंपनी को 30 वर्षों के लिए प्रबंधन करार देने का निर्णय लिया। गुणवर्धने ने बताया कि मंत्रिमंडल ने नागरिक विमानन और हवाई अड्डा सेवा मंत्री की ओर से पेश किए गए प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। चीन ने श्रीलंका को दिया था कॉमर्शियल लोन इस प्रोजेक्ट के लिए चीन ने उच्च ब्याज दर पर



कॉमर्शियल लोन दिया। इस परियोजना पर 20.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर खर्च हुए जिनमें से 19 करोड़ डॉलर की राशि चीन की एग्जिम बैंक ने उच्च ब्याज दर पर मुहैया कराई है। श्रीलंका सरकार 2016 से ही इस हवाई अड्डे के प्रबंधन के लिए वाणिज्यिक साझेदार की तलाश कर रही है क्योंकि उसे इससे भारी नुकसान हो रहा था। यहां यात्रियों की संख्या कम होने की वजह से लगातार उड़ानों की संख्या कम हो गई। साथ ये एयरपोर्ट पर्यावरण के लिहाज से भी काफी संवेदनशील रहा। लगातार घाटे में रहने के कारण एयरपोर्ट के निर्माण पर सवाल उठे। कई एक्सपर्ट ने कहा कि इस एयरपोर्ट का निर्माण करवाकर चीन ने श्रीलंका को एक और कर्ज जाल में फंसाया दिया। अब देखना होगा।

# ब्लिंकन बोले- रूस को उपकरण प्रदान कर रहा चीन, जिनका इस्तेमाल निर्दोष लोगों को मारने के लिए कर रहे पुतिन

**बीजिंग, एजेंसी।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन तीन दिन के बीजिंग दौरे पर हैं। शुक्रवार को उन्होंने यूक्रेन के खिलाफ रूस के आक्रमकता को ताकत देने वाले चीनी उपकरणों के बारे में अमेरिका की गंभीर चिंताओं को दोहराया। उन्होंने कहा कि चीन मशीन टूल्स, माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स और नाइट्रोसेल्यूलोज का शीर्ष आपूर्ति करता है, जिसका इस्तेमाल मॉस्को अपने रक्षा औद्योगिक आधार को बढ़ाने के लिए कर रहा है। इनका इस्तेमाल गोला-बारूद और रॉकेट प्रणोदक को बनाने के लिए किया जाता है।

राजधानी बीजिंग में पत्रकारों से बात करते हुए ब्लिंकन ने कहा, भले ही हम सहयोग को गहरा करने चाहते हैं। लेकिन अमेरिका चीन के द्वारा पैदा की गई चुनौतियों और भविष्य के लिए प्रतिस्पर्धी दृष्टिकोण को लेकर बहुत स्पष्ट है। अमेरिका हमेशा अपने मूल हितों और मूल्यों की रक्षा करेगा।

**अमेरिकी विदेश मंत्री ने पत्रकारों से क्या कहा :** उन्होंने कहा, आज की चर्चा में मैंने चीन को ऐसे उपकरण प्रदान करने के बारे में अपनी गहरी चिंता दोहराई, जो यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध की आक्रामकता



को ताकत प्रदान कर रहे हैं। चीन मशीन टूल्स, माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स, नाइट्रोसेल्यूलोज का शीर्ष आपूर्ति कर्ता है, जिसका इस्तेमाल मॉस्को अपने रक्षा औद्योगिकी आधार को बढ़ाने के लिए कर रहा है। पुतिन इस रक्षा औद्योगिक आधार का इस्तेमाल नागरिक बुनियादी ढांचे को नष्ट करने, निर्दोष बच्चों-महिलाओं और पुरुषों को मारने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।

यूक्रेन और यूरोप की सुरक्षा को खतरा ब्लिंकन ने कहा, रूस चीन के समर्थन के बिना यूक्रेन में अपनी सैन्य कार्रवाई को बनाए रखने के लिए संघर्ष करेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि रूस के रक्षा औद्योगिक आधार को मदद देने से न केवल यूक्रेनी सुरक्षा बल्कि यूरोप की सुरक्षा को भी खतरा है। वांग यी और शी जिनपिंग से की मुलाकात इससे पहले ब्लिंकन ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बैठक की। यह बैठक ब्लिंकन की बीजिंग में चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ पांच घंटे से ज्यादा की बैठक के बाद हुई। ब्लिंकन ने चीन के सुरक्षा मंत्री वांग शियाहोंगे से भी मुलाकात की, जो देश के पुलिस प्रमुख के रूप में कार्यरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### वीवीपीएटी मामले में हम नहीं थे पक्षकार, मुहिम जारी रहेगी : जयराम रमेश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस का कहना है कि वह चुनावी प्रक्रिया में जनता का भरोसा बढ़ाने के लिए वीवीपीएटी के अधिक इस्तेमाल पर राजनीतिक अभियान जारी रखेगी। उसने यह बात तब कही जब सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम के जरिए डाले गए वोट का वीवीपैट के साथ शत-प्रतिशत मिलान कराने संबंधी याचिकाएं खारिज कर दीं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि वीवीपैट पर एससी की ओर से खारिज की गई याचिका में कांग्रेस प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पक्षकार नहीं थी। रमेश ने एक्स पर पोस्ट में कहा, हमने 2 जजों की पीठ के फैसले पर ध्यान दिया है। मगर, चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए वीवीपैट के अधिक से अधिक उपयोग पर हमारा राजनीतिक अभियान जारी रहेगा। जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को कांग्रेस के लिए करारा तमाचा बताए जाने पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब शीर्ष अदालत ने चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया तो भाजपा को करारा तमाचा लगा था। कांग्रेस महासचिव ने अपने पोस्ट में कहा, 'याद रखें कि कुछ हफ्ते पहले सुप्रीम कोर्ट ने भ्रष्टाचार से भरी चुनावी बॉन्ड योजना को न केवल अवैध, बल्कि असंवैधानिक घोषित करके प्रधानमंत्री को करारा तमाचा मारा था।' रमेश ने कहा कि वास्तव में यह प्रधानमंत्री हैं जिन्हें चंदा इकट्ठा करने के अपने चार रास्तों के माध्यम से पिछले 5 वर्षों में 8,200 करोड़ रुपये इकट्ठा करने के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए- मालूम हो कि शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम के माध्यम से डाले गए मतों का 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपीएटी) के साथ पूर्ण सत्यापन की मांग करने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि प्रणाली के किसी भी पहलू पर आंख बंद करके अविश्वास करना अनुचित संदेह पैदा कर सकता है।

### बाहुबली धनंजय सिंह को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका, अपील खारिज, नहीं मिली रिहाई

**इलाहाबाद, एजेंसी।** पूर्व सांसद और बाहुबली धनंजय सिंह को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका मिला है। नमामि गंगे प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण मामले में जौनपुर की स्पेशल कोर्ट एमपी/एमएलए से मिली सात साल की सजा को स्थगित करने और जमानत पर रिहा करने की पूर्व सांसद धनंजय सिंह की अर्जी हाईकोर्ट ने खारिज कर दी।। इससे पहले शनिवार को सुबह आठ बजे धनंजय को जौनपुर जिला जेल से बरेली जेल शिफ्ट किया गया। धनंजय छह मार्च से जौनपुर के जिला कारागार में बंद थे। आपको बता दें कि पूर्वांचल के बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने जौनपुर की विशेष अदालत से मिली सात साल की सजा के खिलाफ पिछले महीने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इस याचिका में उन्होंने सजा पर रोक लगाने और फैसला आने तक जमानत पर रिहा करने की गुहार लगाई थी। नमामि गंगे प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण में मिली सजा के खिलाफ दाखिल अपील पर गुरुवार को हाईकोर्ट में बहस पूरी हो गई थी। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया था। इससे पहले बुधवार को धनंजय की तरफ से अधिवक्ता ने कहा था कि लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए अनुमति दी जाए। अधिवक्ता ने आगे कहा कि ट्रायल के दौरान धनंजय सिंह जमानत पर थे उन्होंने जमानत का कोई दुरुपयोग नहीं किया वह लोकसभा का चुनाव लड़ना चाहते हैं इसलिए उनकी सजा स्थगित कर उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया जाए।



### पश्चिम बंगाल में भाजपा को झटका, बीरभूम से पार्टी उम्मीदवार का नामांकन रद्द, हाई कोर्ट पहुंचा मामला

**बीरभूम, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की बीरभूम संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार देबाशीष धर का नामांकन चुनाव आयोग ने रद्द कर दिया है। धर ने अपने नामांकन के साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा नहीं किया था। वह पूर्व द्धक्र अधिकारी रहे हैं। चुनाव आयोग सूत्रों ने कहा है कि अगर नौकरीशुदा कोई शख्स इस्तीफा देकर चुनाव लड़ता है तो उसे उस विभाग (जहां वह काम करता था) से नो ड्यूज और नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट जमा करना होता है। धर ने अपने नामांकन के साथ यह कागजात नहीं जमा कराए थे, जिसकी वजह से आयोग ने उनका नामांकन रद्द कर दिया है। भाजपा ने अब उनकी जगह देबतनु भट्टाचार्य को बीरभूम सीट से नया उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने नामांकन भी कर दिया है। देबाशीष धर ने हाल ही में आईपीएस अधिकारी के पद से इस्तीफा दिया था और राजनीति में एंट्री ली थी। इसके साथ ही धर ने अपने नामांकन को रद्द करने के फैसले को कलकत्ता हाई कोर्ट में चुनौती दी है। धर ने हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से मामले में तुरंत सुनवाई की अपील की लेकिन चीफ जस्टिस टीएस शिवगणनम ने इससे इनकार कर दिया। बीरभूम में चौथे चरण में 13 मई को मतदान होना है। बता दें कि 2021 में बंगाल विधान सभा चुनावों के बाद ममता सरकार ने देवाशीष धर को निलंबित कर दिया था। उस वक्त धर कूच विहार के एसपी थे।

# सीपीएम को लगने वाला है तगड़ा झटका? बड़े नेता के भाजपा में शामिल होने की अटकलें

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को लोकसभा चुनावों के बीच बड़ा झटका लगने की आशंका है। सीनियर नेता ई. पी. जयराजन के भाजपा में शामिल होने की अटकलों को लेकर राज्य में सत्तारूढ़ वाम दल परेशान दिखे। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने अपने सहयोगी जयराजन को आगाह किया कि वह अपने संबंधों को लेकर सतर्क रहें। विजयन ने सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के संयोजक जयराजन को आगाह किया और स्थानीय कहावत का इस्तेमाल करते हुए कहा, 'अगर भगवान शिव किसी पापी से जुड़ जाते हैं, तो शिव भी पापी बन जाएंगे।' सीएम का यह बयान बीजेपी लीडर शोभा सुरेंद्रन की ओर से जयराजन को अपनी पार्टी में शामिल करने संबंधी प्रयास का जिक्र किए जाने के बाद आया।



2 दिन पहले शोभा ने आरोप लगाया था कि एक मध्यस्थ ने शीर्ष माकपा नेता की मदद करने की कोशिश की थी, जो भाजपा में शामिल होना चाहते थे। गुरुवार को उन्होंने दावा किया कि वह नेता ईपी जयराजन थे। कन्नूर में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में कुछ लोग ऐसे हैं जो हर दिन यह सोचते हुए उठते हैं कि किसे धोखा देना है। भाजपा और जयराजन के बीच कथित मध्यस्थ की भूमिका टी जी नंदकुमार ने निभाई। विजयन ने उनका नाम लिए बिना कहा कि ऐसे लोगों के साथ किसी भी तरह की दोस्ती या परिचय से आमतौर पर बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका अनुभव यह रहा है कि जयराजन का संबंध हमेशा सभी के साथ अच्छा रहता है। आमतौर पर ऐसे मामलों में वह सतर्क नहीं रहते हैं।

**जयराजन की प्रकाश जावड़ेकर से हुई मुलाकात:** सीएम ने राज्य के राजनीतिक हलकों में दलाल के नाम से जाने जाने वाले नंदकुमार का प्रत्यक्ष जिक्र किए बिना कहा कि इस तरह एक व्यक्ति जिसकी राज्य में सबसे संदिग्ध पृष्ठभूमि है, इन सभी घटनाक्रमों का गवाह बनकर सामने आया। विजयन ने कहा कि उन्हें लवलीन मामले में उस व्यक्ति विशेष का संबंध स्पष्ट रूप से पता है, जिसकी लड़ाई वह वर्षों से सुप्रीम कोर्ट में लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों से दोस्ती या परिचय भी अस्वीकार्य है। जयराजन के भाजपा नेता प्रकाश जावड़ेकर से मुलाकात की बात स्वीकारने की मीडिया में प्रकाशित खबरों से संबंधित सवाल का जवाब देते हुए विजयन ने कहा कि ऐसी मुलाकातों में कुछ भी गलत नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने खुद जावड़ेकर से बात की थी।

**यह केवल वामपंथ पर हमला करने का तरीका :** प्रकाश जावड़ेकर के साथ जयराजन की कथित मुलाकात के बारे में सवाल का जवाब देते हुए माकपा के प्रदेश सचिव एम वी गोविंदन ने कहा कि लोग किसी से भी मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल वामपंथ पर हमला करने का तरीका और माकपा के खिलाफ एक राजनीतिक साजिश है। गोविंदन ने कहा, 'राजनीतिक नेताओं के रूप में, हम कई लोगों से मिलते रहते हैं। हाल ही में, मैंने एम एम हसन और भाजपा नेता कृष्णदास से मुलाकात की। हम वहां एक टेलीविजन बहस में हिस्सा लेने गए थे। हमारे बीच दोस्ती है, लेकिन हमारे बीच मजबूत राजनीतिक मतभेद हैं। यह व्यक्तिगत संबंध नहीं, बल्कि राजनीति है, जो मायने रखती है।'

**जयराजन भाजपा में जाते हैं या नहीं, मगर. :** इस बीच, कांग्रेस के प्रदेश प्रमुख के. सुधाकरन ने इस मामले पर जयराजन और माकपा की आलोचना जारी रखी। उन्होंने पूछा कि क्या कोई व्यक्ति बिना किसी संबंध के किसी से मिलने जाएगा। सुधाकरन ने कहा, 'मुझे इसकी परवाह नहीं है कि जयराजन भाजपा में जाते हैं या नहीं। हम उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर चिंतित नहीं हैं। जयराजन को किनारे करने के लिए उस पार्टी के अंदर किसी तरह की साजिश थी। इसलिए वह दूर रह रहे थे।' विवाद के संबंध में मुख्यमंत्री के बयानों के बारे में पूछे जाने पर वरिष्ठ भाजपा नेता और राजग उम्मीदवार शोभा सुरेंद्रन ने आरोप लगाया कि विजयन ने ही हमेशा संदिग्ध पृष्ठभूमि वाले लोगों के साथ संबंध बनाए रखे। उन्होंने विजयन पर राज्य में कम्युनिस्ट पार्टी की बदहाली का कारण बनने का भी आरोप लगाया।

## भजनलाल सरकार का एक्शन, दूदू कलेक्टर पर आधी रात को एसीबी का छापा

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में भजनलाल सरकार ने बड़ी मछलियों पर एक्शन लेना शुरू कर दिया है। एसीबी ने शुक्रवार आधी रात को दूदू कलेक्टर के ठिकानों पर छापे मारे है। भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर यह कार्रवाई की है। एसीबी सूत्रों के अनुसार दूदू कलेक्टर पर हनुमान मल ढाका पर भू-रूपांतरण के लिए 25 लाख रुपये मांगने का आरोप था। घूस मांगने के आरोप में शुक्रवार रात करीब 1 बजे एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने दूदू कलेक्टर हनुमान मल ढाका और पटवारी हंसराज के यहां छापेमारी की। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के डीआईजी डॉ रवि के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयपुर नगर सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में सर्च कार्रवाई की गई। जिला कलेक्टर दूदू के निवास स्थान डाक बंगला दूदू और तहसील कार्यालय दूदू पर तलाशी की कारवाई की गई। जिला कलेक्टर और पटवारी पर जमीन के कन्वर्जन की एवज में 25 लाख रुपये रिश्वत राशि मांगने का आरोप है। अनुसंधान में प्रारंभिक तौर पर परिवादी की शिकायत जिसमें रिश्वत राशि मांग का सत्यापन का प्रकरण बनना पाया जाने पर न्यायालय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जयपुर से सर्च वारंट प्राप्त किया गया, सर्च वारंट प्राप्त कर जिला कलेक्टर दूदू के निवास स्थान डाक बंगला दूदू और तहसील कार्यालय दूदू में तलाशी की कार्रवाई की गई।

छापेमारी के बाद एसीबी ने दूदू जिला कलेक्टर और पटवारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार का प्रकरण दर्ज किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय के निर्देश पर जिला कलेक्टर दूदू हनुमान मल ढाका और दूदू पटवारी हंसराज हल्का पटवारी के खिलाफ रिश्वत मांगने के संबंध में शुक्रवार को पीसी एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रकरण दर्ज कर निवास स्थान डाक बंगला दूदू, और तहसील कार्यालय दूदू में तलाशी ली गई। डीआईजी डॉ रवि ने बताया की एसीबी में परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी फर्म के नाम से 240 बीघा जमीन है, जिसमें से कुछ खसरे तालाब, पाल क्षेत्र में होने के कारण कन्वर्जन करवाए जाने की बात को लेकर कलक्टर के पास शिकायत थी, जिस पर कार्रवाई नहीं करने की एवज में दूदू कलेक्टर और पटवारी ने रिश्वत की डिमांड की, 25 लाख रु. रिश्वत की डिमांड करते हुए 21 लाख रुपए लेना तय किया, लेकिन परिवादी द्वारा 21 लाख रुपए ज्यादा होना बताने पर 15 लाख रुपए में सौदा तय हुआ। जिसमें 7.5 लाख कलेक्टर द्वारा अपने डाक बंगले पर मंगवाया जाना रिकॉर्डिंग वार्ता में स्पष्ट हुआ। एसीबी द्वारा प्रारंभिक जांच में दूदू कलेक्टर हनुमान मल ढाका और दूदू हल्का पटवारी हंसराज द्वारा रिश्वत की मांग करने का सत्यापन हुआ, जिस पर कलक्टर, पटवारी के खिलाफ पीसी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर सर्च कार्रवाई की गई।

## बिहार से उत्तर प्रदेश लाए जा रहे थे 95 बच्चे, बाल आयोग ने अयोध्या में किया रेस्क्यू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश बाल आयोग ने शुक्रवार को ष्में 95 बच्चों को बचा लिया। उन्हें अवैध रूप से बिहार से उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा था। अयोध्या बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी ने बताया कि शुक्रवार सुबह यूपी बाल आयोग की सदस्य सुचित्रा चतुर्वेदी से सूचना मिलने के बाद सीडब्ल्यूसी सदस्यों ने बच्चों को बचाया। उन्होंने कहा, सुबह करीब 9 बजे यूपी बाल आयोग की सदस्य सुचित्रा चतुर्वेदी ने फोन किया और कहा कि बिहार से नाबालिग बच्चों को अवैध रूप से सहारनपुर ले जाया जा रहा है। वे गोरखपुर में हैं और अयोध्या होते हुए जाएंगे। हमने बच्चों को बचाया और उन्हें खाना दिया गया। उन्होंने बताया कि जिन बच्चों को बचाया गया उनकी उम्र 4-12 साल के बीच थी। उन्होंने कहा, जो लोग बच्चों को लाए थे उनके पास माता-पिता से कोई सहमति पत्र नहीं था। बच्चों की उम्र 4-12 वर्ष के बीच है और उनमें से अधिकांश ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि उन्हें कहां ले जाया जा रहा है। माता-पिता से संपर्क किया जा रहा है और बच्चों को माता-पिता को सौंप दिया जाएगा। इससे पहले, बिहार से विभिन्न राज्यों के मदरसों में भेजे जा रहे बच्चों के एक समूह को उत्तर प्रदेश राज्य बाल आयोग ने गोरखपुर में बचाया था। बच्चों को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के आदेश पर राज्य बाल पैनल द्वारा बचाया गया था।

# कांग्रेस मुसलमानों को गोमांस खाने का अधिकार देना चाहती है, योगी आदित्यनाथ का बड़ा हमला

**लखनउ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को गोमांस खाने का अधिकार देना चाहती है और यह गोहत्या की अनुमति देने के समान है। एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, ये बेशर्म लोग गौमांस खाने का अधिकार देने का वादा करते हैं, जबकि हमारे ग्रंथ गाय को माता कहते हैं। वे गायों को कसाई के हाथों में सौंपना चाहते हैं। क्या भारत इसे कभी स्वीकार करेगा?

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद का खाना खाने की आजादी देना चाहते हैं, मतलब वे गोहत्या की अनुमति देने की बात कर रहे हैं। आपको बता दें कि योगी आदित्यनाथ संभल लोकसभा सीट के लिए भाजपा उम्मीदवार परमेश्वर लाल सैनी के लिए समर्थन जुटाने के लिए मुरादाबाद जिले के बिलारी में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया भाषणों को दोहराते हुए सीएम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस स्त्रीधन को जब्त करने और इसे रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के बीच वितरित करने का इरादा रखती है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में लोगों की संपत्ति के एक्स-रे की बात कही है।

उन्होंने कहा, इसका मतलब यह है कि अगर किसी के घर में चार कमरे हैं, तो वे उनमें से दो कमरे छीन लेंगे। इतना ही नहीं, कांग्रेस कहती है कि वह महिलाओं के आभूषणों पर कब्जा कर लेगी, देश इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने यूपीए सरकार के तहत 2004 से 2014 तक ऐसे प्रयास किए थे। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने कर्नाटक में एससी, एसटी और ओबीसी को दिए गए आरक्षण में से मुसलमानों को कोटा देने की कोशिश की थी।

उन्होंने सच्चर समिति की सिफारिशों का जिक्र किया और कहा कि कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी के कोटे में से उन्हें छह प्रतिशत आरक्षण देकर इसे लागू करना चाहती थी। उन्होंने कांग्रेस पर दोहरे मापदंड का आरोप लगाते हुए दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस देश को और विभाजित करने की साजिश रच रही है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऐसा कहा जा रहा है कि भाई-बहन (राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा) भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या जाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, जब उनकी सरकार थी तो वे भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते थे। लेकिन देवता सभी के हैं। यह उनके दोहरे मानकों का उदाहरण है। आदित्यनाथ ने कहा कि जो लोग भारत माता की जय और वंदे मातरम बोलने में झिझकते हैं, उन्हें उनका वोट नहीं मिलना चाहिए।

## कोरोना काल में एंटीबायोटिक दवाओं का खूब हुआ इस्तेमाल, क्या इससे आपकी सेहत को गंभीर खतरा?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोरोना महामारी के दौरान एंटीबायोटिक दवाओं का काफी इस्तेमाल हुआ। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे लेकर अब एक रिपोर्ट तैयार की है। इसके मुताबिक, इन दवाओं का अत्यधिक यूज होने से एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस का स्तर तेजी से बढ़ गया। इसका मतलब यह है कि रोगाणुरोधी प्रतिरोधक क्षमता पर असर पड़ा। रिपोर्ट में पाया गया कि हॉस्पिटल में भर्ती कोविड-19 से पीड़ित केवल 8 प्रतिशत लोगों में बैक्टीरियल को-इंफेक्शन था। ऐसे मामलों में इसकी आवश्यकता थी, मगर तीन-चौथाई रोगियों को एंटीबायोटिक्स दिए गए। सबसे अधिक एंटीबायोटिक का इस्तेमाल गंभीर रोगियों में देखा गया, जिसका वैश्विक औसत 81 प्रतिशत है।

रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्वी भूमध्यसागरीय और अफ्रीकी देशों में एंटीबयोटिक दवाओं का सबसे अधिक 83 प्रतिशत इस्तेमाल हुआ। ये नतीजे 3 साल की अवधि के लिए 65 देशों के क्लिनिकल डेटा के आधार पर निकाले गए। इसके अनुसार, सबसे बड़ी चिंता यह रही कि वॉच एंटीबायोटिक्स का विश्व स्तर पर सबसे अधिक बार इस्तेमाल देखा गया। इनमें उच्च प्रतिरोध क्षमता होती है। विषाणु, जीवाणु, फफूंदी और अन्य परजीवों में समय बीतने के साथ कुछ बदलाव होते हैं। इसके कारण रोगाणुरोधी प्रतिरोध विकसित हो जाता है। इस स्थिति में एंटीबायोटिक और अन्य जीवनरक्षक दवाएं अनेक प्रकार के संक्रमणों पर असर नहीं कर पातीं।



**कोरोना महामारी के दौरान स्वास्थ्य संगठन ने दिए थे सुझाव :** यूएन एजेंसी की प्रवक्ता डॉक्टर मार्गरेट हैरिस ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान स्वास्थ्य संगठन की ओर से कुछ सुझाव दिए गए थे। किसी भी समय कोविड-19 के इलाज के लिए एंटीबायोटिक दवा का इस्तेमाल करने की सिफारिश नहीं की गई। उन्होंने कहा, एकदम साफ शब्दों में बताया गया कि यह एक वायरस है। इसलिए ऐसा नहीं था कि किसी तरह के दिशानिर्देश हो कि स्वास्थ्यकर्मियों को इस दिशा में जाना है। मगर, लोग एक नई चीज का सामना कर रहे थे। वे किसी भी तरह इसका खोज रहे थे। ऐसे स्थिति में कई सारे कदम उठाए गए। आंकड़ों के अनुसार, पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में कोविड-19 संक्रमितों के इजाल में 33 फीसदी को एंटीबायोटिक दवाएं दी गईं। पूर्वी भूमध्यसागर व अफ्रीकी क्षेत्र में यह संख्या 83 प्रतिशत थी।

## नीतीश कुमार के दावे को मल्लिकार्जुन खड़गे ने किया खारिज, बोले- मेरे कारण बना इंडिया गठबंधन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजयी रथ को रोकने के लिए तैयार इंडिया गठबंधन को लवेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नया दावा किया है। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री और जेडीयू के मुखिया नीतीश कुमार के उस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है जिसमें वह लगातार कह रहे हैं कि उनके कारण है इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस का गठन हुआ। खड़गे ने कहा कै हि उनकी सलाह पर ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में पहली बैठक बुलाई थी। ऐसे में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का यह दावा बेबुनियाद है कि इंडिया गठबंधन उन्होंने बनाया था।

अपने सरकारी आवास 10, राजाजी मार्ग पर 'हिन्दुस्तान' के साथ बातचीत करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि उन्होंने और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सभी पार्टियों के नेताओं को बुलाकर बातचीत की। 25-26 पार्टियों के नेताओं के साथ जब गठबंधन पर सहमति बन गई, तो यह प्रश्न आया कि पहली बैठक कहां करनी है। खड़गे कहते हैं कि उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पटना में इंडिया गठबंधन की पहली बैठक करने की सलाह दी थी, क्योंकि वह सरकार में थे। इसके साथ उन्होंने दूसरी पार्टियों के नेताओं को पटना में पहली बैठक के लिए रजामंद किया, पर नीतीश कुमार बोल रहे हैं कि उन्होंने सब कुछ किया था। कांग्रेस ने कुछ नहीं किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने इशारों-इशारों में इस बात पर खुशी जताई कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहले ही इंडिया गठबंधन छोड़ दिया। खड़गे ने अपने खास अंदाज में कहा कि अच्छा हुआ है कि वह शादी से पहले ही निकल गए। शादी के बाद जाते तो बहुत नुकसान होता। ऐसे में नीतीश कुमार की गठबंधन के गठन में कोई भूमिका नहीं है। उनसे जब पूछा गया कि- क्या प जीत सकते हैं? इसके लिए नतीजों का इंतजार करना होगा, लेकिन इसी गठबंधन की राजनीति की वजह से यूपी और बिहार में कांग्रेस को खत्म होते देखा गया है। इन राज्यों में पार्टी को मजबूत करने के लिए पार्टी कोई रणनीति बना रही है? इसके जवाब में खड़गे ने कहा- अभी नहीं हो सकता है। इस वक्त जितना हो सकता है, हम कोशिश कर रहे हैं। हम गठबंधन में हैं। गठबंधन में एक-दूसरे को जगह नहीं देंगे, तो गठबंधन कैसे चलेगा? इसके लिए हमारी पार्टी ने त्याग किया है।



# मुसलमान भी हैं माधवी लता के फैन, संकट में असदुद्दीन ओवैसी, हैदराबाद में कांटे की टक्कर

**हैदराबाद , एजेंसी।** हैदराबाद की लड़ाई इस लोकसभा चुनाव में काफी रोचक हो चुकी है। बीजेपी ने इस सीट से माधवी लता को अपना कैंडिडेट बनाया है। तेलंगाना के सभी 17 लोकसभा सीटों में सबसे हाईप्रोफाइल हैदराबाद में उनका मुकाबला एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी से है। यह सीट 1984 से ही ओवैसी परिवार के पास है। माधवी लता अपने बयानों से लोकर अपने सामाजिक कार्यों को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में उनकी जमकर तारीफ की थी। 49 साल की माधवी लता पेशे से कारोबारी होने के साथ-साथ समाजसेवी भी हैं और लंबे समय से मुस्लिम-बहुल पुराने शहर में सक्रिय हैं। कोई विशेष राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं होने के बावजूद माधवी लता अपना सियासी वजूद साबित करने के लिए पूरा जोर लगा रही हैं। पेशेवर भरतनाट्यम नृत्यांगना माधवी लता ने तेलुगु और तमिल फिल्मों में अभिनय भी किया है। वह 2018 में भाजपा में शामिल हो गईं और 2019 में आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में गुंटूर पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतरीं। हालांकि इस चुनाव में उन्हें हार मिली।

**मुस्लिमों के बीच भी लोकप्रिय हैं माधवी लता :** मुस्लिम समाज में लोकप्रिय माधवी लता को उम्मीदवार बनाये जाने का एक कारण यह रहा कि वह मुस्लिम महिलाओं के उत्थान के लिए काम करती हैं और उनके बीच काफी लोकप्रिय हैं। साथ ही प्रखर वक्ता होना भी उनके पक्ष में है। माधवी लता निराश्रित मुस्लिम महिलाओं की आर्थिक मदद भी करती रही हैं। उन्होंने तीन तलाक के खिलाफ अभियान भी चलाया था। खुद माधवी लता दावा करती हैं कि उन्हें चुनाव में मुस्लिम महिलाओं का सहयोग मिलेगा। माधवी लता का दावा है कि वह एक साल से इस निर्वाचन क्षेत्र में काम कर रही हैं। इस चुनाव में ओवैसी को माधवी से जोरदार चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। हैदराबाद सीट एआईएमआईएम का गढ़ रही है। ओवैसी जहां मुस्लिम चेहरा हैं, वहीं माधवी लता की छवि कट्टर हिंदुत्व समर्थक की है। दोनों के बीच विचारधारा की लड़ाई है। एक विधानसभा सीट भाजपा के पास सात विधानसभा सीटों वाली हैदराबाद लोकसभा सीट में करीब 19 लाख मतदाता हैं। हैदराबाद में जो सात विधानसभा सीटें हैं, उनमें सिर्फ एक सीट गोशामहल में भाजपा विधायक केटी राजा सिंह हैं। बाकी सीटों पर एआईएमआईएम के विधायक हैं।





**सोशल मीडिया पर सक्रिय :** माधवी लता लातम्मा फाउंडेशन और लोपामुद्रा चैरिटेबल ट्रस्ट की ट्रस्टी हैं। माधवी लता का हैदराबाद में एक अस्पताल भी है। वह इस अस्पताल की प्रमुख हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं और हिंदू समर्थक रुख के कारण सुर्खियों में रहती हैं। माधवी लता एक गौशाला भी चलाती हैं और स्कूलों और कॉलेजों में हिंदुत्व और भारतीय संस्कृति पर नियमित रूप से भाषण देती हैं।

सात्विक प्रो0 प्रा0 लि0 कोलकता, पं0 बंगाल के लिए प्रकाशक और मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा स्वप्नोनीर अपार्टमेंट, राजरहाट, कोलकता तथा दलादिली सिमलिया से मुद्रित। संपादक - निभा रंजन सुमन 7033777771 स्थानीय संपादक पवन कुमार सिन्हा 7091094434 सभी तरह के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय में होगा।